# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, बुधवार 17 जून 2026


एयर इंडिया की नई पहल

## एयर इंडिया लाई 'बेसिक फेयर' स्कीम, खाना छोड़ें, पैसे बचाएं



**नई दिल्ली।** हवाई यात्रियों को सस्ती टिकट का विकल्प देने के लिए एयर इंडिया ने घरेलू उड़ानों में बिना मुफ्त भोजन के मूल किराया (बेसिक फेयर) विकल्प पेश किया है। यह सुविधा केवल इकॉनमी श्रेणी के कुछ चुनिंदा घरेलू मार्गों पर परीक्षण के तौर पर शुरू की गई है।






मोहन कैबिनेट ने जरूरतमंदों के बेहतर इलाज के लिए बड़ा फैसला किया

# चुनिंदा जिलों में ट्रस्ट व एनजीओ से खुलवाएंगे टॉप क्लास अस्पताल

**मंत्रिमंडलीय उप कमेटी का गठन**

कैबिनेट ने ट्रस्ट व निजी संस्थाओं के जरिए सर्व सुविधायुक्त अस्पतालों के संचालन के लिए मंत्रिमंडलीय उप कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी में स्वास्थ्य मंत्री व उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह, एमएसएमई मंत्री चैतन्य काश्यप, राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल व श्रीमती राधा सिंह को शामिल किया गया है

रीवा, देवास और गुना के 18 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को आउटसोर्स माध्यम से संचालित किए जाने के पायलट प्रोजेक्ट को मंजूरी



कैबिनेट बैठक लेते सीएम

- **इन अस्पतालों में मरीजों को सभी तरह की विश्व स्तरीय सुविधाएं मिलेंगी**
- **एक कमेटी अस्पताल को बनाने, संचालन करने आदि को लेकर रिपोर्ट तैयार करेगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र कैबिनेट ने जरूरतमंदों के बेहतर इलाज के लिए मंगलवार को एक बड़ा फैसला लिया है। इसके जरिए प्रदेश के चुनिंदा जिलों में विश्व स्तरीय सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल खोलने का निर्णय लिया गया है। इन अस्पतालों में मरीजों को सभी तरह की विश्व स्तरीय सुविधाएं मिलेंगी। ऐसे गरीब मरीज जो किसी कारण से अपना बेहतर इलाज नहीं करा पाते, उन्हें काफी कम राशि में या निः शुल्क उच्च कोटि की चिकित्सा व्यवस्था मुहैया कराई जाएगी। इन अस्पतालों का संचालन, निर्माण व सभी तरह की व्यवस्थाएं परोपकारी संस्थाओं, ट्रस्ट या निजी संस्थाओं के जिम्मे होगा। कैबिनेट की बैठक मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई। इसमें आधा दर्जन से अधिक मुद्दों को मंजूरी दी गई। कैबिनेट ने ट्रस्ट व निजी संस्थाओं के जरिए सर्व सुविधायुक्त अस्पतालों के संचालन के लिए मंत्रिमंडलीय उप कमेटी का गठन किया है।

### स्वास्थ्य सुविधाओं का अध्ययन करेगी कमेटी

कैबिनेट में लिए गए निर्णय के संबंध में एमएसएमई मंत्री चैतन्य काश्यप ने बताया कि राज्य में गुणवत्तापूर्ण तृतीयक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा परोपकारी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए मप्र (परोपकारी संस्थाओं के लिए) मेगा स्वास्थ्य सेवा अधोसंरचना प्रोत्साहन नीति-2026 को लागू किए जाने के प्रस्ताव पर 5 सदस्यीय मंत्रिमंडलीय उप समिति का गठन किया है। उप समिति प्रदेश में विश्वस्तरीय तृतीयक एवं सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल स्थापित करना, चिकित्सा शिक्षा का विस्तार विशेषज्ञ व एमबीबीएस डॉक्टर तैयार करना, गरीब मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार की गारंटी, अन्य राज्यों में मरीजों के पलायन को कम करना, स्वास्थ्य संकेत कों एमएमआर और आइएमआर में सुधार करने एवं रोगियों को उन्नत सुपर स्पेशियलिटी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने आदि का अध्ययन कर अपनी रिपोर्ट देगी। इसी रिपोर्ट के आधार पर नीति बनाई जाएगी।

### तीन जिलों की 18 सीएचसी को पीपीपी मोड पर चलाएंगे

कैबिनेट ने रीवा, देवास और गुना में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को आउटसोर्स माध्यम से संचालित किए जाने के पायलट प्रोजेक्ट को मंजूरी दी है। इसके तहत उक्त तीनों जिलों के 18 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का संचालन आउटसोर्स प्रणाली (पीपीपी मोड) से किए जाने संबंधी पायलट परियोजना संचालित किए जाने की स्वीकृति प्रदान की है। कुल तीन ज़िलों रीवा, देवास तथा गुना में चिन्हित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों जहां चिकित्सकों के अधिकांश पद रिक्त है, उनका संचालन आउटसोर्स प्रणाली से किए जाने के लिए पायलट परियोजना संचालित किए जाने की मंजूरी प्रदान की गई है।

**52वां जी 7 शिखर सम्मेलनः** फ्रांस में जुटे दिग्गज


# 16 महीने बाद फ्रांस में पीएम मोदी और ट्रंप की गर्मजोशी से मुलाकात

एजेंसी ▶▶ एवियन

फ्रांस के एवियन में आयोजित 52वें जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच करीब 16 महीने बाद पहली आमने-सामने की मुलाकात हुई। इस वैश्विक महामंच पर दोनों नेताओं के बीच बेहद गर्मजोशी देखने को मिली, जहां दोनों ने एक-दूसरे से हाथ मिलाया और कुछ देर संक्षिप्त बातचीत की। हालांकि, इस अनौपचारिक मुलाकात में हुई चर्चा का आधिकारिक विवरण अभी सामने नहीं आया है, लेकिन इसने बुधवार को दोनों देशों के बीच होने वाली बेहद महत्वपूर्ण और औपचारिक द्विपक्षीय बैठक की मजबूत पृष्ठभूमि तैयार कर दी है। यह मुलाकात बेहद संवेदनशील और जटिल वैश्विक राजनीतिक माहौल के बीच हो रही है, जिसके पीछे दोनों देशों के गहरे रणनीतिक और आर्थिक हित जुड़े हुए हैं। इस समय समिट के इतर दोनों नेताओं के बीच एक महत्वाकांक्षी द्विपक्षीय व्यापार समझौते का खाका तैयार है, जिस पर पिछले कई महीनों से लगातार काम चल रहा है।



पीएम मोदी और ट्रंप




जी 7 में दिग्गज

- **व्यापार और सुरक्षा पर अहम वार्ता का मंच तैयार**
- **वैश्विक मंच पर दिखी भारत अमेरिका की मजबूत दोस्ती**

### वैश्विक मंच पर रणनीतिक साझेदारी

यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक स्तर पर तनाव बना हुआ है। होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिका द्वारा की गई नाकेबंदी से भारत के वाणिज्यिक हित सीधे प्रभावित हो रहे हैं, और हाल ही में भारतीय चालक दल वाले तेल टैंकरों पर हमले भी हुए हैं। ऐसे में इस मंच के जरिए भारत समुद्री सुरक्षा से जुड़ी अपनी गंभीर चिंताओं को सीधे अमेरिका के सामने रख सकेगा। हालांकि इस जी7 शिखर सम्मेलन का मुख्य फोकस वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला, अंतर्राष्ट्रीय एकजुटता और स्वच्छ ऊर्जा जैसे विषयों पर केंद्रित है, लेकिन वैश्विक मंच पर पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप की इस केमिस्ट्री ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि भारत और अमेरिका की रणनीतिक साझेदारी कितनी गहरी और महत्वपूर्ण है।






आज भी ऐसा ही रहेगा मौसम का मिजाज

# भोपाल सहित 40 शहरों में प्री-मानसून की आंधी-बौछारें

**खजुराहो और नौगांव में 42 डिग्री पार गर्मी**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के 40 से अधिक शहरों में मंगलवार को सुबह से शाम के बीच तेज से मध्यम हवाओं के साथ बौछारें पड़ीं। इस बीच भोपाल सहित अधिकांश जिलों में दिन के तापमान में तेजी से बढ़त रही। नौगांव और खजुराहो में पारा 42.2 डिग्री तक रहने से तेज गर्मी और उमस महसूस की गई। भोपाल में 2.5 डिग्री बढ़कर 37 डिग्री रहा, जबकि सर्वाधिक बढ़त राजगढ़ में 2.8 डिग्री की रही। पश्चिमी प्रदेश में औसत अधिकतम पारा 38 और पूर्वी हिस्से में 40 डिग्री रहा है। मौसम केंद्र के अनुसार बुधवार को भी प्रदेश में मौसम ऐसा ही रहेगा।

स्वास्थ्य मंत्रालय का बड़ा फैसला

# अब बिना डॉक्टर की पर्ची के नहीं मिलेगी कफ सिरप

**मप्र और राजस्थान में दूषित कफ सिरप से हो चुकी कई मौतें**



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में कफ सिरप और अन्य लिक्विड दवाओं के अनियंत्रित इस्तेमाल पर लगाम लगाने के लिए केंद्र सरकार ने एक बेहद बड़ा और कड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी एक नए नोटिफिकेशन के तहत अब खांसी की सिरप (कफ सिरप) समेत सभी तरह की सिरप को बिना डॉक्टर की पर्ची के (ओवर-द-काउंटर) नहीं खरीदा जा सकेगा। अब फार्मेसी या मेडिकल स्टोर से कोई भी सिरप लेने के लिए डॉक्टरों का प्रिस्क्रिप्शन दिखाना अनिवार्य होगा। सरकार का यह सख्त फैसला मप्र और राजस्थान में दूषित कफ सिरप पीने से हुई बच्चों की दुखद मौतों के कुछ महीनों बाद आया है।

ट्विशा डेथ केस : गिरिबाला सिंह और उनके बेटे की न्यायिक हिरासत बढ़ी

# गिरिबाला की मांगः ट्विशा के परिजनों की मीडिया से बात पर पाबंदी लगे, वकीलों से मुलाकात का वक्त फिक्स न हो

- सीबीआई ने कोर्ट में कहा कि हमें अभी ट्विशा की दूसरी पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं मिली
- दिल्ली एम्स की ओर से आए वकील ने सेकंड पीएम के लिए 27 जून तक का समय मांगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल






गिरिबाला और समर्थ

> सीबीआई ने जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सिस्टम के माध्यम से आरोपियों को जिला न्यायालय में पेश किया

एक्ट्रेस ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत के मामले में न्यायिक हिरासत में गांधी नगर केंद्रीय जेल भोपाल में बंद ट्विशा शर्मा की सास सेवानिवृत्त प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिबाला सिंह और ट्विशा शर्मा के पति समर्थ सिंह को मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सिस्टम के माध्यम से जिला न्यायालय में पेश किया गया। इस दौरान मामले की जांच कर रही सीबीआई के अधिकारियों ने आवेदन प्रस्तुत कर मामले की विवेचना अपूर्ण होने का हवाला देते हुए गिरिबाला सिंह और समर्थ सिंह की न्यायिक हिरासत की अवधि 14 दिन के लिए आगे बढ़ाने का आग्रह किया। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शोभना भलावी ने सीबीआई के आग्रह को स्वीकार करते हुए दोनों मां-बेटे को 30 जून तक न्यायिक हिरासत में हिरासत में गांधी नगर केंद्रीय जेल भोपाल में रखने के आदेश दिए हैं।

**1** 13 टेक्नोलॉजी क्षेत्रों से 120 स्टार्टअप्स पर होगा काम

**2** 20 से ज्यादा प्रमुख संस्थानों की रहेगी भागीदारी

**3** 350 से अधिक ग्लोबल इन्वेस्टर्स और वेंचर कैपिटलिस्ट्स शामिल

### भारत इनोवेट्स 2026 करीब 100 मिलियन डॉलर के समझौतों पर किए हस्ताक्षर

# डीप-टेक स्टार्टअप्स, निवेश और नवाचार को गति देंगे आईआईटी मद्रास और आईआईटीएम ग्लोबल


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास और आईआईटीएम ग्लोबल ने फ्रांस के नीस शहर में आयोजित 'भारत इनोवेट्स 2026' के पहले दिन सात वाणिज्यिक और दो संस्थागत समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया। संस्थान के अनुसार, इन समझौतों से लगभग 100 मिलियन डॉलर के आर्थिक मूल्य सृजन की संभावना है। आईआईटी मद्रास की ओर से जारी बयान के मुताबिक, सात वाणिज्यिक समझौते भारतीय डीप-टेक स्टार्टअप्स को मुख्य रूप से फ्रांस सहित अंतरराष्ट्रीय भागीदारों से जोड़ते हैं, जबकि दो संस्थागत समझौते वैश्विक बाजारों तक पहुंच, निवेश और नवाचार को गति देने के उद्देश्य से किए गए हैं। आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रोफेसर वी. कामकोटी ने कहा, भारत इनोवेट्स 2026 भारतीय



डीप-टेक क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक अवसर साबित हुआ है। ये समझौते केवल औपचारिक दस्तावेज नहीं हैं, बल्कि व्यावसायिक रूप से क्रियान्वित किए जा सकने वाले और मजबूत वित्तीय प्रतिबद्धताओं से समर्थित समझौते हैं। भारत के प्रमुख उच्च शिक्षण संस्थानों ने दिखाया है कि भारतीय नवाचार वैश्विक मंच पर नेतृत्व करने के लिए तैयार है। एक समझौते के तहत आईआईटीएम ग्लोबल और अगना कैपिटल ने मिलकर 'भारत इनोवेट्स फंड' स्थापित करने का निर्णय लिया है, जिसका उद्देश्य उच्च क्षमता वाले डीप-टेक स्टार्टअप्स में निवेश को बढ़ावा देना है। इसके अलावा, आईआईटीएम ग्लोबल और साउथवेस्ट एक्स के बीच हुई साझेदारी भारतीय स्टार्टअप्स को जर्मनी और फ्रांस जैसे बड़े यूरोपीय बाजारों तक पहुंच और विस्तार में मदद करेगी। समझौतों के साथ-साथ आईआईटी मद्रास ने अपने अनुसंधान समूहों और स्टार्टअप इकोसिस्टम द्वारा विकसित कई अत्याधुनिक तकनीकों का प्रदर्शन भी किया। इनमें हाइपरलूप परिवहन प्रणाली, 5जी और 6जी संचार तकनीक, पोर्ट ऑटोमेशन, लैब-ग्रोन डायमंड तकनीक और ऊर्जा दक्ष स्वदेशी कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रणालियां शामिल रहीं।

## इनोवेशन में मजबूत सहयोग की तलाशः केंद्रीय मंत्री गोयल



केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में टेक्नोलॉजी, इनोवेशन और रणनीतिक क्षेत्रों में भारत-फ्रांस की साझेदारी को नई गति मिल रही है। उन्होंने फ्रांसीसी कंपनियों और निवेशकों को भारत की विकास यात्रा में भागीदार बनने का आमंत्रण दिया। पीयूष गोयल अपनी फ्रांस यात्रा के दौरान जाने-माने वकील और आईआईटी दिल्ली बोर्ड के चेयरमैन हरीश साल्वे द्वारा आयोजित डिनर में शामिल हुए। इस डिनर में भारत और फ्रांस के प्रमुख इंडस्ट्री लीडर्स, एकेडेमिया, रिसर्चर्स और इनोवेटर्स ने हिस्सा लिया।पीयूष गोयल ने यूरोप के सबसे बड़े साइंस और टेक्नोलॉजी हब सोफिया एंटीपोलिस का दौरा किया। इसे यूरोप की सिलिकॉन वैली बताया जाता है। इस टेक पार्क में 2,600 से अधिक कंपनियां काम कर रही हैं। मंत्री ने कहा कि यह हब रिसर्च, टैलेंट और एंटरप्राइज के सफल मॉडल का उदाहरण है। उन्होंने वहां मौजूद इंडस्ट्री लीडर्स को भारत में निवेश, सहयोग और बिजनेस विस्तार के अवसरों पर विचार करने का निमंत्रण दिया।

## खबर संक्षेप

### बचाए गए 21 चालक दल से मिले भारतीय राजदूत

**दुबई।** ओमान में भारत के राजदूत प्रशांत पिसे ने अमेरिकी हमले का शिकार हुए तेल टैंकर एमटी



सेतेबेलो से सुरक्षित बचाए गए चालक दल के 21 भारतीय सदस्यों की स्वदेश वापसी से पहले मंगलवार को उनसे मुलाकात की। अमेरिका ने 10 जून को पलाऊ के ध्वज वाले तेल टैंकर एमटी सेतेबेलो पर हमला किया था, जिसमें सवार 24 भारतीय नाविकों में से तीन की मौत हो गई थी। ओमान स्थित भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हमले के समय एमटी सेतेबेलो ओमान के तट से लगभग 30 समुद्री मील की दूरी पर था।

### हेमकुंड साहिब से लौट रहे निहंगों ने किया हमला

**देहरादून।** उत्तराखंड के चमोली जिले के कर्णप्रयाग का एक हैरान कर देने वाला वीडियो सामने आया



है, जिसमें स्थानीय लोग और श्रद्धालुओं के बीच मारपीट हो रही है। इस हिंसक झड़प में तलवारबाजी भी हुई है। तलवारबाजी में चार स्थानीय लोग घायल हो गए। जिनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, स्थानीय लोगों ने चौकी परिसर सहित बद्रीनाथ हाईवे जाम कर दिया। इसके अलावा कुछ लोगों ने पंचपुलिया भी जाम कर दी। गौचर में यात्रा को रोक दिया गया है। इलाके में तनाव का माहौल है।

### चीन में भूकंप, मचा हड़कंप घर से भागे डरे लोग

**बीजिंग।** चीन का किंगहाई प्रांत मंगलवार को तेज भूकंप के झटकों से दहल उठा। डरे लोग घर से



निकल पड़े। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 6.3 मापी गई है। इस शक्तिशाली झटके के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। लोग डर के मारे अपने घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आए। भूकंप का केंद्र हैक्सी प्रान्त में था। चीनी प्रशासन ने तुरंत राहत और बचाव दल को अलर्ट मोड पर डाल दिया है। स्थानीय आपदा प्रबंधन और चीनी मीडिया के हवाले से बेहद चौंकाने वाले आंकड़े सामने आ रहे हैं।

### हवा में डेटा रिले करेगा और खुफिया नजर रखेगा

# भारतीय वायु सेना खुद बनाएगी लंबी दूरी के घातक कामिकेज ड्रोन

**भारतीय कंपनियों से जुटाई जा रही अतिरिक्त जानकारी**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय वायु सेना ने लंबी दूरी के स्वदेशी कामिकेज ड्रोन बनाने की योजना शुरू की है। 16000 फीट की ऊंचाई और 30 किग्रा वॉरहेड क्षमता वाले इन ड्रोनों का डिजाइन और मालिकाना हक खुद वायु सेना के पास रहेगा। आधुनिक युद्ध के मैदान में ड्रोन तकनीक और लोइटरिंग म्यूनिशन की बढ़ती भूमिका को देखते हुए भारतीय वायु सेना ने रक्षा क्षेत्र में एक बेहद क्रांतिकारी और बड़ा कदम उठाया है। वायु सेना ने भारतीय उद्योग जगत के साझेदारों के साथ मिलकर संयुक्त रूप से स्वदेशी लंबी दूरी के कामिकेज ड्रोन विकसित करने की एक मेगा परियोजना शुरू की है. इन ड्रोनों को वन-वे अटैक अनमैन्ड एरियल सिस्टम यानी एकतरफा हमला करने वाली मानव रहित प्रणाली भी कहा जाता है। इस परियोजना का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि भारतीय वायु सेना इस बार केवल एक खरीदार के रूप में काम नहीं करेगी, बल्कि ड्रोन के पूरे डिजाइन और बौद्धिक संपदा अधिकारों पर अपना पूर्ण नियंत्रण बनाए रखेगी। वायु सेना ने इस हाई-टेक परियोजना के लिए चुनिंदा भारतीय कंपनियों को एक सीमित निविदा पूछताछ जारी कर दी है। इस पूरे प्रोजेक्ट के समन्वय और देखरेख की जिम्मेदारी तमिलनाडु के कोयम्बटूर में स्थित वायु सेना के 5 बेस रिपेयर डिपो सुलूर को सौंपी गई है, जो इस परियोजना के लिए मुख्य नोडल एजेंसी के रूप में काम करेगा। यह पहला मौका है जब वायु सेना खुद निर्माण प्रक्रिया के हर स्तर पर सीधे तौर पर शामिल हो रही है, जिससे भविष्य में किसी भी बाहरी वेंडर या विदेशी तकनीक पर भारत की निर्भरता पूरी तरह खत्म हो जाएगी।



**30 किलो का वारहेड लेकर 16 हजार फीट ऊपर उड़ेगा**

यह ड्रोन समुद्र तल से 16,000 फीट तक की अत्यधिक ऊंचाई पर उड़ान भरने में पूरी तरह सक्षम होगा, जिससे यह लद्दाख और तवांग जैसे ऊंचाई वाले पहाड़ी मोर्चों पर भी आसानी से काम कर सकेगा। यह अपने साथ कम से कम 30 किलोग्राम का मोड्युलर पेलोड ले जा सकेगा, जो दुश्मन के बख्तरबंद वाहनों, कमांड सेंटरों और बंकरों को पलक झपकते ही तबाह करने के लिए काफी है।

### वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल, दो आरोपी गिरफ्तार, मौलाना फरार

## एयरफोर्स अफसर की पत्नी से रेप जबरन धर्मांतरण की कोशिश भी

एजेंसी ▶▶ नागपुर

नागपुर, महाराष्ट्र में भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के एक अफसर की 24 साल की पत्नी से रेप, ब्लैकमेलिंग और जबरन धर्मांतरण का मामला सामने आया है। मुख्य आरोपी अयाज ताज मदारे उसका स्कूल क्लासमेट है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले का रहने वाला आरोपी मौलाना फरार चल रहा है। इस मामले से जुड़ा वीडियो वायरल है, जिसमें अयाज उसके हाथ पकड़े हुए आयतें पढ़ता दिखाई दे रहा है। पीड़ित के मुताबिक, अयाज उस पर आयते पढ़कर फूंकता रहा। इसके बाद उसका रेप करता था। वीडियो में महिला कहती है, 'तुम्हें लड़ने की बहुत आदत है ना, हाथ छोड़ो ना... छोड़ो।' इसके बाद वह लगातार 'मुझे छोड़ दो' कहकर रोती और विरोध करती नजर आती है। जबकि आरोपी उसके हाथ जोर से पकड़े रहता है। पुलिस के मुताबिक, पीड़ित के पति भारतीय वायुसेना में हैं और फिलहाल दूसरे शहर में पोस्टेड है। महिला प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करती है। फरवरी 2025 में आरोपी अयाज ने प्लॉट खरीदने के बहाने उससे संपर्क किया था।



### पति के लौटने पर महिला ने सच्चाई बताई

महिला ने आरोप लगाया कि इसके बाद उसके साथ फिर रेप की कोशिश की गई। 12 जून को जब उसका पति ड्यूटी से घर लौटा, तब महिला ने उसे पूरी घटना बताई। इसके बाद सोनेगांव पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रेप, बार-बार यौन शोषण, ब्लैकमेल, जबरन वसूली, जबरन धर्मांतरण और महाराष्ट्र अंधश्रद्धा एवं काला जादू विरोधी कानून की धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### ताजा हुई शीत युद्ध की यादें

## एक ही दिन क्रैश हुए अमेरिका और रूस के न्यूक्लियर बॉम्बर, 8 की मौत

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

वैश्विक सैन्य इतिहास में सोमवार का दिन एक अजीब और हैरान करने वाले संयोग के रूप में दर्ज हो गया। शीत युद्ध के समय के दो सबसे बड़े दुश्मन और महाविनाशक परमाणु बॉम्बर अमेरिका का बी-52 और रूस का टीयू-22एम3 एक ही दिन दुर्घटनाग्रस्त हो गए। पहली घटना अमेरिका के दक्षिणी कैलिफोर्निया स्थित एडवर्ड्स एयर फोर्स बेस पर हुई, जहां अमेरिकी वायु सेना का आठ इंजनों वाला बी-52 स्ट्रैटोफोर्ट्रेस बॉम्बर रूटीन टेस्ट मिशन के दौरान उड़ान भरते ही रनवे



पर क्रैश हो गया। इस भीषण हादसे में विमान में सवार सभी 8 क्रू सदस्यों की मौत हो गई। ठीक उसी दिन, दूसरा हादसा रूस के साइबेरियाई क्षेत्र में हुआ। रूसी रक्षा मंत्रालय के अनुसार, उनका टीयू-22एम3 स्ट्रेटेजिक बॉम्बर एक ट्रेनिंग फ्लाइट के दौरान इरकुत्स्क इलाके में अंगारा नदी के पास घने जंगलों में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## गुरुग्राम में मजदूर बनकर छिपे 13 बांग्लादेशी गिरफ्तार, कालियागंज बॉर्डर से एजेंट की मदद से घुसे थे भारत में

एजेंसी ▶▶ गुरुग्राम

जनपद में अवैध रूप से रह रहे 13 बांग्लादेशी नागरिक मंगलवार को गिरफ्तार कर लिए गए। गुरुग्राम पुलिस की ओर से राष्ट्रीय सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए जिले में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान एवं सत्यापन के लिए विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान अपराध शाखा सेक्टर-39 टीम ने दो दिनों के अंतराल में 13 बांग्लादेशी नागरिकों को दबोच लिया। पुलिस के अनुसार, ये क्षेत्र की निर्माणाधीन साइट्स,



झुग्गियों में अवैध रूप से रह रहे थे। सत्यापन के दौरान अवैध रूप से रह रहे 13 बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान की गई। इनके पास बांग्लादेश की नागरिकता के दस्तावेज भी मिले। पूछताछ में पता चला कि ये बांग्लादेशी नागरिक कालियागंज बॉर्डर (पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले में स्थित) से बांग्लादेशी एजेंट की मदद से अवैध रूप से भारत में घुसे थे।

### पीओके में पाकिस्तान के खिलाफ बगावत

## कश्मीर छोड़ो, सब्सिडी तुम्हारे मुंह पर मारेंगे

**भारत से व्यापार की मांग ने पकड़ा जोर**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में महीनों से जारी आक्रोश अब एक बड़ी राजनीतिक बगावत में तब्दील हो चुका है। जो आंदोलन कभी बिजली बिलों और गेहूं की कीमतों जैसी बुनियादी मांगों से शुरू हुआ था, उसने अब पाकिस्तान के प्रशासनिक नियंत्रण और सैन्य हुकूमत को खुली चुनौती दे दी है। रावलकोट में आयोजित एक विशाल जनसभा में आंदोलनकारी नेताओं ने



इस्लामाबाद के खिलाफ अब तक का सबसे तीखा रुख अपनाया। जम्मू-कश्मीर जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) के प्रमुख नेता सरदार अमन कश्मीरी ने पाकिस्तानी हुकूमत को ललकारते हुए कहा, हम तुम्हारी सब्सिडी तुम्हारे मुंह पर मारते हैं। तुम इस रियासत से बाहर निकलो। उन्होंने साफ किया कि पीओके के लोग अब पाकिस्तान की किसी आर्थिक मदद पर निर्भर नहीं रहना चाहते। आंदोलनकारियों की मांग है कि पाकिस्तान क्षेत्र के सभी प्रशासनिक और राजनीतिक अधिकार स्थानीय जनता के हवाले करे और वहां से अपनी फौज हटाए। पाकिस्तानी सेना द्वारा आर्थिक नाकेबंदी और राशन रोकने की कोशिशों पर कड़ा ऐतराज जताते हुए सरदार अमन ने वैकल्पिक रास्तों की बात की। उन्होंने सीधे तौर पर भारत के साथ व्यापारिक मार्ग खोलने की वकालत करते हुए कहा, अगर हमारा राशन रोका गया, तो हमारे पास दूसरे ट्रेड रूट भी हैं, हम उन्हें खोल देंगे। अब यह हमारा मसला है कि हम भारत से डील करें या जम्मू-कश्मीर से बात करें।

## सभी समाजों-उनकी परम्पराओं को जोड़ें, आल्हा ऊदल स्मृति उत्सव और श्रावण महोत्सव भी मनाएंः सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आगामी छह-सात माह में बड़े त्यौहार, सांस्कृतिक पर्व एवं मेले मनाए जाएंगे। यह सभी त्यौहार हमारी धार्मिक आस्थाओं और प्रकृति के प्रति हमारी कृतज्ञता के प्रतीक हैं। इन सभी अवसरों पर संस्कृति विभाग सभी समाजों को, उनकी आस्थाओं और सांस्कृतिक परम्पराओं को जोड़कर वृहद आयोजन करें। आल्हा-ऊदल वीर रस गायन के प्रतीक हैं, उनकी स्मृति में आयोजन किए जाएं। श्रावण महोत्सव और भुजरिया पर्व भी मनाएं। मुख्यमंत्री सोमवार को मंत्रालय में संस्कृति विभाग के तहत संचालित योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र की कला, संस्कृति, परम्पराएं और समृद्ध पुरातात्त्विक धरोहरें प्रदेश की अमूल्य पूंजी हैं, जिन्हें संरक्षित और संवर्धित करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

**ऐसा निलंबन कानूनन स्वतः ही समाप्त माना जाएगा**

## हाईकोर्ट ने कहा-निलंबित करने के 90 दिनों के भीतर चार्जशीट जरूरी

**बिलासपुर।** जस्टिस बीडी गुरु के सिंगल बेंच ने लोक निर्माण विभाग के एक निलंबित अधिकारी की याचिका को स्वीकार करते हुए निलंबन आदेश को



निरस्त कर दिया है। कोर्ट ने कहा है कि यदि किसी शासकीय सेवक को निलंबित करने के 90 दिनों के भीतर उसे आरोप पत्र नहीं सौंपा जाता है या उसके निलंबन की अवधि को कानूनी रूप से आगे नहीं बढ़ाया जाता, तो ऐसा निलंबन कानूनन स्वतः ही समाप्त माना जाएगा। छत्तीसगढ़ उत्तर बस्तर कांकेर के आरईएस कॉलोनी निवासी एमके. खरे को लोक निर्माण विभाग में पदस्थापना के दौरान राज्य शासन ने 9 जनवरी 2026 को एक आदेश जारी कर निलंबित कर दिया था। निलंबन की कार्रवाई के बाद तय समय-सीमा बीत जाने के बाद भी विभाग द्वारा उन्हें चार्जशीट नहीं दी गई और ना ही निलंबन बढ़ाने का कोई आदेश जारी किया गया।

**महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय छतरपुर (म.प्र.)**
E-mail : mchhatrasaluniversity@gmail.com
Website : https://mcbu.ac.in
विज्ञापन क्र. 1741/स्था./विज्ञापन/2026 छतरपुर, दिनांक : 16.06.2026

**शैक्षणिक संवर्ग के सह-प्राध्यापक के पदों पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन 2026**

महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड, विश्वविद्यालय, छतरपुर (म.प्र.) के शैक्षणिक विभागों के 10 विषयों के शैक्षणिक संवर्ग के सह-प्राध्यापक के कुल 20 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती से नियुक्ति हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) द्वारा निर्धारित अर्हताधारी अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र दिनांक 15.07.2026 सायं 6 बजे तक आमंत्रित किए जाते हैं। विज्ञापित पदों का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :-
सह-प्राध्यापक – 20 पद (चित्रकला-02, अर्थशास्त्र-02, भूगोल-02, हिन्दी-02, इतिहास-02, संगीत-02, दर्शनशास्त्र-02, राजनीतिशास्त्र-02, संस्कृत-02, प्राणीशास्त्र-02) रिक्त पदों का विस्तृत विवरण/आवेदन प्रपत्र/सामान्य नियम एवं शर्तें आदि विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://mcbu.ac.in पर उपलब्ध है।
म.प्र. माध्यम/126429/2026 कुलसचिव


## नाटो देशों के साथ गुप्त त्रिकोणीय समझौता

### रूस के साथ धोखेबाजी कर रहा पाकिस्तान

# यूक्रेन को दे रहा तोप के गोले जेएफ-17 इंजन पर भी दगाबाजी

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान एक तरफ रूस से दोस्ती बढ़ाने का नाटक कर रहा है, तो दूसरी तरफ पर्दे के पीछे से यूक्रेन को भारी मात्रा में हथियारों की सप्लाई कर रहा है। पाकिस्तानी सेना के करीबी और वरिष्ठ पत्रकार नजम सेठी ने इस बड़े दोहरे खेल का सनसनीखेज खुलासा किया है। हालांकि पाकिस्तान का विदेश मंत्रालय हमेशा इन दावों को खारिज करता आया है, लेकिन खुफिया रिपोर्ट्स और युद्ध के मैदान की तस्वीरों ने इस्लामाबाद के झूठ को बेनकाब कर दिया है। नजम सेठी ने एक और चौंकाने वाला दावा किया है कि पाकिस्तान अब यूक्रेन के साथ अपने जेएफ-17 लड़ाकू विमानों के इंजन को लेकर सीधे बातचीत कर रहा है। असल में, ये इंजन पाकिस्तान को चीन के जरिए रूस से मिलते थे। पाकिस्तान चाहता था कि रूस उसके देश के भीतर ही इंजन सर्विसिंग फैक्ट्री खोले, लेकिन मॉस्को ने भारत के साथ अपने मजबूत रक्षा संबंधों का सम्मान करते हुए पाकिस्तान की इस मांग को सिरे से खारिज कर दिया। इसी झटके के बाद अब पाकिस्तान ने रूस की पीठ में छुरा घोंपते हुए यूक्रेन का दामन थाम लिया है।खुलासे के मुताबिक, पाकिस्तान ने अमेरिका और ब्रिटेन जैसी नाटो ताकतों के साथ मिलकर एक गुप्त त्रिकोणीय समझौता किया था। इस सीक्रेट डील के तहत पाकिस्तान ऑर्डिनेंस फैक्ट्री (पीओएफ) में बने सोवियत काल के 122एमएम और 155एमएम के तोप के गोले और रॉकेट, ब्रिटेन और जर्मनी के रास्ते यूक्रेन भेजे गए।




**महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय छतरपुर (म.प्र.)**
E-mail : mchhatrasaluniversity@gmail.com
Website : https://mcbu.ac.in
विज्ञापन क्र. 1738/स्था./विज्ञापन/2026 छतरपुर, दिनांक : 16.06.2026

**अशैक्षणिक संवर्ग के सहायक ग्रंथपाल के पद पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन**

महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड, विश्वविद्यालय, छतरपुर (म.प्र.) के अशैक्षणिक संवर्ग के सहायक ग्रंथपाल के 02 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती से नियुक्ति हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) द्वारा निर्धारित अर्हताधारी अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र दिनांक 15.07.2026 सायं 6 बजे तक आमंत्रित किए जाते हैं।
विज्ञापित पदों का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :-
सहायक ग्रंथपाल – 02 रिक्त पदों का विस्तृत विवरण/आवेदन प्रपत्र/सामान्य नियम एवं शर्तें आदि विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://mcbu.ac.in पर उपलब्ध है।
म.प्र. माध्यम/126430/2026 कुलसचिव

**मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड**
कार्यालय मुख्य अभियंता (अउदा-नि.), ब्लॉक नं.-4, शक्ति भवन, जबलपुर, 482008

**निविदा सूचना**

निविदा विशेषी. क्र. मुख्य अभियंता(अउदा-निर्माण) TC/2026/371 से TC/2026/374, क्रमांक 349 दिनांक 11.06.2026
(1) अउदा-निर्माण संभाग एमपीपीटीसीएल, ग्वालियर कार्यक्षेत्र के विभिन्न उपकेंद्रों में 220 KV, 132 KV, 33 KV फीडर-बे, अतिरिक्त परिणामित्र एवं परिणामित्र के क्षमता उन्नयन एवं अन्य विभिन्न सिविल रख-रखाव कार्य। (गुना, शिवपुरी, श्योपुर एवं पिछोर कार्यक्षेत्र) (2) 132 KV उपकेन्द्र कोतमा में यार्ड का नवीनीकरण, केबल ट्रेन्च की मरम्मत, स्टील रेलिंग तथा पी.सी.सी. एप्रोच रोड का कार्य। (3) 220 KV उपकेन्द्र चम्बल भोपाल में क्षतिग्रस्त बाउण्ड्रीवॉल की मरम्मत, नवीनीकरण, पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा चौकी के निर्माण से सम्बन्धित सिविल कार्य। (4) (i) 132 KV उपकेन्द्र सिवनी स्थित कॉलोनी परिसर में सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. ड्रेन (ii) 132 KV उपकेन्द्र सिवनी में स्थित TLM उपसंभाग स्टोर हेतु फेन्सिंग, गेट एवं सी.सी. रोड (iii) 132 KV उपकेन्द्र छिन्दवाड़ा स्थित कॉलोनी परिसर में सी.सी. रोड से सम्बन्धित सिविल कार्य।
उपरोक्त कार्यों हेतु पात्र ठेकेदारों से ऑनलाइन पृथक-पृथक निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा के खुलने की दिनांक एवं अन्य विस्तृत विवरण हेतु हमारी वेबसाइट www.mptransco.nic.in एवं www.mptenders.gov.in का अवलोकन अथवा दूरभाष क्र. 0781-2702128/2702276 पर कार्यालयीन समय में सम्पर्क करें।
म.प्र. माध्यम/126409/2026 "विद्युत की बचत कीजिये" मुख्य अभियंता (अउदा-नि.)

12 ➔ युद्ध विराम का सकारात्मक होगा प्रभाव





मैट्रो

8 भ्रष्टाचार में लिप्त आरोपी अफसर ...



inh

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### सीवरेज का पानी मिलने से फूटा रहवासियों का गुस्सा



**इंदौर।** शहर के महावीर नगर में पिछले कई दिनों से नलों में गंदा और बदबूदार पानी आने से रहवासियों में भारी नाराजगी है। लोगों का आरोप है कि दूषित पानी पीने के कारण क्षेत्र में कुछ लोगों को उल्टी, दस्त और पेट दर्द जैसी स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ा है। नगर निगम की टीम ने मौके पर जलापूर्ति व्यवस्था का निरीक्षण किया।

# सेना ने की ट्रायल लैंडिंग, भारत में टेलीग्राम पर रोक

### नीट यूजी 2026 की पुनर्परीक्षा 21 जून को

प्रश्नपत्र पहले दिल्ली से विमान के जरिए मदुरै लाए जाएंगे। इसके बाद उन्हें भारतीय सेना के हेलिकॉप्टर से तिरुनेलवेली आर्म्ड रिजर्व ग्राउंड तक पहुंचाया जाएगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तमिलनाडु के तिरुनेलवेली में प्रश्नपत्रों के सुरक्षित परिवहन के लिए विशेष योजना तैयार की गई है। इसी तैयारी के तहत तिरुनेलवेली आर्म्ड रिजर्व ग्राउंड में भारतीय सेना के हेलिकॉप्टर की ट्रायल लैंडिंग कराई गई। प्रस्तावित व्यवस्था के अनुसार प्रश्नपत्र पहले दिल्ली से विमान के जरिए मदुरै लाए जाएंगे। इसके बाद उन्हें भारतीय सेना के हेलिकॉप्टर से तिरुनेलवेली आर्म्ड रिजर्व ग्राउंड तक पहुंचाया जाएगा। पूरी प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा की जिम्मेदारी वायुसेना अधिकारियों के पास रहेगी।

हेलिकॉप्टर की ट्रायल लैंडिंग और सुरक्षा प्रक्रियाओं का परीक्षण किया गया। पुनर्परीक्षा से पहले टेलीग्राम पर भी अस्थायी प्रतिबंध लगाया गया है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के अनुरोध और उच्च शिक्षा विभाग की सिफारिश पर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने यह कदम उठाया है। प्रतिबंध 22 जून तक प्रभावी रहेगा। एनटीए के अनुसार टेलीग्राम को भारत में पहले से पोस्ट किए गए संदेशों के लिए मैसेज एडिटिंग फीचर भी अस्थायी रूप से बंद करने का निर्देश दिया गया है। यह व्यवस्था 30 जून 2026 तक लागू रहेगी।

**22** जून तक रोक

**30** जून तक मैसेज-एडिटिंग पर पाबंदी

**पेपर सेट करने वाले एक्सपर्ट्स और स्टाफ का परीक्षा खत्म होने तक 'लॉकडाउन'**



सेना हेलिकॉप्टर से ट्रायल करते हुए

### टेलीग्राम को ही क्यों किया बैन?

टेलीग्राम का इस्तेमाल साइबर स्कैमर्स भी करते हैं। टेलीग्राम के अंदर ऐसे कई फीचर्स हैं, जिनका इस्तेमाल करके ठग आसानी से बच निकलते हैं। टेलीग्राम पर बड़े-बड़े ग्रुप को तैयार किया जा सकता है, जिसमें हजारों को लोगों को शामिल किया जा सकता है. ऐसे में एक ही जगह हजारों लोगों तक पहुंचा जा सकता है।

### 3:15 घंटे का वक्त, 4 रफ वर्क शीट मिलेंगी

12 जून को जारी नई गाइडलाइंस के मुताबिक, परीक्षा का समय अब 180 मिनट से बढ़ाकर 195 मिनट कर दिया गया है। इसके अलावा आंसर शीट में रफ वर्क के लिए भी जगह बढ़ाई गई है।

## बेहतर प्रबंधन और कुशलता से कराएं नीट परीक्षा, न रहे कोई कमी : मुख्यमंत्री

- ▶▶ प्रदेश के 30 जिलों के 283 परीक्षा केंद्रों में 21 जून को होगी परीक्षा
- ▶▶ मुख्यमंत्री ने वीसी के जरिए की नीट परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा



डॉ. मोहन यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नीट परीक्षा के लिए सभी तैयारियां समय से पहले पूरी कर ली जाएं। बेहतर प्रबंधन एवं कार्य कुशलता से पूरी पारदर्शिता के साथ यह परीक्षा सम्पन्न कराएं।

## तबादले की तारीख बढ़ाने को लेकर कैबिनेट में जमकर हुए तर्क-वितर्क

### 24 घंटे के लिए बढ़ी मियाद, मंगलवार आधी रात को समाप्त

विभागीय मंत्री व विभाग प्रमुखों ने तबादले जारी नहीं होने को लेकर रखे अपने पक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में तबादला नीति को लेकर कैबिनेट की बैठक में जमकर तर्क-वितर्क हुए। कई मंत्रियों ने अपने विभागों में तबादला नहीं होने का मुद्दा मुख्यमंत्री के समक्ष उठाया। एक मंत्री ने तो यह तक कहा कि उन्होंने 300 कर्मचारियों की सूची दी है, पर अंतिम समय तक विभाग प्रमुख ने कोई निर्णय नहीं लिया। कुछ विभाग प्रमुखों ने यहां तक कहा कि अंतिम समय में पोर्टल डाउन होने से तबादले की सूची अपलोड ही नहीं हो पाई, ऐसे में अब तबादले नहीं हो पाएंगे। हालांकि, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तबादले की तारीख एक दिन बढ़ाकर 16 जून कर दी। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि जिनकी सूची अटकी हुई है, वे मंगलवार रात में 12 बजे तक उसे अपलोड कर दें। पर किसी भी सूरत में तारीख नहीं बढ़ेगी। सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागों के लिए तबादले की तारीख एक से 15 जून तक तय की थी। इसी अवधि में तबादले की प्रक्रिया पूरी कर सूची जारी करना था। इस बार चूंकि सभी विभागों ने ऑनलाइन आवेदन मंगाए थे, इसलिए तबादले भी ऑनलाइन ही होना था। पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होने से किसी भी सूरत में ऑफ लाइन या फिर बैक डेट में तबादले नहीं हो सकते थे। पहले लोगों को उम्मीद थी कि इतने कम समय में करीब 15 हजार से अधिक तबादले नहीं हो पाएंगे।

### 1700 तबादले होने हैं, 300 की सूची दी, पर वह भी नहीं हुई जारी

जनजातीय कार्य विभाग में शिक्षकों की संख्या ही काफी है। इसके अलावा विभागीय कर्मचारी भी है। 5 फीसदी के मान से कुल 1700 तबादले होने हैं। विभागीय मंत्री का कहना था कि उन्होंने 15 को देर रात 300 कर्मचारियों की सूची दे दी, किंतु वह जारी नहीं हो पाई। विभाग प्रमुख का कहना था कि वे बगैर जांच-पड़ताल के तबादले नहीं कर सकते। विभाग में एक स्थान से दूसरे स्थान की रिक्तियां आदि का मिलान भी करना है। सूची भी काफी देर से आई, इसलिए जारी नहीं हो पाई। सीएम को भी उनकी बात जायज लगी। कृषि विभाग में भी विभागीय मंत्री की कुछ समस्याओं की वजह से तबादले जारी नहीं हो पाए। दूसरी तरफ उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के विभाग का रोचक मामला सामने आया। देवड़ा ने कहा कि उनके पास देर रात तबादले की सूची आई, वे बगैर मिलान किए, उसे जारी नहीं कर सकते थे।

**इंदौर-बैतूल हाईवे पर दर्दनाक हादसा**

## टवेरा ने बाइक को उड़ाया, मौसेरे भाई-बहन और दोस्त की मौत



डिवाइडर के पास से टवेरा ने सामने से मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बैतूल-इंदौर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार सुबह एक बेहद भीषण और दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है, जहां एक तेज रफ्तार टवेरा गाड़ी ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण टक्कर में मोटरसाइकिल पर सवार दो युवतियों और एक युवक की जान चली गई, जिससे तीन परिवारों की खुशियां पल भर में मातम में बदल गईं। मृतकों में से दो आपस में मौसेरे भाई-बहन थे।





लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय संविधान दुनिया का सबसे बड़ा संविधान है और यह हर नागरिक के लिए मार्गदर्शक दस्तावेज है। उन्होंने युवाओं से संविधान से प्रेरणा लेकर विकसित भारत के रोडमैप पर आगे बढ़ने का आह्वान किया

भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 में बोले ओम बिरला

# 'विकसित भारत 2047' का सपना पूरा करने की जिम्मेदारी युवाओं पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने को संविधान सदन के ऐतिहासिक सेंट्रल हॉल में आयोजित विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम का आयोजन युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने लोकसभा सचिवालय के पार्लियामेंटरी रिसर्च एंड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट फॉर डेमोक्रेसीज के सहयोग से किया। ओम बिरला ने कहा कि भारतीय संविधान दुनिया का सबसे बड़ा संविधान है और यह हर नागरिक के लिए मार्गदर्शक दस्तावेज है। उन्होंने युवाओं से संविधान से प्रेरणा लेकर विकसित भारत के रोडमैप पर आगे बढ़ने का आह्वान किया।


भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 को संबोधित करते ओम बिरला

स्थानीय निकायों में महिलाओं की भागीदारी 50 प्रतिशत पहुंची

भारतीय संविधान हर नागरिक के लिए मार्गदर्शक दस्तावेज

## युवा नवाचार और परिवर्तन के इंजन

ओम बिरला ने कहा कि भारत के युवा देश में नवाचार और परिवर्तन के सबसे बड़े इंजन हैं। उन्होंने युवाओं से कहा कि सच्चा नेतृत्व वही है जिसमें जनता के प्रति संवेदनशीलता और जवाबदेही हो। उन्होंने उम्मीद जताई कि संविधान सदन में एकत्रित युवा नेता लोकतांत्रिक जिम्मेदारी की भावना को आगे बढ़ाएंगे और भारत को वैश्विक ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।

### सभी को समान अधिकार

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि संविधान निर्माताओं की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने देश की स्थापना के साथ ही सभी नागरिकों को समान अधिकार दिए। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि भारत ने शुरुआत से ही सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार अपनाया, जबकि कई देशों में महिलाओं को मतदान का अधिकार काफी देर से मिला।

### 50 लाख युवा कार्यक्रम से जुड़े

ओम बिरला ने बताया कि देश में 50 लाख से अधिक युवा अब यूथ पार्लियामेंट कार्यक्रम से जुड़े हैं। विकसित भारत 2047 का सपना पूरा करने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी युवाओं पर है। यूथ पार्लियामेंट लोकतांत्रिक मूल्यों, संवाद और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। लोकतंत्र भारत की कार्य संस्कृति और प्राचीन परंपराओं में गहराई से समाया हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत की लोकतांत्रिक यात्रा दुनिया में अद्वितीय रही है और आजादी के बाद इतनी विविधताओं के बावजूद भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र बनकर उभरा।

### महिलाएं सामाजिक बदलाव की ताकत

ओम बिरला ने महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पर जोर देते हुए कहा कि आज महिलाएं विज्ञान, तकनीक, कृषि और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में नेतृत्व कर रही हैं और सामाजिक बदलाव की बड़ी ताकत बन रही हैं। उन्होंने बताया कि देश के कई राज्यों में स्थानीय निकायों में महिलाओं की भागीदारी 50 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को एक ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि इससे लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व स्थायी रूप से मजबूत होगा।

## खबर संक्षेप

### ठेकेदार पर गैर-इरादतन हत्या का मामला दर्ज



**सोलापुर।** महाराष्ट्र के सोलापुर जिले में एक दिन पहले हुए एक सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत के मामले में पुलिस ने एक ठेकेदार के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है। मालशिरस तहसील के तहत तांदुलवाड़ी गांव के पास रविवार दोपहर एक वाहन सड़क किनारे खेत में बने कुएं में गिर गया था।

### भिवाड़ी में टंकी की दीवार ढही, 3 बच्चों की मौत



**जयपुर।** राजस्थान के खैरथल-तिजारा जिले के भिवाड़ी शहर में पानी की टंकी की दीवार ढहने से तीन बच्चों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार हादसा सोमवार दोपहर पुराना समतल रोड के औद्योगिक क्षेत्र में एक निर्माणाधीन कारखाने में हुआ। पुलिस के अनुसार हादसे में चार साल की बच्ची मीनू शर्मा की मौके पर ही मौत हो गई।

### नैनीताल में झील में गिरी कार, सभी सेफ



**नैनीताल।** उत्तराखंड के नैनीताल के पास खुर्पाताल में एक बड़ा हादसा हो गया। हालांकि गनीमत रही कि इस हादसे में किसी की जान नहीं गई। पर्यटकों की एक कार अनियंत्रित होकर झील में गिर गई। हादसा खुर्पाताल के सरिता ताल में हुआ। मुरादाबाद से आए पर्यटकों की एक कार अनियंत्रित हो गई।

### नवी मुंबई से नोएडा के लिए अकासा एयर शुरू



**मुंबई।** घरेलू एयरलाइन कंपनी अकासा एयर ने नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से मंगलवार सुबह क्यूपी-2017 विमान को रवाना करते हुए नव निर्मित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए सेवाएं शुरू कर दी, जिससे मुंबई महानगर क्षेत्र और दिल्ली-एनसीआर के बीच सीधा हवाई संपर्क स्थापित हो गया है।

टीएमसी बागियों के विलय पर तुरंत फैसला नहीं, कानूनी राय लेंगे स्पीकर

# दोनों पक्षों की दलीलें सुनेंगे ओम बिरला, ममता से भी मांगा जवाब, मानसून सत्र से पहले फैसला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/कोलकाता

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला कोई भी फैसला सुनाने से पहले दोनों पक्षों यानी बागी सांसदों और ममता बेनर्जी के नेतृत्व वाले मूल टीएमसी गुट की दलीलें खुद सुनेंगे। इसके लिए उनके कार्यालय ने ममता बेनर्जी के गुट को एक ईमेल भी भेजा है, जिसमें इस पूरे मामले पर उनका पक्ष और राय मांगी गई है

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के 20 बागी सांसदों द्वारा एनसीपीआई पार्टी में विलय करने के मामले में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला फूंक-फूंक कर कदम रख रहे हैं।

सूत्रों के मुताबिक, स्पीकर कोई भी फैसला सुनाने से पहले दोनों पक्षों यानी बागी सांसदों और ममता बेनर्जी के नेतृत्व वाले मूल टीएमसी गुट की दलीलें खुद सुनेंगे। इसके लिए उनके कार्यालय ने ममता बेनर्जी के गुट को एक ई-मेल भी भेजा है, जिसमें इस पूरे मामले पर उनका पक्ष और राय मांगी गई है।

सूत्रों का कहना है कि संसद के मानसून सत्र से पहले इस पर फैसला ले लिया जाएगा। इसके लिए स्पीकर ओम बिरला इस मामले पर केंद्रीय कानून मंत्रालय से लिखित कानूनी राय मांग सकते हैं। कानून मंत्रालय इसके लिए देश के वरिष्ठ कानून अधिकारियों (सरकारी वकीलों) से सलाह लेगा। ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि स्पीकर का फैसला कानूनी रूप से इतना मजबूत हो कि अगर इसे बाद में कोर्ट में चुनौती दी जाए, तो वह खारिज न हो।

- फैसला इतना मजबूत हो कि कोर्ट में खारिज न हो
- स्पीकर ने ममता बेनर्जी गुट को ई-मेल भेजा


ममता बेनर्जी, ओम बिरला, कोकिला घोष

### बागी सांसदों की बढ़ सकती है संख्याः काकोली घोष

*टीएमसी की बागी सांसद काकोली घोष ने कहा कि असंतुष्ट सांसदों का विलय राष्ट्रवादी सिटीजंस पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) में कर दिया गया है। ज्योतिप्रकाश चटर्जी को अपना नया अध्यक्ष बनाया है। उन्होंने दावा किया है कि बागी सांसदों की संख्या वर्तमान 20 से बढ़कर 22 तक पहुंचने की संभावना है। हम पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में काम करेंगे।*

### सीआईडी के समक्ष पेश हुए अभिषेक

*तृणमूल कांग्रेस के महासचिव और लोकसभा सांसद अभिषेक बेनर्जी मंगलवार को दक्षिण कोलकाता के भवानी भवन में पश्चिम बंगाल पुलिस के क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट (सीआईडी) के हेडक्वार्टर में पेश हुए। यह मामला राज्य में हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को धमकाने और हिंसा भड़काने के आरोपों से जुड़ा है।*

### भवानीपुर में हार पर रार, सुवेंदु की जीत को दी चुनौती

### ममता पहुंची हाईकोर्ट, रिकॉर्ड सेफ करने की मांग

तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बेनर्जी ने कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने भवानीपुर विधानसभा सीट के चुनाव नतीजों को कानूनी चुनौती दी है। इस सीट पर भाजपा नेता और पश्चिम बंगाल के वर्तमान सीएम सुवेंदु अधिकारी ने उन्हें शिकस्त दी थी। ममता बेनर्जी ने इस चुनावी हार के खिलाफ हाईकोर्ट में एक चुनाव याचिका दायर की है। कानूनी याचिका के जरिए उन्होंने भवानीपुर निर्वाचन क्षेत्र के सभी चुनाव संबंधी रिकॉर्ड को सुरक्षित रखने का आग्रह किया है। इसमें मतदान से जुड़े दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ईवीएम शामिल हैं। ममता बेनर्जी का कहना है कि इन उपकरणों और दस्तावेजों को तुरंत सील किया जाए ताकि इनके साथ कोई छेड़छाड़ या इन्हें नष्ट न किया जा सके।



### आरजी कर मामले में नई एसआईटी बनाएंः कोर्ट

आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में हुई घटना को लेकर हाईकोर्ट ने सीबीआई के भीतर एक नई विशेष जांच टीम (एआईटी) बनाने का आदेश दिया है। पीड़ित डॉक्टर के पिता शेखररंजन देबनाथ ने इस फैसले पर खुशी जताई है। उन्होंने पुरानी जांच टीम के काम करने के तरीके की आलोचना भी की है। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका पिछली जांच से संतुष्ट नहीं थी। हाईकोर्ट ने अब नई एसआईटी का गठन कर दिया है। उनके मुताबिक, सीबीआई की पुरानी टीम सही ढंग से काम नहीं कर रही थी और इसी वजह से कोर्ट ने उन्हें फटकार भी लगाई थी।

महाराष्ट्र में 'ऑपरेशन टाइगर' की चर्चा

# उद्धव बोले- जिन्हें जाना है, चले जाएं, मेरा 'वक्त' फिर आएगा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में 'ऑपरेशन टाइगर' की आशंका के बीच शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने चेतावनी के लहजे में अपने सांसदों से कहा है कि आज मेरा वक्त नहीं है, कल जरूर आएगा। तब तक हमें सहना पड़ेगा, संघर्ष करना पड़ेगा। सूत्रों के मुताबिक रविवार को मातोश्री में हुई बैठक में उद्धव ने कहा कि जिन लोगों ने बालासाहेब ठाकरे की शिवसेना छोड़ी है, उन्हें एक दिन पछतावा जरूर होगा, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी होगी।



- 22 को बुलाई विधायकों की बैठक

उद्धव ने कहा है कि जो भी नेता पार्टी छोड़ना चाहते हैं, वो जा सकते हैं और उन्हें रोकने की कोई कोशिश नहीं की जाएगी। बैठक में मौजूद सूत्रों के अनुसार, ठाकरे ने सांसदों से कहा कि जो लोग पार्टी छोड़ना चाहते हैं, वे आजाद हैं और वह बस उनके अच्छे भविष्य की कामना करेंगे। हालांकि, शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने इन खबरों का खंडन किया है। उन्होंने कहा कि वे पूरी बैठक में मौजूद थे और उद्धव ठाकरे ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया कि जो सांसद पार्टी छोड़कर जाना चाहते हैं, चले जाएं। उद्धव ठाकरे ऐसा कभी नहीं कह सकते।

### 7 सांसद हमारे संपर्क मेंः तुमाने



शिवसेना (शिंदे गुट) के विधायक कृपाल तुमाने ने बड़ा दावा किया कि 'ऑपरेशन टाइगर' के तहत 7 सांसद और 16 विधायक उनके संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि बातचीत आखिरी दौर में है। उन्होंने इसकी तुलना अस्पताल के ऑपरेशन से की और कहा कि जांच हो चुकी है, बस तारीख तय होना बाकी है। यह सब मानसून सत्र से पहले होगा। हमारे लिए सारी जानकारी बताना सही नहीं है। लेकिन यह लगभग तय है कि वे हमारे साथ जुड़ेंगे। ये बातचीत एक महीने से चल रही है, लेकिन आज यह आखिरी चरण में है।

### 9 सांसदों में सिर्फ 4 पहुंचे थे


रविवार को उद्धव ठाकरे द्वारा बुलाई गई बैठक में सांसद अरविंद सावंत, अनिल देसाई, राजाभाऊ वाजे और संजय पाटिल व्यक्तिगत रूप से शामिल हुए, वहीं ओमप्रकाश राजे निंबालकर, भाऊसाहेब वाकचौरे, नागेश बापुराव पाटिल अष्टिकर और संजय देशमुख ने ऑनलाइन भाग लिया। संजय जाधव ने फोन पर ठाकरे से बात की, राउत ने कहा था। यवतमाल-वाशिम से सांसद देशमुख ने कहा कि उन्होंने पारिवारिक कारणों से बैठक में भाग नहीं लिया। लेकिन सोमवार को उन्होंने दिल्ली में शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के केंद्रीय मंत्री प्रतापराव जाधव से मुलाकात की, जिससे उनके दल-बदल की अटकलें तेज हो गईं।

पूर्वोत्तर का पवित्र धार्मिक उत्सव

# असम में 22 जून से शुरू होगा विश्व प्रसिद्ध 'अंबुबाची' मेला

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

अंबुबाची मेला आगामी 22 जून से असम के ऐतिहासिक मां कामाख्या मंदिर में शुरू होने जा रहा है। देश-विदेश से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं, साधु-संतों और पर्यटकों के स्वागत के लिए मंदिर प्रशासन और राज्य सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इस वर्ष मेले की शुरुआत 22 जून की रात 9 बजकर 08 मिनट 42 सेकंड पर 'प्रवृत्ति' अनुष्ठान के साथ होगी, जिसके बाद मंदिर के कपाट लगातार तीन दिनों के लिए पूरी तरह बंद कर दिए जाएंगे।


कामाख्या मंदिर

### 26 को फिर खुलेंगे कपाट

26 जून की सुबह नित्य पूजा संपन्न होने के बाद ही कपाट दोबारा खोले जाएंगे, जिसके बाद भक्त माता के दर्शन कर सकेंगे। गुवाहाटी की नीलाचल पहाड़ियों पर स्थित 51 शक्तिपीठों में से एक, मां कामाख्या मंदिर में इस अवधि का विशेष महत्व है। यह पर्व धरती मां की उर्वरता (फर्टिलिटी) का प्रतीक माना जाता है।

तमिलनाडु के किसानों को तोहफा

# 75 हजार रु. तक का कर्जा माफ, 14 लाख को फायदा

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु के सीएम सी. जोसेफ विजय ने मंगलवार को राज्य के किसानों के लिए एक बहुत बड़ी राहत का ऐलान किया है। सरकार ने सहकारी बैंकों से लिए गए फसल कर्ज को माफ करने की घोषणा की है। इस फैसले से राज्य के करीब 14.43 लाख किसानों को सीधा फायदा होगा। सरकार के इस कदम से राज्य के खजाने पर लगभग 6000 करोड़ रुपए का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा, लेकिन इससे किसानों को बहुत बड़ी आर्थिक राहत मिलेगी।


सीएम विजय जोसेफ

### 60 हजार करोड़ का बोझ

सीएम के इस ऐलान का फायदा ऐसे किसानों को मिलेगा, जिन्होंने 1 मई 2025 से 28 फरवरी 2026 के बीच सहकारी बैंकों से 75000 रुपए तक का फसल कर्ज लिया था। उनका पूरा कर्ज माफ कर दिया जाएगा। इसके अलावा जिन किसानों का कर्ज 75000 रुपए से ज्यादा है, उनके कर्ज में से 35000 रुपए माफ किए जाएंगे।

# शिमला में सिख मार्शल ऑर्ट 'गतका' का प्रदर्शन



### गुरु अर्जुन देवजी का शहीदी दिवस मनाया

***शिमला।*** *हिमाचल प्रदेश की राजधानी में शिमला में सिखों के पांचवें गुरु, श्री गुरु अर्जुन देव के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में 'गतका' जैसे मार्शल आर्ट और पारंपरिक नृत्य का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिमला के गुरुद्वारों में विशेष कार्यक्रमों और नगर कीर्तन का आयोजन किया गया जिसमे गतका दल अपने अस्त्र-शस्त्रों के साथ अद्भुत करतब और नृत्य कला का प्रदर्शन किया। मुगल सम्राट जहांगीर के आदेश पर दी गई कड़ी यातनाओं के बाद 16 जून, 1606 को सिखों के पांचवें गुरु अर्जन देव का निधन हो गया था।*

घरेलू पेट्रोल पर शुल्क यथावत

# सरकार ने डीजल और एटीएफ निर्यात पर बढ़ाया विंडफॉल टैक्स

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने मंगलवार से डीजल और एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) के निर्यात पर विंडफॉल गेन टैक्स बढ़ा दिया है। हालांकि, पेट्रोल पर शुल्क में कोई बदलाव नहीं किया है।

विंडफॉल गेन टैक्स की समीक्षा हर 15 दिन में की जाती है और कच्चे तेल की कीमतों के आधार पर भी इसका निर्धारण किया जाता है। वित्त मंत्रालय द्वारा जारी नोटिफिकेशन में कहा गया कि सरकार ने डीजल के निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) को बढ़ाकर 14 रुपए प्रति लीटर कर दिया है, जो कि पहले 13.5 रुपए प्रति लीटर था। वही, एटीएफ पर एसएईडी को बढ़ाकर 12.5 रुपए प्रति लीटर कर दिया है, जो कि पहले 9.5 रुपए प्रति लीटर है। हालांकि, पेट्रोल के निर्यात पर शुल्क में कोई बदलाव नहीं किया गया है और इसे 1.5 रुपए प्रति लीटर पर जारी रखा गया है।



### पहली बार भगवान राम को चढ़ाया दुर्लभ आम



**अयोध्या।** दुनिया के सबसे महंगे आमों में गिने जाने वाले जापान के मियाजाकी आम, जिसे 'एग ऑफ द सन' भी कहा जाता है, को पहली बार राम मंदिर में भगवान राम को अर्पित किया गया। यह दुर्लभ आम अयोध्या के किसान ओमप्रकाश सिंह ने उगाया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 2.5 लाख से 3 लाख रुपए प्रति किलो बताई जाती है, जबकि एक आम की कीमत करीब 1 लाख रुपए तक पहुंचती है। किसान ने बताया कि उन्होंने करीब दो साल पहले इस जापानी किस्म के पौधे को अयोध्या की जलवायु में परखने के लिए लगाया था।

# मानसून की धीमी रफ्तार, अगले 4 दिनों में कई राज्यों में होगी एंट्री

महाराष्ट्र, कर्नाटक तेलंगाना, ओडिशा में बंधी आस

## उत्तर-पश्चिम भारत में 19 जून तक जारी रहेगा बारिश का दौर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, उत्तर-पश्चिम भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के असर से पूरे क्षेत्र में 19 जून तक बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। अगले कुछ दिनों तक देश के कई राज्यों में छिटपुट से लेकर हल्की और मध्यम बारिश हो सकती है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बारिश का सिलसिला 19 जून तक रुक-रुक कर जारी रहने की उम्मीद है। दिल्ली-एनसीआर, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और पश्चिमी उत्तर प्रदेश जैसे मैदानी क्षेत्रों में 19 जून तक छिटपुट बारिश की संभावना जताई गई है।



### दिल्ली में धूल भरी हवाओं के साथ हल्की बारिश

दिल्ली-एनसीआर में 70-90 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से धूलभरी आंधी के बाद हल्की से मध्यम बारिश हुई। दिल्ली के पालम में दोपहर 2:30 बजे हवा की गति 93 किमी प्रति घंटा दर्ज की गई। दिल्ली में सुबह भी वर्षा हुई। बदले मौसम से तापमान में गिरावट आई और अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### मुंबई : टूटा मानसून का पुराना ट्रेंड

*जून का आधा महीना गुजर चुका है, लेकिन मुंबई और महाराष्ट्र के कई हिस्सों में अब तक वह मानसूनी बारिश नहीं हुई है जिसका हर साल बेसब्री से इंतजार रहता है। इससे मुंबई में मानसून का पुराना ट्रेंड टूट गया है। वहीं, झीलों के जलस्तर को लेकर भी चिंताजनक स्थिति बनी हुई है। हालत यह है कि मुंबई को जलापूर्ति करने वाले जलाशयों में जल भंडारण की क्षमता 10 प्रतिशत से भी कम हो गई है। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के एक अधिकारी ने बताया कि जलाशयों में जल भंडारण क्षमता कम होने से मुंबई में 10 प्रतिशत पानी कटौती लागू की गई है।*

### मानसून बढ़ने की परिस्थितियां अनुकूल

*देशभर में लोग मॉनसून का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन इस बार इसकी रफ्तार अपेक्षाकृत धीमी बनी हुई है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के मुताबिक अगले 4 दिनों के दौरान मॉनसून के महाराष्ट्र, कर्नाटक के शेष भागों, तेलंगाना, ओडिशा, झारखंड, बिहार और छत्तीसगढ़ के कुछ इलाकों में आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं।*

# स्कूलों में झरिया का पानी पीएंगे, उसी से बना मध्यान्ह भोजन भी खाएंगे बच्चे




गोरेलाल सिन्हा ▶▶| गरियाबंद

देश कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल शिक्षा और आधुनिक भारत के सपनों को साकार करने में जुटा है, लेकिन छत्तीसगढ के आदिवासी बहुल गरियाबंद जिले में नए शिक्षा सत्र 2026-27 की शुरुआत ऐसे हालात में होने जा रही है जहां कई स्कूली बच्चे झरिया का पानी पीकर और उसी पानी से बने मध्यान्ह भोजन के भरोसे अपना भविष्य संवारने स्कूल पहुंचेंगे। जिले में चार ऐसे स्कूल हैं और यह सब बाकायदा शिक्षा विभाग के रिकॉर्ड में दर्ज है। जिले में कहीं भवन जर्जर हैं, कहीं बिजली नहीं है, कहीं शौचालय नहीं हैं तो कहीं कक्षाएं आंगनबाड़ी सामुदायिक भवन अथवा ग्रामीणों के घरों में संचालित हो रही हैं। 16 जून से जिले के 1417 स्कूलों के 90 हजार से अधिक विद्यार्थी इन्हीं हालात के बीच पढ़ाई शुरू हुई। विशेष पिछड़ी जनजाति कमार और भुंजिया समुदाय की बड़ी आबादी वाले गरियाबंद जिले के वनांचल और दूरस्थ क्षेत्रों के विकासखंडों में बुनियादी सुविधाओं का गंभीर संकट बना हुआ है।




### देवभोग में खपरैल के नीचे चल रही पढ़ाई

देवभोग विकासखंड के 186 स्कूलों में 16 हजार 603 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। यहां छह स्कूल अत्यंत जर्जर स्थिति में हैं, जबकि नौ खपरैल युक्त स्कूलों की हालत बेहद खराब है। कई स्थानों पर बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों, सामुदायिक भवनों और ग्रामीणों के घरों में पढ़ाई करनी पड़ रही है। मुख्यमंत्री जतन योजना से राशि मिलने के बावजूद मरम्मत कार्य अधूरे पड़े हैं।



कार्यालय विकासखण्ड स्रोत समन्वयक समग्र शिक्षा मैनपुर जिला - गरियाबंद(छ.ग.)

प्रपत्र 04

पेयजल विहीन स्कूल की जानकारी

| यूडाईस कोड | दर्ज संख्या | पेयजल का स्रोत नलकूप/ग्राम पंचायत द्वारा प्रदत्त नल | वर्तमान स्थिति | पेयजल उपयोगी/अनुपयोगी | मध्याह्न भोजन की उपयोगी | शि[illegible] |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 22252606501 | 15 | नही | | | झरिया के पानी से बनता है | |
| 22252620501 | 2 | नही | | | झरिया के पानी से बनता है | |
| 22252626001 | 7 | नही | | | झरिया के पानी से बनता है | |
| 22252629001 | 8 | नही | | | झरिया के पानी से बनता है | |

विकासखण्ड स्रोत समन्वयक, समग्र शिक्षा मैनपुर जिला - गरियाबंद(छ.ग.)

विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी विकासखण्ड मैनपुर जिला - गरियाबंद(छ.ग.)

### रिपोर्ट में भी झरिया के पानी के उपयोग का उल्लेख

### छुरा ब्लाक के 67 स्कूलों में शौचालय खराब

छुरा विकासखंड के 367 स्कूलों में 20 हजार 294 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। यहां 67 स्कूलों के शौचालय जर्जर स्थिति में हैं, जबकि 22 स्कूलों में कंप्यूटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण मरम्मत के अभाव में बंद पड़े हैं। 16 जून को स्कूलों की घंटियां तो बज जाएंगी, लेकिन सवाल यह है कि झरिया का पानी पीकर और उसी पानी से बना भोजन खाकर पढ़ने वाले इन बच्चों के सपनों को मजबूत नींव आखिर कब मिलेगी।

## जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और कई नेताओं से मुलाकात करेंगे

# एवियन शहर पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी आज ट्रंप से होगी द्विपक्षीय लंबी बात

जी 7 शिखर सम्मेलन में वैश्विक सहयोग पर जोर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


जी-7 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फ्रांस के एवियन शहर पहुंच गए हैं। यहां सम्मेलन में शामिल होने के अलावा पीएम मोदी दुनिया के तमाम दिग्गज नेताओं से वन टू वन चर्चा करेंगे। आज यानी बुधवार को उनकी मुलाकात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से भी होगी और कई मुद्दों पर चर्चा होगी। जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फ्रांस के एवियन पहुंचे। सोमवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने 52वें जी 7 समिट का औपचारिक उद्घाटन किया था। आगमन के बाद पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने आगमन की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वे विश्व नेताओं के साथ मुलाकात करने और वैश्विक महत्व के प्रमुख मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए उत्सुक हैं। आगे कहा, भारत एक अधिक सतत और समृद्ध भविष्य के लिए सामूहिक वैश्विक प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### दुनिया के नेताओं से वन टू वन मिलेंगे मोदी



### मंच पर भारत की ये 13वीं भागीदारी

जी-7 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी की लगातार यह सातवीं उपस्थिति है और इस मंच पर भारत की 13वीं भागीदारी है। शिखर सम्मेलन में भारत की निरंतर उपस्थिति, प्रमुख वैश्विक चुनौतियों से निपटने और शांति, सुरक्षा, सतत विकास तथा आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किए जा रहे अंतरराष्ट्रीय प्रयासों में योगदान देने में उसकी बढ़ती भूमिका को दर्शाती है। यह शिखर सम्मेलन भारत के लिए और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी वैश्विक मंच पर ग्लोबल साउथ की आवाज़ और चिंताओं को बुलंद कर सकते हैं।



### द्विपक्षीय चर्चा करेंगे पीएम मोदी और ट्रंप

*प्रधानमंत्री मोदी की इस यात्रा के दौरान एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आज बुधवार को अमेरिका का के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के साथ उनकी मुलाकात होगी। दोनों नेता विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा कर सकते हैं। वे पारस्परिक हित के महत्वपूर्ण क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विचार-विमर्श कर सकते हैं।*

### पीएम मोदी का जिनेवा में स्विटजरलैंड के राष्ट्रपति पारमेलिन ने किया स्वागत



*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्लोवाकिया के सफल दो दिवसीय दौरे के बाद जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए स्विट्जरलैंड की राजधानी जिनेवा पहुंच गए। यहां स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति गाय पारमेलिन ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी यहां से जी-7 समिट में शामिल होने के लिए एवियन पहुंच गए हैं।*

## रूस के साथ धोखेबाजी कर रहा पाकिस्तान

# यूक्रेन को दे रहा तोप के गोले जेएफ-17 इंजन पर भी दगाबाजी

नाटो देशों के साथ गुप्त त्रिकोणीय समझौता



एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद

पाकिस्तान एक तरफ रूस से दोस्ती बढ़ाने का नाटक कर रहा है, तो दूसरी तरफ पर्दे के पीछे से यूक्रेन को भारी मात्रा में हथियारों की सप्लाई कर रहा है। पाकिस्तानी सेना के करीबी और वरिष्ठ पत्रकार नजम सेठी ने इस बड़े दोहरे खेल का सनसनीखेज खुलासा किया है। हालांकि पाकिस्तान का विदेश मंत्रालय हमेशा इन दावों को खारिज करता आया है, लेकिन खुफिया रिपोर्ट्स और युद्ध के मैदान की तस्वीरों ने इस्लामाबाद के झूठ को बेनकाब कर दिया है। नजम सेठी ने एक और चौंकाने वाला दावा किया है कि पाकिस्तान अब यूक्रेन के साथ अपने जेएफ-17 लड़ाकू विमानों के इंजन को लेकर सीधे बातचीत कर रहा है।

असल में, ये इंजन पाकिस्तान को चीन के जरिए रूस से मिलते थे। पाकिस्तान चाहता था कि रूस उसके देश के भीतर ही इंजन सर्विसिंग फैक्ट्री खोले, लेकिन मॉस्को ने भारत के साथ अपने मजबूत रक्षा संबंधों का सम्मान करते हुए पाकिस्तान की इस मांग को सिरे से खारिज कर दिया। इसी झटके के बाद अब पाकिस्तान ने रूस की पीठ में छुरा घोंपते हुए यूक्रेन का दामन थाम लिया है।खुलासे के मुताबिक, पाकिस्तान ने अमेरिका और ब्रिटेन जैसी नाटो ताकतों के साथ मिलकर एक गुप्त त्रिकोणीय समझौता किया था। इस सीक्रेट डील के तहत पाकिस्तान ऑर्डनेंस फैक्ट्री (पीओएफ) में बने सोवियत काल के 122एमएम और 155एमएम के तोप के गोले और रॉकेट, ब्रिटेन और जर्मनी के रास्ते यूक्रेन भेजे गए।

## 15 किलो तक लगेज फ्री, इसके बाद प्रति तीन किलो 1650 रुपए शुल्क

# हवाई यात्रियों पर लगेज चार्ज का बोझ, घरेलू विमानों पर देना होगा 59 फीसदी ज्यादा शुल्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर



विमानों में सफर करने वाले यात्रियों पर एक फिर लगेज चार्ज का बोझ डाला गया है। डोमेस्टिक फ्लाइट का संचालन करने वाली इंडिगो ने घरेलू विमानों में बैगेज चार्ज में 59 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। वहीं इंटरनेशनल फ्लाइट में पूर्व निर्धारित दर से तीन गुना से ज्यादा शुल्क तय किया गया है। यात्रियों को सफर के दौरान 15 किलो तक लगेज फ्री ले जाने की सुविधा होती है और उससे ज्यादा वजन पर शुल्क देना होता है। हवाई यात्रा करने वालों के फेयर में उतार-चढ़ाव होना तो आम बात है, मगर इसके अलावा लिए जाने वाला शुल्क अतिरिक्त बोझ के रूप में सामने आता है। सर्वाधिक घरेलू विमान सेवा का संचालन करने वाली इंडिगो ने अपने लगेज शुल्क में बढ़ोतरी की है। यानी यात्रा के दौरान तय क्षमता से ज्यादा सामान ले जाना यात्रियों की जेब पर सीधे असर डाल सकता है। व्यास ट्रैवल्स के संचालक कीर्ति व्यास ने बताया कि 15 किलो के बाद अतिरिक्त तीन किलो लगेज के लिए 975 रुपए शुल्क देना पड़ता था। अब इसके लिए 1650 रुपए चुकाने होंगे। इसी तरह बैग का वजन बढ़ने के साथ उसके शुल्क की दरों में भी बदलाव होता जाता है। घरेलू विमानों के साथ इंटरनेशल फ्लाइट में भी यात्रा करने वालों पर भी लगेज शुल्क का भार छह महीने बाद बढ़ा है। रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से इंटरनेशनल फ्लाइट संचालित नहीं होती, मगर घरेलू उड़ानों की संख्या 30 से अधिक है।

### घरेलू विमानों में इस तरह का शुल्क

| किलो | पहले | अब |
|---|---|---|
| 3 | 975 | 1650 |
| 5 | 1625 | 2750 |
| 10 | 3250 | 5495 |
| 20 | 6500 | 9990 |
| 25 | 8125 | 12500 |
| 30 | 9750 | 14985 |
| 40 | 13000 | 19200 |

### इंटरनेशनल फ्लाइट में 2 सौ नहीं, 625 रुपए प्रति किलो

विदेश यात्रियों को एक निर्धारित वजन का सामान अपने साथ ले जाने की छूट होती है। इसके बाद के लगेज का किलो के हिसाब से शुल्क देना होता है।पहले इसके लिए 100 प्रति किलो का लगेज शुल्क तय था। नवंबर में इसे बढ़ाकर 2 सौ रुपए किया गया था और जून में इस चार्ज को 625 रुपए प्रति किलो कर दिया गया है। 625 रुपए के हिसाब से 8 किलो तक फिर 15 से 30 किलो तक के लगेज के लिए 500 रुपए प्रति किलो के हिसाब से शुल्क तय किया गया है।

## इजराइल और अमेरिका आमने सामने, साध रहे निशाना

# ट्रंप ने फिर निकाली नेतन्याहू पर भड़ास कहा इजराइल से बेहतर तो सीरिया लड़ सकता है

कतर के अमीर से मुलाकात के बाद इजराइल पर ट्रंप ने साधा निशाना

अमेरिका शांति चाहता है और इजराइल अपनी शर्तों पर अड़ा है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की रणनीति पर नाराजगी जताई है। ट्रंप ने साफ कहा कि हिज्बुल्लाह से निपटने में इजराइल से बेहतर काम सीरिया कर सकता है। उनका मानना है कि लेबनान में इजराइल की सैन्य कार्रवाई ने ईरान के साथ चल रही शांति वार्ता को लगभग पटरी से उतार दिया था। ट्रंप का यह बयान जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान कतर के अमीर से मुलाकात में सामने आया, जिसने पश्चिम एशिया की राजनीति में नई चर्चा छेड़ दी है। ट्रंप का कहना है कि इजराइल हिज्बुल्लाह के खिलाफ अभियान तो चला रहा है, लेकिन



इसमें आम लोगों की जान भी जा रही है। ट्रंप ने तंज भरे अंदाज में कहा, इजरायल सबको मारे बिना यह काम नहीं कर सकता, इसलिए सीरिया को यह काम करना चाहिए। अमेरिकी राष्ट्रपति का यह बयान इसलिए भी बहुत अहम माना जा रहा है, क्योंकि सीरिया लंबे समय से इजराइल का कट्टर विरोधी देश रहा है। ऐसे में ट्रंप का यह कहना कि सीरिया बेहतर तरीके से हिज्बुल्लाह से लड़ सकता है। इजराइल की रणनीति पर उनकी सीधी नाराजगी के तौर पर देखा जा रहा है। ट्रंप ने साफ तौर पर कहा कि नेतन्याहू सरकार के इस कड़े रुख की वजह से ही ईरान के साथ चल रही शांति बातचीत प्रभावित हुई।

### ईरान को परमाणु बम नहीं रखने देंगे



इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ईरान को किसी भी हाल में परमाणु हथियार नहीं रखने दिए जाएंगे, चाहे शांति समझौता हो या नहीं। उनका यह बयान तब आया है, जब पश्चिम एशिया में तनाव कम करने के लिए अमेरिका और ईरान के बीच एक समझौते पर सहमति बनी है।



## एयू स्मॉल बैंक का उन्नत 3-इन-1 खाता

**मुंबई।** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक और मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने अपने 3-इन-1 खाता प्रस्ताव को और अधिक सशक्त बनाते हुए एक महत्वपूर्ण उन्नयन की घोषणा की है। इस नई सुविधा के तहत निवेशकों को फंड ब्लॉकिंग का विकल्प मिलेगा, जिससे शेयर बाजार में निवेश और ट्रेडिंग पहले की तुलना में अधिक सहज, कुशल और किफायती हो जाएगी। 3-इन-1 खाता एक एकीकृत वित्तीय समाधान है, जिसमें बचत खाता, ट्रेडिंग खाता और डीमैट खाता एक ही प्लेटफॉर्म पर जुड़े होते हैं। नए उन्नयन के तहत एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक का बचत खाता सीधे मोतीलाल ओसवाल के रीज ऐप से जोड़ा गया है। ।

# डीजल बिक्री के नए प्रावधानों पर ट्रांसपोर्टर और उद्योग जगत ने जताई चिंता- सरकार करे पुनर्विचार

## ट्रक चालक अलग-अलग शहरों और राज्यों से डीजल भरवाते हैं, तो मालभाड़ा निर्धारित करना बेहद जटिल हुआ

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

डीजल बिक्री से जुड़े प्रस्तावित नए प्रावधानों को लेकर परिवहन उद्योग में चिंता बढ़ती जा रही है। ट्रांसपोर्ट कारोबार से जुड़े प्रतिनिधियों का कहना है कि इन नियमों के लागू होने से ट्रक ऑपरेटरों और वाहन मालिकों के साथ किसानों के सामने कई व्यावहारिक और आर्थिक चुनौतियां खड़ी हो रही है। ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र कपूर ने कहा कि यदि ट्रक चालक अलग-अलग शहरों और राज्यों से डीजल भरवाते हैं, तो मालभाड़ा (फ्रेट रेट) निर्धारित करना बेहद जटिल हो जाएगा।

उन्होंने बताया कि देश के विभिन्न राज्यों में डीजल की कीमतें अलग-अलग हैं और इनमें समय-समय पर बदलाव भी होता रहता है। राजेंद्र कपूर के अनुसार, ट्रांसपोर्ट कंपनियों के लिए यह सुनिश्चित करना आसान नहीं होगा कि चालक किस स्थान से, कितनी मात्रा में और किस दर पर डीजल खरीद रहा है। उन्होंने कहा कि लंबी दूरी के परिवहन में वाहनों की लगातार निगरानी और ईंधन खर्च का सटीक आकलन पहले से ही चुनौतीपूर्ण है। वहीं ट्रांसपोर्टर राजेंद्र सिंह बग्गा, ठाकुरलाल राजपूत ने कहा कि ईंधन लागत मालभाड़ा निर्धारण का सबसे महत्वपूर्ण घटक है।



नसरूल्लागंज पेट्रोल पंप पर किसानों की भीड़

### परिवहन अर्थव्यवस्था की रीढ़

यदि डीजल खरीद की प्रक्रिया और कीमतों में क्षेत्रवार अंतर बढ़ता है, तो ट्रांसपोर्ट ऑपरेटरों के लिए लागत नियंत्रण और उचित फ्रेट रेट तय करना कठिन हो जाएगा। ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े व्यवसायियों ने केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि किसी भी नए निर्णय को लागू करने से पहले परिवहन क्षेत्र की जमीनी और व्यावहारिक चुनौतियों का व्यापक अध्ययन किया जाए। साथ ही ट्रांसपोर्ट संगठनों, वाहन मालिकों और उद्योग विशेषज्ञों से चर्चा कर ऐसा समाधान निकाला जाए, जिससे नीति का उद्देश्य भी पूरा हो और परिवहन उद्योग पर अनावश्यक बोझ भी न पड़े। जबकि गोविंदपुरा इंडस्ट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय गौर ने कहा कि परिवहन क्षेत्र देश की आपूर्ति श्रृंखला और अर्थव्यवस्था की रीढ़ है।

### खेती के समय पेट्रोलियम मंत्रालय के नए नियम से डीजल के लिए इधर से उधर भटक रहे सभी किसान

राजधानी भोपाल जिले के ग्रामीण अंचलों के साथ समूचे प्रदेश की ग्रामीण अंचलों में किसानों को पेट्रोलियम मंत्रालय के नए नियमों के बाद डीजल की भारी किल्लत और बढ़ती परेशानी से जूझना पड़ रहा है। किसान मिश्रीलाल राजपूत और किसान नेता भागीरथ पाटीदार का कहना है कि खेती के काम जैसे ट्रैक्टर चलाना और हार्वेस्टर संचालन के लिए डीजल अब आसानी से उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। कृषि उपज मंडी समिति भोपाल के पूर्व अध्यक्ष भागीरथ पाटीदार के अनुसार हाल ही में पेट्रोलियम मंत्रालय द्वारा लागू किए गए नए प्रावधानों के तहत डीजल की खरीदी और वितरण पर कुछ सख्त नियम लागू किए गए हैं, जिसमें बड़े उपभोक्ताओं और थोक खरीद पर नियंत्रण शामिल है। इसका असर ग्रामीण क्षेत्रों में भी देखने को मिल रहा है, जहां किसानों को समय पर डीजल नहीं मिल पा रहा है और उन्हें लंबी कतारों या सीमित मात्रा की वजह से परेशानी उठानी पड़ रही है। कई किसानों ने मांग की है कि सरकार ग्रामीण और कृषि उपयोग के लिए अलग से आसान और प्राथमिक आपूर्ति व्यवस्था बनाए।



भागीरथ पाटीदार

## मिस-सेलिंग को लेकर 1 जनवरी 2027 से लागू होंगे नए नियम

# आरबीआई का बड़ा फैसला: बैंकों की मनमानी पर लगेगी रोक, सख्त नियम जारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक ने एक बड़ा फैसला लिया है। आरबीआई ने वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की गलत बिक्री (मिस-सेलिंग) को रोकने के लिए नए और बेहद सख्त नियम जारी किए हैं। अब बैंक अपने कर्मचारियों के लिए ऐसा इंसेंटिव ढांचा नहीं बना पाएंगे जो उन्हें आक्रामक बिक्री के लिए उकसाए।

ये नए नियम 1 जनवरी, 2027 से पूरी तरह लागू हो जाएंगे। आरबीआई ने इस बार 'सिद्धांत-आधारित और माध्यम-तटस्थ दृष्टिकोण' अपनाया है। इसका मतलब है कि बेचने का जरिया चाहे जो भी हो, नियम सब पर बराबर लागू होंगे। अब इसके दायरे में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स भी आएंगे। साथ ही बैंकों के लिए काम करने वाले डिजिटल मार्केटिंग मध्यस्थों को भी इसके दायरे में लाया गया है। आम लोगों को गलत तरीके से वित्तीय उत्पाद बेचने के मामले लगातार बढ़ रहे थे। इसी को देखते हुए रिजर्व बैंक ने यह कड़ा कदम उठाया है।

### माध्यम-तटस्थ दृष्टिकोण अपनाया

### रिजर्व बैंक ने यह कड़ा कदम उठाया

लोगों को गलत तरीके से वित्तीय उत्पाद बेचने के मामले लगातार बढ़ रहे थे




### इसके बाद सभी पक्षों से फीडबैक लिया गया

नए नियमों के तहत अब तीसरे पक्ष (थर्ड पार्टी) की तरफ से बैंक कर्मचारियों को मिलने वाले इंसेंटिव पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। हालांकि, बैंक अपनी तरफ से अपने कर्मचारियों को इंसेंटिव दे सकते हैं, उस पर रोक नहीं है। आरबीआई का मुख्य मकसद यह सुनिश्चित करना है कि इंसेंटिव के लालच में आकर कर्मचारी ग्राहकों को गलत सामान न बेचें। वे ग्राहकों पर किसी तरह का दबाव न बनाएं। इससे पहले फरवरी में केंद्रीय बैंक ने इस संबंध में एक ड्राफ्ट जारी किया था। उस ड्राफ्ट में बैंकों और एनबीएफसी को तीसरे पक्ष के उत्पादों के विज्ञापन और बिक्री को लेकर व्यापक निर्देश दिए गए थे। इसके बाद सभी पक्षों से फीडबैक लिया गया।

### यस बैंक घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने यस बैंक से जुड़े कथित मनी लांड्रिंग मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए दिल्ली, मुंबई और खंडाला सहित 17 स्थानों पर एक साथ छापेमारी की है। अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई सिक्योरिटी एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड, सुरक्षा रियल्टी लिमिटेड और ख्याति रियल्टर्स प्राइवेट लिमिटेड के परिसरों के अलावा इनके प्रमोटरों, निदेशकों, कर्मचारियों तथा यस बैंक के एक पूर्व कर्मचारी के ठिकानों पर की गई। ईडी की जांच वित्त वर्ष 2016-17 से 2017-18 के दौरान मैक्सस्टार मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड और अन्य कंपनियों के यस बैंक के ऋणों के कथित फर्जी हस्तांतरण से जुड़ी है। जांच एजेंसी के अनुसार, तलाशी अभियान का उद्देश्य मनी लांड्रिंग और वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े साक्ष्य जुटाना है।



## माइंडमाइन समिट 2026 में भारत की विकास यात्रा

'भारत ने दिशा बदली' विषय पर केंद्रित सम्मेलन

# वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सहित दिग्गजों ने साझा किए अपने विचार

सम्मेलन में शीर्ष नीति-निर्माता, उद्योगपति, निवेशक आदि हुए शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

माइंडमाइन समिट2026 का 16वां संस्करण नई दिल्ली स्थित ताज पैलेस में संपन्न हुआ। हीरो एंटरप्राइज के प्रमुख चिंतन नेतृत्व मंच के रूप में आयोजित इस समिट में देश के शीर्ष नीति-निर्माताओं, उद्योगपतियों, अर्थशास्त्रियों, निवेशकों, राजनयिकों और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने भारत की विकास यात्रा और भविष्य की संभावनाओं पर व्यापक चर्चा की।

अनिश्चित समय, भरोसेमंद फैसलेः भारत ने दिशा बदली विषय पर केंद्रित इस सम्मेलन में बदलते वैश्विक परिदृश्य के बीच भारत की आर्थिक मजबूती, नवाचार, निवेश, संस्थागत विकास और दीर्घकालिक वृद्धि रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया गया। समिट का उद्घाटन केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण, हीरो इंटरचेंज के दांव सुनील कांत मुंजाल और मोतीलाल ओसवाल सिक्योरिटीज के दांव रामदेव अग्रवाल के बीच विशेष संवाद के साथ हुआ।




चर्चा करतीं केंद्रीय वित्त मंत्री

### मुद्रा जोखिम कम करने सक्रिय कदम उठा रहे

संबोधन में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि आयातित कच्चे माल और अन्य वस्तुओं पर निर्भरता भारत की एक प्रमुख चुनौती बनी हुई है, लेकिन मजबूत घरेलू उपभोग ने वैश्विक आर्थिक उतार-चढ़ाव के बीच देश को मजबूती प्रदान की है। उन्होंने बताया कि सरकार विदेशी पूंजी आकर्षित करने, बांड बाजार को मजबूत बनाने और मुद्रा जोखिम को कम करने के लिए नीतिगत स्तर पर सक्रिय कदम उठा रही है।

### देश आत्मविश्वास के साथ बदलावों को स्वीकार कर रहा

उन्होंने यह भी कहा कि आर्थिक प्रतिस्पर्धा अब केवल केंद्र सरकार तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि विभिन्न राज्य भी ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर , डेटा सेंटर और तकनीकी निवेश आकर्षित करने के लिए आपस में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। हीरो एंटरप्राइज के चेयरमैन सुनील कांत मुंजाल ने कहा कि इस वर्ष के समिट में हुई चर्चाओं ने यह स्पष्ट किया है कि भारत के सामने अपार अवसर मौजूद हैं और देश आत्मविश्वास के साथ बदलावों को स्वीकार कर रहा है।

## गोदरेज के बीआईएस प्रमाणित स्मार्ट कैमरे

**मुंबई।** गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के सिक्योरिटी सॉल्यूशंस बिजनेस ने अपने नए बीआईएस-ईआर प्रमाणित स्मार्ट सुरक्षा कैमरों की श्रृंखला लॉन्च की है। यह नई रेंज वाई-फाई और 4जी सक्षम तकनीक के साथ पेश की गई है, जिसका उद्देश्य ग्राहकों को अधिक सुरक्षित, भरोसेमंद और कनेक्टेड निगरानी अनुभव प्रदान करना है। कंपनी के अनुसार, यह लॉन्च भारत के तेजी से बढ़ते संगठित सर्विलांस बाजार में उसकी विस्तार रणनीति का हिस्सा है, जहां ग्राहक अब केवल कैमरा नहीं बल्कि एक समग्र सुरक्षा समाधान की मांग कर रहे हैं। गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के सिक्योरिटी सॉल्यूशंस बिजनेस के प्रमुख पुष्कर गोखले ने कहा कि भारत में सीसीटीवी सर्विलांस बाजार तेजी से बदल रहा है ।

## राशिफल



**मेष** मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।



**वृष** अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार के स्वास्थ का ध्यान रखें। कारोबार में कुछ समस्याएं आ सकती हैं। भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है।



**मिथुन** मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।



**कर्क** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। परिवार का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से आय के स्रोत विकसित हो सकते हैं।



**सिंह** शैक्षिक कार्यों में कठिनाई हो सकती है। सचेत रहें। किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार के लिए विदेश यात्रा लाभप्रद रहेगी।



**कन्या** मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु नौकरी में अफसरों से व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। कोई जिम्मेदारी मिल सकती



**तुला** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।



**वृश्चिक** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। आत्मसंयत भी रहे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।




**धनु** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पिता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। परन्तु जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।



**मकर** वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। आय में वृद्धि



**कुंभ** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु संयत भी रहें। क्रोध से बचें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।



**मीन** शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

## 'इशराए' ने जारी की प्रैक्टिकल गाइडलाइंस

**भोपाल।** इंडियन सोसाइटी ऑफ हीटिंग, रेफ्रिजरेटिंग एंड एयर कंडीशनिंग इंजीनियर्स (इशराए) ने हीट स्ट्रेस के प्रबंधन और थर्मल कम्फर्ट को बढ़ाने के लिए अपना नवीनतम 'पोजिशन डॉक्यूमेंट' जारी किया है। यह दस्तावेज लोगों, समुदायों, संस्थानों और नीति-निर्माताओं को अत्यधिक गर्मी के दौरान सुरक्षित और आरामदायक रहने के लिए वैज्ञानिक आधार पर व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान करता है। इशराए टेक्निकल कमेटी के सोसाइटी चेयर के राघवन ने कहा कि हीटवेव अब केवल मौसमी घटना नहीं रह गई है।

## अल्ट्रा-लक्जरी प्रोजेक्ट 'रहेजा अवाना' की 20 जून को होगी भव्य लांचिंग

**रायपुर।** शहर में अल्ट्रा-लक्जरी रियल एस्टेट सेगमेंट को नई पहचान देने की दिशा में रहेजा ग्रुप 20 जून को अपने विशेष प्रोजेक्ट 'रहेजा अवाना' का लांच करने जा रहा है। यह प्रोजेक्ट रहेजा ग्रुप के नए सेगमेंट 'रहेजा लक्स' के तहत पेश किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत इस साल तीन विशिष्ट लक्जरी प्रोजेक्ट्स लांच की जाएंगी। कचना मेन रोड पर कचना झील के सामने विकसित हो रहा 'रहेजा अवाना' 23 एकड़ क्षेत्र में फैला एक लिमिटेड एडिशन अल्ट्रा-लक्जरी प्रोजेक्ट है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि पूरे प्रोजेक्ट में केवल 74 यूनिट्स ही विकसित की जा रही हैं, जो रायपुर में बड़े भू-भाग पर सीमित आवासीय इकाइयों वाले चुनिंदा प्रोजेक्ट्स में शामिल होगा। यहां 4,000 वर्गफुट से लेकर 12,000 वर्गफुट तक के प्लॉट्स उपलब्ध हैं, वहीं लक्जरी विला का विकल्प भी ग्राहकों को मिलेगा।सिंगापुर के प्रसिद्ध आर्किटेक्ट एंडी फिशर द्वारा डिजाइन किए गए इस प्रोजेक्ट में आधुनिक वास्तुकला और अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं का समावेश किया गया है। प्रोजेक्ट की एक अनूठी विशेषता यह है कि इसमें स्पोर्ट्स क्लब और सोशल क्लब को अलग-अलग बिल्डिंग में विकसित किया जा रहा है। स्पोर्ट्स क्लब में विभिन्न खेल गतिविधियों की सुविधाएं होंगी, जबकि सोशल क्लब निवासियों को आराम, मेलजोल और प्रीमियम लाइफस्टाइल का अनुभव प्रदान करेगा।

## आईडीबीआई बैंक का अपॉर्च्युनिटी डिपॉजिट लांच

**मुंबई।** आईडीबीआई बैंक ने गैर-निवासी भारतीयों (एनआरआई) के लिए अमेरिकी डॉलर में एफसीएनआर (बी) स्पेशल अपॉर्च्युनिटी डिपॉजिट योजना शुरू की है। बैंक का कहना है कि यह विशेष जमा योजना एनआरआई ग्राहकों को विदेशी मुद्रा में सुरक्षित निवेश के साथ बेहतर रिटर्न का अवसर प्रदान करेगी। बैंक द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, यह विशेष ऑफर से 30 सितंबर 2026 तक सीमित उपलब्ध रहेगा। योजना के तहत निवेश राशि के आधार पर आकर्षक ब्याज दरें दी जाएंगी। तीन वर्ष से चार वर्ष से कम अवधि के डिपॉज़िट पर 10 लाख अमेरिकी डॉलर तक की जमा राशि के लिए 6.00 प्रतिशत, 10 लाख डॉलर से अधिक और 50 लाख डॉलर तक की राशि के लिए 6.05 प्रतिशत तथा 50 लाख डॉलर से अधिक की राशि पर 6.10 प्रतिशत ब्याज मिलेगा। इसी प्रकार चार वर्ष से पांच वर्ष से कम अवधि के डिपॉज़िट पर ब्याज दरें 6.05 प्रतिशत से 6.15 प्रतिशत तक निर्धारित की गई हैं। वहीं पांच वर्ष की अवधि के लिए ग्राहकों को 6.10 प्रतिशत से 6.20 प्रतिशत तक का आकर्षक रिटर्न मिलेगा।

## मोतीसंस ज्वेलर्स ने जुटाए 150 करोड़ रुपए

**जयपुर।** आभूषण उद्योग की कंपनी मोतीसंस ज्वैलर्स लिमिटेड ने क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट के माध्यम से 150 करोड़ रुपए की पूंजी जुटाई है। कंपनी के निदेशक मंडल ने आयोजित बैठक में क्यूआईपी के तहत 13.57 करोड़ इक्विटी शेयरों के आवंटन को मंजूरी प्रदान की।




सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## रिपोनो ने की रिलायंस से साथ साझेदारी

**मुंबई।** पेट्रोकेमिकल क्षेत्र की अग्रणी ऑपरेशंस एंड मेंटेनेंस तथा थ्रीपीएल कंपनी रिपोनो लिमिटेड ने घोषणा की, कि उसने रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के साथ पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एक ग्रीनफील्ड पेट्रोल, डीजल और एथेनॉल स्टोरेज टर्मिनल के लिए एक ऐतिहासिक दीर्घकालिक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह 20 वर्षीय बहु-करोड़ का अनुबंध है, जिसके तहत रिपोनो लिमिटेड पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एक बड़े ग्रीनफील्ड, रेल-आधारित पेट्रोलियम ऑयल टर्मिनल के जीवनचक्र का प्रबंधन करेगी।इस व्यापक एंड-टू-एंड परियोजना के अंतर्गत कंपनी इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन चरण की पूरी जिम्मेदारी निभाएगी और इसके बाद परिसंपत्ति के संचालन एवं रखरखाव की संपूर्ण जिम्मेदारी भी संभालेगी। परियोजना का निष्पादन और संचालन कंपनी की समर्पित विशेष प्रयोजन इकाई रिपोनो मथुरा टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड, जो कंपनी की एक स्टेप-डाउन सहायक कंपनी है, के माध्यम से किया जाएगा।

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**

**निविदा सूचना**


निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRO- 314 Date- 16/06/2026 2026_UAD_508750_1 | संभाग क्रमांक-06 अंतर्गत पं गोविंद वल्लभ पंत वार्ड में घोडा नक्काश क्रास पुलिया के आगे नाला निर्माण। | 4 माह 27.70/- लाख | 5000/- 20780/- | 16/07/2026 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईड https://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम जबलपुर

## शब्द पहेली - 6259




**बाएँ से दाए**

1. कार्य, काम-2
2. अग्नि, अनल-2
3. संग, संगत-2
4. मदिरा, शराब-2
6. चुटीली बात-2
7. उम्मीद-2
8. समाचार, सूचना-3
9. भगवान कृष्ण के खेल-2
10. छाया, परछाई-2
11. कहासुनी-3
12. जी, चित-2
13. निशा-2
14. पासों का खेल-3
16. करीना की फिल्म-2
17. आगे वाला-3
18. सीधा, सरल-2
19. वीर, बहादुर-2
20. दलदल, गाद-3
21. तांत, टेलीग्राम -2
22. वंश, खानदान-2
23. नशा, नशापानी-3
24. चिट्ठी, पत्र-2
26. सही का विलोम-3
27. ठिकाना-2
28. प्राण, दम-2
29. नरक (उर्दू-3)
30. बीता हुआ दिन-2
31. पोखर, तालाब-2
32. हताहत-3
33. दर, मूल्य-2
34. आयु-2
36. अंधकार-2
37. पांव, पैर-2
38. कान्हा-2
39. टैक्स, हाथ-2

**ऊपर से नीचे**

1. समय, वक्त-2
2. आगमन-2
3. पति की मां-2
4. भोर, सवेरा-3
5. झगड़ा-2
6. लॉक, द्वारयंत्र-2
7. धाय, नर्स, दाई-2
8. अवरोध, रुकावट-3
9. मगन, मग्न-2
10. सप्त, सप्तम-2
11. लक्ष्मी, रमा-3
12. मौज, मजा-2
13. महाराजा-2
14. घिसन, रगस-3
15. गमन, जाना-2
16. पुनः, वापस-2
17. स्थिर-3
18. निष्कर्ष-2
19. कांटा-2
20. मूल्य, दाम-3
21. पितामह-2
22. मजदूर-2
23. ईश्वर-3
24. भूल, गलती-2
25. मछली-2
26. नगमा-3
27. क्षण-2
28. पाश-2
29. दूसरा-3
30. थोड़ा-2
31. तांबा-2
32. हमला-2
33. कलंक-2
34. गरम-2
35. मयूर-2

**शब्द पहेली -6258 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6269

✱✡✡✡✡ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6268 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

# 23 सेकंड में लुकाकू ने बदला मैच का रुख



- ग्रुप जी : मिस्र ने बेल्जियम को ड्रॉ पर रोका
- फैंस ने खड़े होकर किया स्वागत

एजेंसी ▶▶| सिएटल

बेल्जियम के स्टार खिलाड़ी केविन डी ब्रुइन और रोमेलु लुकाकू को गोल करने की कुछ बेहतरीन मौके मिले लेकिन वे इनका फायदा नहीं उठा पाए, जिसके कारण बेल्जियम को मिस्र के खिलाफ विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप जी का मैच 1-1 से ड्रॉ खेलना पड़ा। लुकाकू ने दूसरे हाफ में जब स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर कदम रखा तो बेल्जियम के प्रशंसकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। उन्हें अपना जलवा दिखाने के लिए केवल 23 सेकंड का समय लगा क्योंकि उन्होंने बेल्जियम की तरफ से बराबरी का गोल करने में अहम भूमिका निभाई। मिस्र ने 66,775 दर्शकों की मौजूदगी में ग्रुप जी के इस मैच में शुरुआती बढ़त हासिल की। उसकी तरफ से इमाम अशूर ने 19वें मिनट में गोल किया, जो उनका पहला अंतरराष्ट्रीय गोल था।

# केप वर्डे ने किया उलटफेर, चट्टान बने वोजिन्हा, स्पेन को ड्रॉ पर रोका

एजेंसी ▶▶| अटलांटा

विश्व कप में पदार्पण कर रहे छोटे से देश केप वर्डे ने खिताब के प्रबल दावेदार स्पेन को गोलरहित ड्रॉ पर रोककर मौजूदा फुटबॉल टूर्नामेंट में अब तक का सबसे बड़ा उलटफेर किया। स्पेन की टीम इस मैच में बड़े अंतर से जीत दर्ज करने की उम्मीद से उतरी थी लेकिन इसके विपरीत वह एक भी गोल नहीं कर पाई, जो टीम के लिए करारा झटका है।

केप वर्डे के लिए स्पेन को बराबरी पर रोकना बहुत बड़ी उपलब्धि है। केप वर्डे के गोलकीपर के सामने स्पेन के स्टार खिलाड़ी लगातार आक्रमण करते रहे। स्पेन ने कुल 26 शॉट लगाए, जिनमें से गोलपोस्ट की दिशा में गए सात शॉट्स को गोलकीपर वोजिन्हा ने अपने शांत दिमाग, फुर्ती और बेहतरीन नियंत्रण के दम पर रोक दिया। इस तरह 40 वर्षीय गोलकीपर वोजिन्हा के सामने 90 मिनट तक स्पेन के खिलाड़ी और पूरा देश एक गोल के लिए तरसता रहा। वोजिन्हा अंतिम सीटी बजने के बाद फूट-फूटकर रो पड़े। वह मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे।



### मात्र 5 लाख है केप वर्डे की जनसंख्या

लगभग 4 हजार वर्ग मीटर (लगभग 2.5 मील) के भूभाग और लगभग 5 लाख निवासियों वाले इस द्वीपसमूह केप वर्डे जनसंख्या के लिहाज से विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाला तीसरा सबसे छोटा देश है। स्पेन का मुकाबला रविवार को सऊदी अरब से जबकि केप वर्डे का उरुग्वे से होगा।

### स्पेन प्रबल दावेदारों में एक

यूरोपीय चैंपियन स्पेन टूर्नामेंट जीतने के प्रबल दावेदारों में से एक है और अपने पहले मैच में केप वर्डे को हराने के लिए सभी दांव उस पर लगे थे लेकिन कई स्टार खिलाड़ियों से सजी उसकी टीम विपक्षी टीम के 40 वर्षीय गोलकीपर वोजिन्हा की अगुवाई वाली मजबूत रक्षात्मक पंक्ति को भेद नहीं सकी। दूसरे हाफ में मैदान पर उतरने वाले किशोर लामिन यामल भी खेल का रुख नहीं बदल सके। केप वर्डे के लिए यह परिणाम जीत से कम नहीं था और खेल समाप्त होने के बाद उनका जश्न इसका सबूत है।

## ईरान ने की पिछड़ने के बाद वापसी
## न्यूजीलैंड से खेला ड्रॉ



**इंगलवुड।** ईरान ने दो बार पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप जी का अपना मैच 2-2 से ड्रॉ खेला। ईरानी खिलाड़ियों ने अपना जोश और जज्बा बनाए रखा तथा 64वें मिनट में मोहम्मद मोहेबी के गोल से बराबरी हासिल की। न्यूजीलैंड के लिए एलिजा जस्ट (सातवें और 54वें मिनट) ने दोनों हाफ की शुरुआत में गोल किए, लेकिन ईरान ने दो गोल करके ऑल व्हाइट्स (न्यूजीलैंड की टीम) को विश्व कप इतिहास में अपनी पहली जीत से वंचित रखा। रामिन रेजाइयन ने 32वें मिनट में ईरान की तरफ से पहला गोल किया। उन्होंने इसके बाद मोहेबी के गोल में मदद की। न्यूजीलैंड ने सातवें मिनट में दर्शकों को उस समय चौंका दिया जब कप्तान क्रिस वुड ने गोल किक को रोककर गेंद को जस्ट की ओर धकेल दिया, जिन्होंने कई रक्षकों के बीच से खूबसूरत गोल किया।

## खिताब के बचाव के लिए उतरेगा अर्जेंटीना, आज अल्जीरिया से मुकाबला

**कनसास सिटी।** अर्जेंटीना के कोच लियोनेल स्कैलोनी जानते हैं कि विश्व कप का फैसला टूर्नामेंट के पहले मैच में नहीं होगा। उनकी टीम ने चार साल पहले यह साबित कर दिया था। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना 2022 में कतर में सऊदी अरब से मिली हार की तरह ही शुरुआत करना चाहता है। अर्जेंटीना ने तब पहला मैच गंवाने के बाद शानदार वापसी की थी। उसने ग्रुप चरण के अपने बाकी बचे दो मैच में पोलैंड और मैक्सिको को हराया, क्वार्टरफाइनल में नीदरलैंड को पेनल्टी शूटआउट में पराजित किया और आखिर में एक और पेनल्टी शूटआउट में फ्रांस को हराकर अपना तीसरा विश्व खिताब जीता। अर्जेंटीना के अल्जीरिया के खिलाफ 2026 विश्व कप के पहले मैच से एक दिन पहले स्कैलोनी ने कहा, 'हमें पिछले विश्व कप का अनुभव है, इसलिए यह पहला मैच निर्णायक नहीं है।

## वर्ल्ड कप डेब्यू पर चमके सरप्रीत सिंह

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के मिडफील्डर सरप्रीत सिंह भारतीय मूल के पहले ऐसे फुटबॉलर बन गए हैं, जिन्होंने विश्व कप के मैच में शुरुआती एकादश में जगह बनाई। सरप्रीत ईरान के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ रहे मैच में न्यूजीलैंड की शुरुआती एकादश में शामिल थे। ऑकलैंड में पंजाबी माता-पिता के घर जन्मे 27 वर्षीय सरप्रीत ने इस मैच से विश्व कप में पदार्पण किया और अपने प्रदर्शन से प्रभावित भी किया। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच डैरेन बेज़ले ने उन्हें शुरुआती एकादश में शामिल किया और उन्होंने लगभग पूरा मैच खेला। उनकी जगह 90वें मिनट में स्थानापन्न खिलाड़ी ने ली थी। दस नंबर की जर्सी पहने सरप्रीत ने ईरान के गोल पर तीन शॉट लगाए, लेकिन वह ईरान के गोलकीपर को चकमा नहीं दे पाए।



## उरुग्वे ने बनाया दबदबा, सऊदी अरब को ड्रॉ पर रोका

**मियामी गार्डन्स।** सऊदी अरब ने गेंद पर कम नियंत्रण बनाए रखने के बावजूद बढ़त हासिल की और आखिर में उरुग्वे के खिलाफ विश्व कप फुटबॉल का मैच 1-1 से ड्रॉ खेला। सऊदी अरब के लिए अब्दुलेलह अल अमरी ने 41वें मिनट में रिबाउंड पर गोल किया, जबकि उरुग्वे के मैक्सी अराउजो ने 80वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। उरुग्वे ने दूसरे हाफ में अधिकतर समय दबदबा बनाए रखा लेकिन सऊदी अरब की रक्षा पंक्ति के खिलाड़ियों ने अच्छे बचाव किए। आखिर में मैक्सी ने गोलकीपर मोहम्मद अल-ओवैस को चकमा देते हुए गोल दागा।



### उरुग्वे ने किए गोल करने 28 प्रयास

उरुग्वे की टीम ने गेंद पर अधिक नियंत्रण बनाए रखा। उसने सऊदी अरब के सात के मुकाबले गोल करने के 28 प्रयास किए। मैक्सी ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में अपना चौथा गोल किया। अल अमरी ने सऊदी अरब को बढ़त दिलाकर उरुग्वे के प्रशंसकों को सन्न कर दिया था। उनके शॉट को पहले उरुग्वे के फर्नांडो मुस्लेरा ने गोल में नहीं जाने दिया था। मुस्लेरा हालांकि गेंद पर नियंत्रण नहीं बनाए रख पाए अल अमरी ने फुर्ती दिखाते हुए गोल करके अपनी टीम को बढ़त दिला दी।

## खबर संक्षेप



### एशियाई स्क्वाशः अभय-सेंथिल को मिली शीर्ष वरीयता

**चेन्नई।** अभय सिंह और वेलावान सेंथिलकुमार मलेशिया में गुरुवार से शुरू हो रही तीसरी एशियाई युगल स्क्वाश चैंपियनशिप में उतरेंगे तो उनकी नजरें अपना दबदबा कायम रखने पर होंगी । गत चैंपियन भारतीय जोड़ी को पूल ए में शीर्ष वरीयता मिली है

# सीरीज में अजेय बढ़त के साथ टीम इंडिया करेगी नए प्रयोग

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

### आज दोपहर 1.30 बजे से अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरा वनडे

भारतीय टीम प्रबंधन अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप को ध्यान में रखते हुए विभिन्न संयोजनों को आजमाना चाहता है और इसलिए अफगानिस्तान के खिलाफ बुधवार को होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में कुलदीप यादव और यशस्वी जायसवाल को खेलने का मौका मिल सकता है। भारत ने धर्मशाला में बारिश से प्रभावित मैच में आसान जीत दर्ज करके तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना रखी है और दूसरे मैच में जीत हासिल करने पर उसे अजेय बढ़त मिल जाएगी। भारतीय टीम हालांकि इससे कहीं आगे की सोच रही है। भारत को विश्व कप पहले से पहले लगभग दो दर्जन मैच खेलने हैं और टीम प्रबंधन पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि वह विभिन्न संयोजनों को आजमाएगा। अफगानिस्तान के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला इस दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है।



### हमारा सारा ध्यान अलग अलग संयोजन पर : गिल

*कप्तान शुभमन गिल ने पहले मैच से पहले कहा, 'हमारा सारा ध्यान अलग-अलग संयोजन आजमाने और यह देखने पर है कि हमारे लिए वास्तव में क्या कारगर साबित होगा।'*

## मकाऊ ओपन : मुख्य ड्रॉ में रौनक ने बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| मकाऊ

भारत के रौनक चौहान ने क्वालीफिकेशन मैच के बीच से म्यांमार के अपने प्रतिद्वंद्वी हेन टुट के चोटिल होने के कारण हटने पर मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। दोनों खिलाड़ियों ने एक-एक गेम जीता, जिसके बाद जब चौहान 14-21, 21-15, 19-17 से आगे चल रहे थे तो टुट ने मैच से हटने का फैसला किया। चौहान बुधवार को मुख्य ड्रॉ के पहले दौर में दुनिया के 133वें नंबर के खिलाड़ी चीनी ताइपे के झी यिंग वू से भिड़ेंगे।



टाइम पत्रिका

# 100 सबसे प्रभावशाली खिलाड़ियों में स्मृति भी



एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उप कप्तान स्मृति मंधाना को टाइम पत्रिका ने इस वर्ष खेल जगत के 100 सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों में शामिल किया है। वह इस सूची में शामिल होने वाली एकमात्र भारतीय हैं। टाइम पत्रिका की 2026 की खेल जगत के 100 सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों की सूची में ऐसे खिलाड़ी, कोच, समर्थक और निवेशक शामिल हैं, जिन्होंने खेलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इस सूची में अमेरिकी बास्केटबॉल के दिग्गज लेब्रॉन जेम्स, फुटबॉल स्टार लियोनेल मेस्सी, क्रिस्टियानो रोनाल्डो, चीनी-अमेरिकी स्कीयर एलीन गु, टेनिस स्टार कार्लोस अल्काराज, बास्केटबॉल खिलाड़ी विक्टर वेम्बन्यामा, दिग्गज गोल्फर रोरी मैकलॉय, दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट कप्तान तेम्बा बावुमा जैसे खेल जगत के सुपरस्टार शामिल हैं। भारतीय महिला राष्ट्रीय टीम की उप-कप्तान 29 वर्षीय मंधाना इस विशिष्ट क्लब का हिस्सा हैं। टाइम पत्रिका में मंधाना के बारे में कहा गया है, 'मंधाना घरेलू एकदिवसीय मैच में दोहरा शतक बनाने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी हैं, वह तीनों अंतरराष्ट्रीय प्रारुपों में शतक बनाने वाली पहली महिला खिलाड़ी हैं और 17 शतकों के साथ अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेट में सबसे अधिक शतक की संयुक्त रिकॉर्ड धारक हैं।'


## कार्यालय अध्यक्ष, काउंसलिंग समिति
## संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश

टैगोर छात्रावास क्रमांक-T2, प्रथम तल, श्यामला हिल्स, दूरदर्शन रोड, भोपाल-462002

**ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2026-27 (C-18)**

**बी.फार्मेसी पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष (तृतीय सेमेस्टर) में लेटरल एण्ट्री के माध्यम से अर्हकारी परीक्षा के आधार पर**
**एवं**
**फार्म-डी (पीबी) पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में अर्हकारी परीक्षा के आधार पर प्रवेश हेतु (शासकीय, शासन द्वारा घोषित स्वशासी, अनुदान प्राप्त अशासकीय, अनुदान प्राप्त-सम विश्वविद्यालय (डीम्ड विश्वविद्यालय), स्वशासी एवं स्ववित्तीय-विश्वविद्यालयीन एवं निजी क्षेत्र की संस्थान)**

| केन्द्रीयकृत काउंसलिंग चरण | |
|---|---|
| **गतिविधियां** | **दिनांक/समय** |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त | 01.07.2026 से 30.07.2026 रात्रि 11:45 बजे तक |
| रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) (सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार उपलब्ध रहेगी) | 31.07.2026 से 01.08.2026 सायं 5:30 बजे तक |
| संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना (प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी) | 20.07.2026 से 03.08.2026 रात्रि 11:45 बजे तक |
| कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता | 04.08.2026 |
| आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति (आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) | 10.08.2026 से 17.08.2026 सायं 6:30 बजे तक |
| **संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC) काउंसलिंग के केन्द्रीयकृत चरण उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| **ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन** | **प्रवेश के अवसर का दिनांक/समय** |
| 19.08.2026 से 23.08.2026 | 24.08.2026 प्रात: 10:30 बजे से सायं 6:30 बजे तक |
| **उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| 25.08.2026 से 29.08.2026 | 30.08.2026 प्रात: 10:30 बजे से सायं 6:30 बजे तक |
| **उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| 10.09.2026 से 15.09.2026 अंतिम तिथि को रजिस्ट्रेशन दोपहर 12:30 बजे तक रहेगा | 15.09.2026 प्रात: 10:30 बजे से सायं 06:30 बजे तक |

- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।
- संस्था स्तर की काउंसलिंग में **इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये** निर्धारित तिथि पर संस्था में प्रातः 10:30 से दोपहर 1:00 बजे तक उपस्थित हुए अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार कर, तदुपरान्त मेरिट के अनुसार प्रवेश किये जायेंगे।

**प्रवेश निरस्त**
- काउंसलिंग के किसी भी चरण में प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करने की अंतिम दिनांक/समय से आवंटन जारी होने तक तथा संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC) में, प्रवेश का अवसर प्राप्त करने की दिनांक को, प्रवेश निरस्तीकरण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।
- **संपर्कः -0755-6720205, 2660441 ई-मेल:- dte.helpcenter@mp.gov.in**

**अतिरिक्त संचालक**
**तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**
म.प्र. माध्यम/126405/2026



खेल प्रतिभाओं की पहचान का महाअभियान
# टैलेंट सर्च 2026-27



**क्या आपके अंदर छिपा है एक चैम्पियन?**

मध्यप्रदेश सरकार का खेल और युवा कल्याण विभाग प्रदेश के युवाओं के लिए लेकर आया है **"टैलेंट सर्च 2026-27"**, जिसका उद्देश्य प्रदेश के कोने-कोने में छिपी खेल प्रतिभाओं को खोजकर उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना है।

• राज्य खेल अकादमियों में प्रवेश का सुनहरा अवसर • विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभा परीक्षण
• निःशुल्क चयन प्रक्रिया • उत्कृष्ट खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण एवं सुविधाएँ
• भविष्य के ओलंपियन, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों की खोज

**एथलेटिक्स | फेंसिंग | कुश्ती**
**बॉक्सिंग | ताईक्वांडो | जूडो**
**ट्राइथलॉन | घुड़सवारी | शूटिंग**
**हॉकी | क्याकिंग-कैनोइंग | स्लालम**
**रोइंग | बैडमिन्टन | तीरंदाजी**

ऑनलाइन पंजीयन प्रारंभ: 17 जून 2026
टैलेंट सर्च प्रारंभ : 27 जून 2026
आज ही पंजीयन करें और अपने सपनों को दें उड़ान!

आयु वर्ग- 8 से 10 वर्ष (फीडर सेंटर हेतु) एवं 12 से 18 वर्ष (अकादमी हेतु ) खेल अनुसार निर्धारित मापदंड विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध। राष्ट्रीय पदक विजेताओं हेतु विशेष प्रावधान।

हर जिले से निकलेगा एक नया सितारा

पंजीकरण के लिए https://talentsearch.dsywmp.gov.in पर जाएँ या दिए हुए QR कोड को स्कैन करें।

M.P. Madhyam/126445/2026

**खेल और युवा कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश**
अधिक जानकारी के लिए विजिट करें dsywmp.gov.in




60 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़े गए थे जिला प्रबंधक, लोकायुक्त अब तक चालान पेश नहीं कर सकी

# भ्रष्टाचार में लिप्त आरोपी अफसर संभाल रहे बड़े जिलों की कमान...

हरिभूमि, जबलपुर।

भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई के दावों के बीच एक ऐसा मामला सामने है, जिसने जांच एजेंसियों की कार्यप्रणाली और भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकारी प्रतिबद्धता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिले की बात करें तो यहां पर लगभग 90 प्रकरण ऐंसे हैं जिनमें अरोपी अफसरों के खिलाफ चालान पेश नहीं हो पाए हैं।



सालों बीत जाने के बाद भी लोकायुक्त को आरोपियों के खिलाफ अभियोजन की अनुसंशा नहीं मिल पाई है। ऐसा ही एक मामला मई 2022 में कटनी में नागरिक आपूर्ति निगम के तत्कालीन जिला प्रबंधक संजय सिंह और लेखापाल धीरज मिश्रा को जबलपुर लोकायुक्त ने 60 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। लेकिन हैरानी की बात यह है कि चार साल बीतने के बाद भी मामले में चालान न्यायालय में पेश नहीं किया गया है। इस बीच रिश्वत प्रकरण के मुख्य आरोपी संजय सिंह को न केवल सेवा में बनाए रखा गया, बल्कि वर्तमान में वे जबलपुर जैसे बड़े जिले में नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक के महत्वपूर्ण पद पर कार्यरत हैं। इससे भ्रष्टाचार के मामलों में कार्रवाई की गंभीरता पर सवाल उठने लगे हैं।

## भ्रष्टाचार पर कार्रवाई की रफ्तार पर उठे सवाल

### 20 लाख रुपए की मांगी थी रिश्वत

जानकारी के अनुसार कटनी के राइस मिल संचालक ईश्वर रोहरा ने लोकायुक्त जबलपुर से शिकायत की थी कि नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक संजय सिंह और लेखापाल धीरज मिश्रा धान मिलिंग एवं परिवहन कार्य के लगभग 20 लाख रुपए के बिलों का भुगतान कराने के एवज में एक लाख रुपए की रिश्वत मांग रहे हैं। शिकायत का सत्यापन करने के बाद लोकायुक्त की टीम ने मई 2022 में बरगवां स्थित नागरिक आपूर्ति निगम कार्यालय में ट्रैप कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान दोनों आरोपियों को 60 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया था। उस समय इस कार्रवाई को भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी सफलता माना गया था।

### 4 साल बाद भी नहीं पहुंचा मामला अदालत

सूत्रों के अनुसार गिरफ्तारी के बाद मामले की जांच और अभियोजन स्वीकृति की प्रक्रिया लंबी खिंचती रही। परिणाम यह हुआ कि चार साल बीत जाने के बावजूद न्यायालय में चालान पेश नहीं हो सका। कानूनी विशेषज्ञों का कहना है कि भ्रष्टाचार के मामलों में अनावश्यक देरी से अभियोजन कमजोर होता है और इसका लाभ आरोपियों को मिलता है।

### कार्रवाई में देरी से गलत संदेश

प्रशासनिक हलकों में चर्चा है कि जब रंगे हाथों पकड़े गए मामलों में भी वर्षों तक न्यायिक प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ती, तो इससे भ्रष्ट अधिकारियों का मनोबल बढ़ता है। दूसरी ओर शिकायतकर्ता और आम नागरिकों का भरोसा जांच एजेंसियों की कार्यवाही पर कमजोर पड़ता है।

### बड़े पद पर बनी हुई है जिम्मेदारी

सबसे बड़ा सवाल यह है कि रिश्वत प्रकरण में आरोपी रहे अधिकारी आज भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। जबलपुर जैसे बड़े जिले में नागरिक आपूर्ति निगम की कमान उनके हाथों में होना प्रशासनिक जवाबदेही और निगरानी व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लगा रहा है।

### सुप्रीम आदेश भी दरकिनार

लोकायुक्त जांच पूरी कर अपना प्रतिवेदन और साक्ष्य संबंधित विभाग या सरकार को भेजता है। वहीं से अभियोजन की स्वीकृति जारी की जाती है। स्वीकृति मिलने के बाद विशेष न्यायालय में चालान पेश किया जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने कई फैसलों में कहा है कि अभियोजन स्वीकृति पर निर्णय तीन माह के भीतर लिया जाना चाहिए। यदि कानूनी राय आवश्यक हो तो एक माह अतिरिक्त, यानी अधिकतम चार माह में निर्णय होना चाहिए। इसके बावजूद व्यवहार में कई मामलों में स्वीकृति मिलने में महीनों या वर्षों तक का विलंब देखा जाता है।

### उठ रहे हैं ये सवाल

मई 2022 के ट्रैप मामले में चार साल बाद भी चालान क्यों पेश नहीं हुआ?
अभियोजन स्वीकृति और जांच प्रक्रिया में देरी के लिए जिम्मेदार कौन है?
रंगे हाथों पकड़े गए अधिकारी को महत्वपूर्ण पद पर कैसे पदस्थ रखा गया?
क्या भ्रष्टाचार के मामलों में देरी आरोपियों को संरक्षण देने का माध्यम बन रही है?
लोकायुक्त और संबंधित विभाग इस मामले में जनता को जवाब कब देंगे?

### जल्द ही चालान पेश कर दिया जाएगा

जिले में लगभग 90 प्रकरण ऐसे हैं जिनमें चालान पेश करना है, अभियोजन की स्वीकृति मिलने के बाद न्यायालय में हम चालान पेश करते हैं, जहां तक सवाल संजय सिंह मामले का है तो पिछले सप्ताह हमने फाइल पहुचाई है, जैसे ही स्वीकृति मिलती है चालान पेश कर दिया जाएगा।

**अंजूलता पटले**
पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त जबलपुर

अब 24 जून से प्रतिदिन होगी सुनवाई

# सामान्य वर्ग की ओर से वकील नहीं पहुंचे ओबीसी आरक्षण मामले में सुनवाई टली



**जबलपुर।** ओबीसी आरक्षण के मामले में मप्र हाईकोर्ट में मंगलवार को सुनवाई नहीं हो पाई। मामले से जुड़े 91 प्रकरण जस्टिस आनंद पाठक व जस्टिस बीपी शर्मा की डिवीजन बेंच के समक्ष सुनवाई के लिए नियत थे। लेकिन सामान्य वर्ग की ओर से वरिष्ठ वकीलों की गैरमौजूदगी की वजह से सुनवाई नहीं हो सकी। कोर्ट ने 24 जून से प्रत्येक कार्यदिवस पर मामले की सुनवाई लगातार करने के निर्देश दिए। भोजनावकाश के बाद दोपहर 2:30 बजे वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने कोर्ट से कहा कि मामले की सुनवाई आरम्भ की जाए। अन्यथा सुप्रीम कोर्ट के 18 फरवरी 2026 के आदेश के आलोक में सभी अंतरिम आदेश रिक्त कराने के लिए दायर आवेदनों पर सुनवाई की जाए। क्योंकि बड़ी संख्या में अभ्यर्थी विगत 7 वर्षों से नियुक्ति का इन्तजार कर रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि मुख्य याचिका जाके अधिवक्तागण अनुपस्थित हैं। प्रकरण पहली बार इस बेंच मे लिस्ट हुए हैं। इसलिए मामले की 24 जून से डे टू डे हियरिंग की जाएगी।

## आंगनबाड़ी मानदेय की लड़ाई के लिए पीआईएल का रास्ता बंद, हाईकोर्ट ने बताया आगे का कानूनी मार्ग

**जबलपुर।** प्रदेश की लाखों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के मानदेय, सेवा शर्तों तथा कर्मचारी दर्जे से जुड़ी लड़ाई को लेकर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण कानूनी संकेत दिया है। अदालत ने साफ कर दिया कि सेवा संबंधी अधिकारों और आर्थिक दावों की लड़ाई जनहित याचिका के मंच से नहीं लड़ी जा सकती। एक्टिंग चीफ जस्टिस विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने सीधी जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका यूनियन की महासचिव विभा पाण्डेय की याचिका का निराकरण करते हुए कहा कि ऐसे विवाद व्यक्तिगत अथवा सेवा अधिकारों की श्रेणी में आते हैं। इसलिए इन पर पीआईएल के माध्यम से न्यायिक हस्तक्षेप उचित नहीं है। हालांकि अदालत ने याचिकाकर्ता पक्ष के लिए एक महत्वपूर्ण रास्ता खुला रखा। खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं अपनी मांगों को लेकर सक्षम न्यायालय, सेवा मंच अथवा अन्य उपयुक्त कानूनी प्राधिकरण के समक्ष स्वतंत्र रूप से चुनौती प्रस्तुत कर सकती हैं।

## आदेश नहीं माना, जनजाति कल्याण विभाग आयुक्त के खिलाफ 10 हजार का जमानती वारंट

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने अपने आदेशों की अवहेलना पर कड़ा रुख अपनाते हुए जनजाति कल्याण विभाग के अधिकारी के खिलाफ 10 हजार रुपये का जमानती वारंट जारी करने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने वारंट तामील कराकर आयुक्त जनजाति कल्याण विभाग भोपाल की उपस्थिति छह जुलाई 2026 को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही मामले की अगली सुनवाई भी उसी दिन निर्धारित की गई है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि पूर्व में दिए गए आदेशों के बावजूद न तो याचिकाकर्ताओं को वेतन भुगतान किया गया और न ही जवाबदेही तय करने के लिए तलब किए गए अधिकारी अदालत के समक्ष उपस्थित हुए। कोर्ट के समक्ष शिवदीन धुर्वे, ग्राम सभा मोबलाइजर, निवासी मोहदा जिला बैतूल सहित 51 की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई हुई। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता वृंदावन तिवारी ने पक्ष रखते हुए कहा कि 18 अप्रैल 2026 को पारित न्यायालयीन आदेश का अब तक पालन नहीं किया गया है। आयुक्त जनजाति कल्याण विभाग भोपाल को कहा गया था कि वे स्वयं उपस्थित होकर यह बताएं कि आदेश का पालन कर याचिकाकर्ताओं को वेतन भुगतान क्यों नहीं किया गया। लेकिन वे सुनवाई के दौरान हाजिर नहीं हुए। इस पर कोर्ट ने जमानती वारंट जारी कर दिया।

# लखनादौन एडीएम कार्यालय का रीडर 20 हजार की रिश्वत लेते लोकायुक्त के हत्थे चढ़ा



**जबलपुर।** लोकायुक्त जबलपुर की टीम ने मंगलवार को भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एडीएम कार्यालय लखनादौन में पदस्थ रीडर माधव प्रसाद तिवारी को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। लोकायुक्त पुलिस के अनुसार ग्राम गंगादाना निवासी किसान संतोष सिंह सिसोदिया की पैतृक भूमि से जुड़े एक प्रकरण की अपील एडीएम कार्यालय लखनादौन में लंबित थी। आरोप है कि प्रकरण में आवेदक के पक्ष में निर्णय कराने के लिए रीडर माधव प्रसाद तिवारी ने 30 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की थी। बाद में सौदा 20 हजार रुपये में तय हुआ। आवेदक की शिकायत पर लोकायुक्त जबलपुर ने सत्यापन के बाद ट्रैप कार्रवाई की योजना बनाई। मंगलवार को आरोपी रीडर को एडीएम कार्यालय सिवनी परिसर स्थित उपभोक्ता फोरम भवन के पोर्च में 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया गया। आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधित 2018) की धारा 7, 13(1)(बी) एवं 13(2) के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। ट्रैप दल में निरीक्षक उमा कुशवाह, निरीक्षक बृजमोहन सिंह नरवरिया एवं लोकायुक्त जबलपुर की टीम शामिल रही।


जनहित याचिका में अवैध कब्जे और व्यावसायिक उपयोग के आरोप

# आवासीय पट्टे पर काम्प्लेक्स, रिकार्ड भी गायब, हाई कोर्ट ने मांगा जवाब

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने गोरखपुर के रामपुर क्षेत्र में आवासीय पट्टे की भूमि पर कथित रूप से व्यावसायिक काम्प्लेक्स खड़ा किए जाने और उससे जुड़े शासकीय रिकार्ड के गायब होने के मामले को गंभीरता से लिया। प्रारंभिक सुनवाई के बाद एक्टिंग चीफ जस्टिस विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब मांग लिया है। कोर्ट ने शासकीय अधिवक्ता को राज्य शासन से भी निर्देश लेकर पक्ष रखने को कहा। रामपुर, जबलपुर निवासी गनेश धनगढ़ की ओर से दायर जनहित याचिका में आरोप लगाया गया कि मोहम्मद मुशरक अली को आवासीय उपयोग के लिए 600 वर्गफीट भूमि का पट्टा मिला था, लेकिन उस पर दुकानों का निर्माण कर व्यावसायिक उपयोग किया गया। शिकायत के बाद वर्ष 2001 में पट्टा निरस्त कर दिया गया था। इसके बावजूद न केवल कब्जा बरकरार रखा गया, बल्कि आसपास की अतिरिक्त भूमि पर भी अतिक्रमण कर व्यावसायिक काम्प्लेक्स बना दिया गया और दुकानों को किराए पर दिया जा रहा है। आरटीआई के तहत जानकारी मांगे जाने पर संबंधित रिकार्ड उपलब्ध नहीं होने की सूचना दी गई। जनहित याचिका में राजस्व विभाग के सचिव, कलेक्टर, तहसीलदार तथा मोहम्मद मुशरक अली को पक्षकार बनाया गया है। मामले की अगली सुनवाई जवाब प्रस्तुत होने के बाद होगी।

## पाटन कृषि मंडी से पौने 5 लाख की मूंग चोरी

**जबलपुर।** पाटन थानांतर्गत कल देर रात पाटन कृषि उपज मंडी में एक लोडिंग वाहन में लोड 135 बोरी मूंग अज्ञात चोर चोरी कर ले गये । 80 क्विंटल मूंग की कीमत चार लाख 80 हजार बताई गई है। उक्त मूंग किसी अनाज के व्यापारी की थी। जिस वाहन में मूंग लोड थी वह वाहन तो वही खड़ा मिला पर मूंग किसी ने वाहन से उतार ली थी । पाटन पुलिस ने बताया कि जबलपुर रोड पाटन निवासी शरद कुमार अग्रवाल गल्ले के आढ़त का कारोबार करते हैं। वे कृषि उपज मंडी पाटन से किसानों से अनाज खरीद कर शिव शक्ति ट्रेडर्स के नाम से फर्म के माध्यम से बेचते हैं। उनके पास पाटन कृषि उपज मंडी मे अनाज की खररीद बिक्री का लाइसेस है। गत 12 जून को उन्होने अपनी फर्म के माध्यम से अलग-अलग किसानों से 135 बोरी मूंग खरीदी थी। जिसे अपने मालवाहक वाहन माजदा क्रमांक एम पी 20 4366 मे लोड कर मंडी परिसर में ही खड़ा कर दिया था। गाड़ी की चाबी चालक राहुल प्रजापति के पास थी जिसे उसने गाड़ी के अंदर छिपा दिया था । व्यापारी गत पद्रह सालों से मंडी परिसर में व्यापार कर रहा है। हमेशा मंडी परिसर में उसकी गाड़ी ऐसे ही खड़ी रहती है। गत 14 जून का सुखमल जैन क लड़के सजल जैन मंडी आकर देखा कि उसकी गाड़ी जिसमें मूंग लोड थी अपने स्थान पर ही खड़ी थी । कल शरद अग्रवाल ने मंडी आकर देखा कि गाड़ी उस स्थान पर नही थी । तलाश करने पर पता चला कि गाड़ी दूसरे वाले गेट तरफ मंडी के बाहर सुनसान जगह पर खड़ी थी और उसमें लोड की गई चार लाख अस्सी हजार रूपये कीमत की 135 बोरी मूंग गायब थी ।




रांझी क्षेत्र में दोस्तों के बीच विवाद बना हत्याकांड, 2 नाबालिग गिरफ्तार

# चाकू के वार से घायल 13 साल के जॉनसन ने दम तोड़ा



**जबलपुर।** रांझी थाना क्षेत्र में दोस्तों के बीच हुआ एक मामूली विवाद 13 वर्षीय किशोर की मौत के साथ दर्दनाक हत्याकांड में बदल गया। गंगा मैया क्षेत्र निवासी जॉनसन पिल्ले पर कथित रूप से दो नाबालिग लड़कों ने चाकू से हमला कर दिया था। गंभीर रूप से घायल जॉनसन ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है, जबकि पुलिस ने मामले में दो नाबालिगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। इस मामलें में मृतक की बहन ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो अपलोड कर पुलिस और निजी अस्पताल पर लापरवाही बरतने के गंभीर आरोप लगाए है। मृतक की बहन का कहना है कि सिटी अस्पताल में डाक्टर उपलब्ध नहीं थे। समय रहते उसे समुचित इलाज के लिए रिफर नहीं किया गया। लिहाजा उसके नाक, मुंह से खूने आने लगा और ब्रेन डेड हो गया और अंततः उसकी मौत हो गई। मृतक की बहन का आरोप है कि पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ा और दूसरे को नाबालिग कहकर छोड़ दिया।

बहरहाल इस संबंध में रांझी पुलिस के मुताबिक गंगा मैया निवासी 13 वर्षीय जॉनसन पिल्ले अपने परिचित दो नाबालिग लड़कों के साथ था। बताया जा रहा है कि किसी छोटी सी बात को लेकर उनके बीच विवाद शुरू हुआ। पहले कहासुनी हुई और फिर दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज होने लगी। आसपास मौजूद लोगों को लगा कि यह सामान्य बच्चों का झगड़ा है और कुछ देर में मामला शांत हो जाएगा, लेकिन देखते ही देखते स्थिति गंभीर हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विवाद के दौरान दोनों नाबालिग लड़के आक्रोशित हो गए और उनमें से एक ने अपने पास रखा चाइना चाकू निकाल लिया। आरोप है कि इसके बाद जॉनसन पर हमला कर दिया गया। हमले के दौरान उसके गले पर गंभीर चोट लगी। अचानक हुए हमले से जॉनसन बुरी तरह घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा और अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना परिजनों को दी और घायल किशोर को अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की। परिजन और क्षेत्रवासी गंभीर रूप से घायल जॉनसन को पहले सिटी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत नाजुक देखते हुए उसे मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया गया। लेकिन गले में लगी गंभीर चोट और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उसकी हालत लगातार बिगड़ती चली गई। कई घंटों तक जिंदगी और मौत से संघर्ष करने के बाद जॉनसन ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। किशोर की मौत की खबर मिलते ही उसके परिवार में मातम छा गया। वहीं गंगा मैया क्षेत्र सहित रांझी के विभिन्न इलाकों में घटना को लेकर लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मामूली विवाद में इस तरह घातक हथियार का इस्तेमाल बेहद चिंताजनक है और ऐसे मामलों पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

घटना की सूचना मिलते ही रांझी थाना पुलिस हरकत में आई और तत्काल जांच शुरू कर दी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त बताए जा रहे दोनों नाबालिगों को हिरासत में ले लिया। उनसे पूछताछ की जा रही है तथा घटना में प्रयुक्त चाकू की बरामदगी और पूरे घटनाक्रम की कड़ियों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रारंभिक जांच में मामला आपसी विवाद का सामने आया है, लेकिन सभी पहलुओं की बारीकी से जांच की जा रही है। घटनास्थल के आसपास मौजूद लोगों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और उपलब्ध साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपियों के पास चाकू कहां से आया और घटना के पीछे कोई अन्य कारण तो नहीं था।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No. : MPHIN/2008/24240

### छापे मारी में 2.82 करोड़ रुपये की अनुपातहीन संपत्ति उजागर

# निगम के प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी पर ईओडब्लयू का शिकंजा

**जबलपुर।** आर्थिक अपराध अन्वेषण प्रकोष्ठ (ईओडब्लयू) जबलपुर ने नगर निगम के प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी पोलाराव पिता सन्यासी बारौआ के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए मंगलवार सुबह उनके आवास और कार्यालय सहित अन्य ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। ईओडब्लयू की तीन टीमों ने सुबह 6 बजे से सर्च ऑपरेशन शुरू किया, जिसमें अब तक लगभग 2.82 करोड़ रुपये की अनुपातहीन संपत्ति सामने आने का दावा किया गया है।

ईओडब्लयू डीएसपी मनजीत सिंह ने बताया कि पोलाराव के खिलाफ भ्रष्टाचार के माध्यम से आय के ज्ञात स्त्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित करने की शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत के सत्यापन के दौरान प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए जाने पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधित 2018) की धारा 13(1)(बी) एवं 13(2) के तहत अपराध दर्ज किया गया। इसके बाद विशेष न्यायालय से सर्च वारंट प्राप्त कर कार्रवाई को अंजाम दिया गया।



### सुबह 6 बजे शुरू हुई कार्रवाई

ईओडब्लयू की तीन अलग-अलग टीमों ने पोलाराव के निवास मुस्कान प्लाजा के पास और कार्यालय पर एक साथ दबिश दी। जांच अधिकारियों ने घर और कार्यालय में रखे दस्तावेज, बैंक रिकॉर्ड, निवेश संबंधी कागजात और अन्य वित्तीय दस्तावेजों की गहन जांच की। तलाशी के दौरान मिले दस्तावेजों के आधार पर आय और संपत्ति के बीच अंतर का आकलन किया जा रहा है।

### करोड़ों की संपत्ति का खुलासा

सर्च कार्रवाई के दौरान पोलाराव एवं उनके परिजनों के नाम पर कई चल और अचल संपत्तियों का पता चला है। ईओडब्लयू के अनुसार अब तक सामने आई संपत्तियों में लगभग 45 लाख रुपये मूल्य का फ्लैट, 65 लाख रुपये का भूखंड, 16 लाख रुपये का घरेलू सामान, 10 लाख रुपये का बीमा निवेश, 150 ग्राम सोने के आभूषण, 232 किलोग्राम चांदी के आभूषण, एक चारपहिया वाहन और तीन दोपहिया वाहन शामिल हैं। जांच एजेंसी के अनुसार इन संपत्तियों का कुल अनुमानित मूल्य करोड़ों रुपये में है और अभी भी दस्तावेजों की जांच जारी है। अधिकारियों का मानना है कि आगे और संपत्तियों की जानकारी सामने आ सकती है।

### परिजनों और निवेशों की भी जांच

ईओडब्लयू की जांच केवल पोलाराव तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके परिजनों के नाम पर मौजूद संपत्तियों और निवेशों की भी पड़ताल की जा रही है। जांच टीम विभिन्न दस्तावेजों का सत्यापन कर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि कहीं संपत्तियां परिजनों के नाम पर तो अर्जित नहीं की गईं।

### 1.19 करोड़ रुपये के लेन-देन संबंधी दस्तावेज जब्त

कार्रवाई के दौरान सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह सामने आया कि पोलाराव के निवास से 1 करोड़ 19 लाख 18 हजार रुपये के नगदी लेन-देन से संबंधित दस्तावेज जब्त किए गए हैं। जांच एजेंसी इन लेन-देन की प्रकृति, स्त्रोत और वैधता की पड़ताल कर रही है। इसके अलावा पोलाराव और उनके परिजनों के नाम पर संचालित छह बैंक खातों की जानकारी भी मिली है। इन खातों में लगभग 10 लाख रुपये जमा होने की जानकारी सामने आई है। वहीं बैंकों में लगभग 450 ग्राम सोना जमा होने की संभावना भी व्यक्त की गई है, जिसकी पुष्टि के लिए संबंधित रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं।

### जांच अभी जारी

डीएसपी मनजीत सिंह के अनुसार सर्च कार्रवाई के दौरान प्राप्त दस्तावेजों, आभूषणों, बैंक खातों और अन्य वित्तीय रिकॉर्ड की जांच अभी जारी है। अब तक उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर लगभग 2.82 करोड़ रुपये की अनुपातहीन संपत्ति उजागर हुई है, लेकिन जांच पूरी होने के बाद यह आंकड़ा बढ़ भी सकता है। ईओडब्लयू अधिकारियों का कहना है कि जब्त दस्तावेजों के विस्तृत परीक्षण और वित्तीय विश्लेषण के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि आरोपी ने अपनी वैध आय की तुलना में कितनी अधिक संपत्ति अर्जित की है। जांच के निष्कर्षों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### ठेकेदार भी जांच के दायरे में

बताया गया है कि जांच एंजेसी ने नगर निगम के एक ठेकेदार को रडार पर लिया है। ईओडब्ल्यू की टीम ठेकेदार के घर भी पहुंची जिससे संभावना को बल मिला की सहायक स्वास्थ्य अधिकारी और ठेकेदार के बीच लेने भी जांच के घेरे में है। यद्यपि ईओडब्ल्यू की ओर से इस संबंध में अधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया।

---

जबलपुर में 9819 अधिवक्ता मतदान के लिए पंजीकृत थे, जिनके लिए मध्य प्रदेश हाईकोर्ट और जिला अदालत परिसर में मतदान केंद्र बनाए गए थे

# एमपी स्टेट बार चुनाव की मतगणना आरंभ

**जबलपुर।** राज्य के वकीलों की नियामक संस्था एमपी स्टेट बार काउंसिल के चुनाव की मतगणना का मंगलवार से शुभारंभ हो गया। यह प्रक्रिया लंबी होती है। लिहाजा, इसके एक माह से अधिक समय तक सतत चलने की संभावना है। इसके बाद ही परिणाम सामने आएंगे।

निर्वाचन अधिकारी हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति एसके पालो व वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ ने



बताया कि मतगणना को पूरी तरह पारदर्शी व सुरक्षित बनाने के लिए हाईटेक व्यवस्था की गई है। सीसीटीवी कैमरे हर मतपत्र पर नजर रखेंगे। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश स्टेट बार काउंसिल चुनाव के लिए मंगलवार 12 मई को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान कराया गया था। प्रदेशभर में करीब 87 हजार अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया था। जबलपुर में 9819 अधिवक्ता मतदान के लिए पंजीकृत थे, जिनके लिए मध्य प्रदेश हाईकोर्ट और जिला अदालत परिसर में मतदान केंद्र बनाए गए थे।

---

# जन विश्वास के संवाहक अधिवक्ता : एसीजे विवेक रूसिया

- हाई कोर्ट एडवोकेट्स बार सभागार में अभा अधिवक्ता परिषद ने किया स्वागत
- न्यायिक परंपराओं का सम्मान, नई जिम्मेदारियों का अभिनंदन : जस्टिस सचदेवा

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश व सुप्रीम कोर्ट के नवनियुक्त जस्टिस संजीव सचदेवा ने कहा कि मध्य प्रदेश हाई कोर्ट से मेरा रिश्ता केवल पद का नहीं, आत्मीयता का रहा है। वे मंगलवार को हाई कोर्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन सभागार में अधिवक्ता परिषद्, महाकोशल प्रांत द्वारा आयोजित अभिनंदन व विदाई समारोह में भाव अभिव्यक्त कर रहे थे। कार्यकारी मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति विवेक रूसिया, प्रशासनिक न्यायाधिपति न्यायमूर्ति आनंद पाठक, न्यायमूर्ति संजीव सुधाकर कालगांवकर व न्यायमूर्ति प्रणय वर्मा का स्वागत किया गया, जबकि न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा को भावभीनी विदाई दी गई। एसीजे न्यायमूर्ति विवेक रूसिया ने कहा कि न्यायिक संस्थाओं की वास्तविक शक्ति उनके प्रति समाज के विश्वास में निहित होती है। कार्यक्रम में अतिरिक्त महाधिवक्ता ब्रह्मदत्त सिंह, डिप्टी सालिसिटर जनरल सुयश मोहन गुरु, अधिवक्ता प्रदीप शर्मा व अधिवक्ता प्रदीप सिंह मंचासीन रहे। संचालन अधिवक्ता प्रियंका मिश्रा व संदीप कुमार शुक्ला ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन हाई कोर्ट एडवोकेट्स बार के सचिव अधिवक्ता निखिल तिवारी ने किया।


---

# जनसुनवाई में भावुक कर देने वाला दृश्य, जांच के निर्देश

**जबलपुर।** कलेक्ट्रेट में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान एक भावुक कर देने वाला दृश्य देखने को मिला। घमापुर क्षेत्र की एक महिला अपनी बेटी के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंची और न्याय की गुहार लगाते हुए कलेक्टर के चरणों में गिर पड़ी। मां बेटी ने हाथ जोड़कर अपनी सुरक्षा एवं शिकायतों पर निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की। महिला ने बताया कि कुछ वर्ष पूर्व उसके मोहल्ले में रहने वाले एक परिवार के साथ उसका विवाद हुआ था। इस दौरान कथित रूप से उसके घर में घुसकर मारपीट की गई थी, जिसकी शिकायत पुलिस में दर्ज कराई गई थी। मामला वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन है। महिला का आरोप है कि अब उसी प्रकरण को वापस लेने के लिए उस पर लगातार दबाव बनाया जा रहा है। महिला के अनुसार समझौते के लिए मना करने पर दबंगो द्वारा उसे और उसके परिवार को परेशान किया जा रहा है। उसने आरोप लगाया कि संबंधित लोग उसके घर पहुंचकर गाली-गलौज करते हैं तथा धमकियां देकर भय का माहौल बना रहे हैं। इससे उसके परिवार का सामान्य जीवन प्रभावित हो रहा है। जनसुनवाई में महिला ने पुलिस पर भी शिकायतों को गंभीरता से नहीं लेने का आरोप लगाया। उसका कहना था कि शिकायत लेकर थाने पहुंचने पर उसे अपेक्षित सहयोग नहीं मिला। हालांकि महिला द्वारा लगाए गए आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। महिला ने बताया कि वह पूर्व में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी आवेदन दे चुकी है, लेकिन राहत नहीं मिलने पर अंतिम उम्मीद के तौर पर जनसुनवाई में पहुंची। उसने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर न्याय दिलाने की मांग की।

---

# समान नागरिक संहिता के विरोध में जमाअत इस्लामी हिन्द ने सौंपा ज्ञापन



**जबलपुर।** घंटाघर क्षेत्र में जमाअत इस्लामी हिन्द, जबलपुर द्वारा समान नागरिक संहिता के विरोध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। संगठन ने प्रदेश सरकार से मांग की कि धार्मिक स्वतंत्रता में किसी प्रकार का हस्तक्षेप न किया जाए और व्यक्तिगत धार्मिक कानूनों पर कोई भी बाध्यकारी नियम लागू न किए जाएं। इस अवसर पर संगठन ने 11 बिंदुओं पर आधारित आपत्तियां एवं सुझाव भी प्रस्तुत किए, जिनमें संविधान प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता तथा व्यक्तिगत कानूनों से जुड़े अधिकारों का उल्लेख किया गया। जमाअत का कहना है कि समान नागरिक संहिता के कुछ प्रावधान उनके धार्मिक विश्वासों एवं व्यक्तिगत कानूनों से टकरा सकते हैं। संगठन के अध्यक्ष जमाअत इस्लामी हिन्द ने कहा कि व्यक्तिगत धार्मिक कानून उनके आस्था का अभिन्न हिस्सा हैं, जिनमें किसी प्रकार का हस्तक्षेप स्वीकार्य नहीं है।

इस दौरान सचिव उबैदुल्ला आमिर सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। अध्यक्ष गुलाम रसूल ने भी धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा की मांग दोहराई। संगठन ने सरकार से आग्रह किया कि सभी समुदायों की आस्था और संवैधानिक अधिकारों का सम्मान करते हुए कोई भी कानून लागू किया जाए।

---

# स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के तहत कॅरियर काउंसलिंग सत्र आयोजित



**जबलपुर।** स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी अग्रणी महाविद्यालय, जबलपुर में कॅरियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हिन्दी, संस्कृत, इतिहास, अंग्रेजी, एआई एवं भूगोल विषयों के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को विभिन्न कॅरियर संभावनाओं की जानकारी दी और उन्हें अपने रुचि, योग्यता एवं भविष्य की संभावनाओं के आधार पर कॅरियर चयन करने की सलाह दी। कार्यक्रम में प्राचार्य डा. अलकेश चतुर्वेदी ने बताया कि इतिहास का अध्ययन केवल अतीत तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भविष्य निर्माण का आधार भी है। वहीं प्रो. अरुण शुक्ल ने हिन्दी भाषा के रोजगार एवं सृजनात्मक अवसरों पर प्रकाश डाला। विशेषज्ञों में डा. डी.के. मिश्रा, डा. शैलेन्द्र श्रीवास्तव, डा. हेमंत तनकंपन एवं डा. रविश तमन्ना ताजिर ने अपने-अपने विषयों में करियर अवसरों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में लगभग 43 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विशेषज्ञों ने छात्रों को आधुनिक तकनीक, भाषा कौशल, शोध, प्रशासन एवं विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध रोजगार संभावनाओं से अवगत कराया।

---



# राष्ट्रपति प्रवास की तैयारियों का जायजा लेने ट्रैवलर से पहुंचे कलेक्टर-एसपी

**जबलपुर।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित जबलपुर दौरे की तैयारियों का निरीक्षण करने मंगलवार को कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह और पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारी एक साथ ट्रैवलर वाहन से कार्यक्रम स्थलों पर पहुंचे। अधिकारियों द्वारा सरकारी वाहनों के बजाय सामूहिक रूप से ट्रैवलर का उपयोग किए जाने की पहल चर्चा का विषय रही।

निरीक्षण के दौरान दो ट्रैवलर वाहनों में कलेक्टर, एसपी, नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गहलोत, एसडीएम तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने राष्ट्रपति के प्रस्तावित कार्यक्रमों से जुड़े स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशासन का उद्देश्य सभी तैयारियों को समय रहते अंतिम रूप देना और कार्यक्रमों का सुचारु संचालन सुनिश्चित करना है।

---

# पुलिस के हत्थे चढ़े 15 आदतन अपराधी

**जबलपुर।** असामाजिक तत्वों और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर पुलिस लगातार शिकंज कस रही है। पिछले 24 घंटे के दौरान पुलिस ने १५ आदतन अपराधियों को अभिरक्षा में लिया गया है। इसके अलावा जबरन विवाद करने वाले 79 लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। पुलिस ने कई वर्षों से फरार 16 गैर मियादी वारंटियों और 19 मियादी वारंटियों को भी अभिरक्षा में लिया है। इसके अलावा पुलिस अवैध हथियारों व नशे के सौदागरों पर भी शिकंजा कस रही है। जिसके तहत कल 66 शराब तस्करों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। आरोपियो के कब्जे से 115 पाव देशी शराब व 115 लीटर अंग्रेजी मदिरा जब्त की गई। पुलिस ने पांच लोगो के खिलाफ 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इसी तरह 56 वाहन चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

---

## जनसुनवाई के दौरान महिलाओं में जमकर मारपीट

फर्जी पत्रकारों पर कार्रवाई की मांग के अगले दिन हुआ हंगामा, वीडियो वायरल

# एसपी कार्यालय में हाई-वोल्टेज ड्रामा...

हरिभूमि, जबलपुर।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई उस समय विवाद और हंगामे का केंद्र बन गई, जब अपनी-अपनी शिकायत लेकर पहुंचीं दो महिलाएं आपसी विवाद में उलझ गईं। मामूली कहासुनी से शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हाथापाई में बदल गया और दोनों महिलाओं के बीच जमकर मारपीट हुई। घटना से जनसुनवाई परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, किसी बात को लेकर दोनों महिलाओं के बीच पहले तीखी बहस हुई। कुछ ही मिनटों में विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ने एक-दूसरे के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट शुरू कर दी। अचानक हुए इस घटनाक्रम से वहां मौजूद फरियादी, पुलिसकर्मी और कर्मचारी भी हैरान रह गए। काफी देर तक दोनों महिलाओं के बीच चले इस हाई-वोल्टेज ड्रामे को देखने के लिए लोगों की भीड़ जमा हो गई।



### खुद को बताया पत्रकार

बताया जा रहा है कि विवाद में शामिल महिलाओं में पिंकी टंडन और स्वयं को पत्रकार बताने वाली विद्या रैकवार शामिल हैं। घटना के दौरान मौजूद लोगों ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और शहरभर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### दोनों को पकड़कर ले गए थाने

सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों महिलाओं को अलग कर स्थिति को नियंत्रित किया। इसके बाद दोनों को पूछताछ के लिए थाने ले जाया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा शिकायत के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कलमवीर ने उठाई आवाज-

गौरतलब है कि एक दिन पहले सोमवार को कलमवीर संघर्ष संगठन के नेतृत्व में वरिष्ठ पत्रकारों के एक प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय से मुलाकात कर पत्रकारिता की आड़ में अवैध गतिविधियों और कथित फर्जी पत्रकारों पर सख्त कार्रवाई की मांग उठाई थी। ऐसे में जनसुनवाई के दौरान हुई यह घटना चर्चा का विषय बन गई है और कई सवाल भी खड़े कर रही है।

15 अगस्त तक रहेगा मत्स्याखेट पर प्रतिबंध

जबलपुर। वर्षा ऋतु में मछलियों के प्रजनन और संरक्षण को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने 16 जून से 15 अगस्त तक जिले में बंद ऋतु (क्लोज सीजन) घोषित कर दी है। इस अवधि में जिले की सभी नदियों एवं जलाशयों में मत्स्याखेट पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। मध्यप्रदेश नदीय मत्स्योद्योग नियम 1972 के प्रावधानों के तहत जारी आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में मत्स्याखेट के साथ-साथ मछलियों के विक्रय, विनिमय और परिवहन पर भी रोक लगाई गई है। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ मध्यप्रदेश राज्य मत्स्य क्षेत्र (संशोधित) अधिनियम 1981 की धारा-5 के तहत कार्रवाई की जाएगी। इसके अंतर्गत दोषी को एक वर्ष तक के कारावास, पांच हजार रुपये तक के जुर्माने अथवा दोनों दंड से दंडित किया जा सकता है।


नागरिकों से अपील की गई है कि वे प्रतिबंध अवधि के दौरान स्वयं मत्स्याखेट न करें और न ही किसी अन्य व्यक्ति को इसमें सहयोग दें। हालांकि ऐसे छोटे तालाब या निजी जल स्रोत, जिनका किसी नदी या नाले से संपर्क नहीं है और जो अधिसूचित जल क्षेत्र की श्रेणी में नहीं आते, उन पर यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा।

---

मिस फायर से युवक की जान बची, घटना से सनसनी

# छाती पर पिस्टल अड़ाकर बट से किया जानलेवा हमला

**जबलपुर।** घमापुर थाना अतंर्गत सिद्धबाबा रामलीला मैदान के सामने गत देर रात गाली-गलौज करने से मना करने पर 4 बदमाशों ने एक युवक पर पिस्टल की बट से जानलेवा हमला किया और उसकी छाती पर पिस्टल अड़ा दी, उसके बाद मिस फायर भी किया। लहूलुहान हालत में अनमोल को तुरंत मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची और घायल के बयानों के आधार पर मुख्य आरोपी शुभम सोनकर और उसके 3 अज्ञात साथियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296(ए), 109(1) और 3(5) के तहत संगीन केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिद्धबाबा रामलीला मैदान का निवासी अनमोल डेनियल एक निजी कंपनी में काम करता है। गत रात करीब 10 बजे वह रामलीला मैदान के सामने स्थित कल्लू के भतीजे की दुकान पर अंडा खाने गया था। जब अनमोल अंडा खाकर अपनी



मोटरसाइकिल से घर वापस जाने के लिए निकला, तभी दुकान के पास खड़े कुछ युवक आपस में बहुत तेज आवाज में गाली-गलौज कर रहे थे। अनमोल ने गालीगलौज करने से मना किया, इसी बात पर वहां खड़ा मुख्य आरोपी शुभम सोनकर भड़क गया और अपने 3 अन्य साथियों को बुलाकर हंगामा करने लगा।

शुभम सोनकर ने अनमोल की कॉलर पकड़कर बहस शुरू की और अपनी कमर से पिस्टल निकालकर हत्या करने के इरादे से सीधे उसकी छाती पर ट्रिगर दबा दिया। खुशकिस्मती से गोली नहीं चली और फायर मिस हो गया। इसके तुरंत बाद शुभम के तीनों साथियों ने अनमोल को चारों तरफ से जकड़ लिया। इसी बीच शुभम ने पिस्टल को उल्टा पकड़कर उसकी बट से अनमोल के सिर पर लगातार कई वार किए, जिससे गंभीर चोट आई। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

# सर्वोदय का वार्षिक सम्मेलन सम्पन्न, पत्रिका विमोचन

**सिहोरा।** सर्वोदय ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में समाज का वार्षिक सम्मेलन सह पत्रिका विमोचन पूजनीय कैलाशानंद महाराज सैलवारा धाम के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सेवानिवृत्त प्रोफेसर नागेंद्र कुररिया,विष्णु दत्त गौतम,मिथलेश शुक्ला,सुबोध पाण्डेय,अंजनी गौतम एवं राजेश कुररिया अध्यक्ष उपस्थिति रहे।सम्मेलन के दौरान समाज के जयप्रकाश तिवारी को निर्विरोध अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस पूरी निर्वाचन प्रक्रिया को संपन्न कराने में सुरेंद्र कुमार गौतम ने चुनाव निर्वाचन अधिकारी तथा सुरेंद्र कुमार शुक्ला ने सहायक चुनाव निर्वाचन अधिकारी के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।सर्वोदय ब्राह्मण समाज के प्रथम 3 वर्ष की उपलब्धियों को सजोने हेतु 'स्मारिका 2026' तैयार की गई। इस प्रथम संस्करण पत्रिका का विमोचन मुख्य अतिथि के करकमलों से किया गया। स्मारिका के महत्व पर प्रकाश डालते हुए महाराज श्री ने कहा कि समाज की इस पत्रिका में विभिन्न जनप्रतिनिधियों के समाज के उत्कृष्ट कार्यों के विषय में संदेश के साथ-साथ,सैलवारा धाम के परमहंस श्री प्रकाशवन अवधूत महाराज का



जीवन परिचय, समाज गौरव, प्रेरक आलेख, कविताएं,समाज की स्मृति, फोटो और समाज के विवाह योग्य नव युवक-युवतियों के नाम आदि संकलित किए गए हैं। सदस्यों को आजीवन सदस्यता सह प्रशस्तिपत्र का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर राखी तिवारी महिला मण्डल अध्यक्ष भावना गौतम,मीना कुररिया,आशुतोष परोहा युवा मण्डल अध्यक्ष,बालमुकुंद चौबे ,जगदीश प्यासी,नारायण मिश्रा,अर्जुन गर्ग,रमेश दत्त मिश्रा,दीपक दत्त दुबे,कीर्ति कुमार चौबे,शीतल दुबे,शिव कुमार गर्ग,अजय किशोर तिवारी,दिनेश उपाध्याय,जय शंकर गौतम,डब्बू पाठक,डी डी दुबे,दीपक तिवारी,राम लखन तिवारी,जय शंकर गौतम, नवनीत शुक्ला,विजय दुबे,विश्वनाथ तिवारी ,ओमप्रकाश तिवारी,रवि मिश्रा,अमित कुररिया,अनूप पाठक, विश्वजीत मिश्रा, रत्नेश मिश्रा,योगेंद्र मिश्रा,सतीश तिवारी,विजय दुबे,धीरेंद्र पांडे शामिल हैं।

# नगर की लड़खड़ाती यातायात व्यवस्था को सुधारने सहित अनेक मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**सिहोरा।** नगर में व्याप्त अनेक समस्याओं को लेकर जन समस्या निवारण समता मंच के संयोजन लाल बहादुर पाठक के नेतृत्व में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें कहा गया है कि अनेकों बार लिखित एवं मौखिक रुप से नगर की लचर यातायात व्यवस्था की सुधार की मांग की गई पर नतीजा सिफर ही रहा जिसका नतीजा यह निकला कि आये दिन रोड खून से लाल हो रही है । कितनों का सुहाग उजड़ रहा है । माताओं की गोद सूनी हो रही है बच्चे यतीम हो रहे हैं, माँ- बाप का बुढ़ापे का सहारा छिन रहा है । किंतु सम्बन्धित विभागों के कान में जूं तक नहीं रेंग रही विभागों द्वारा विभागीय कार्यवाही कर अपने कर्तव्यों से इति श्री कर फाईलें बंद कर दी जाती है।और समस्यायें ज्यों की त्यों बनी रहती है। रहा सवाल पुलिस प्रशासन का तो उसकी कार्यप्रणाली सर्व विदित है। आगे कहा गया कि नगर के मुख्य चौराहों तिराहों पर पुलिस तैनात की जावे विशेषकर विद्यालयों को आने जाने वाले मार्ग लगने एवं छूटने के वक्त पर स्थल जैसे गौरी तिराहा,पोस्ट आफिस चौराहा,शनि मंदिर चौराहा,पेट्रोल पंप तिराहा,खितौला रेलवे एवं फाटक तिराहा शामिल है। नगर में आटो की सवारी लेने एवं छोड़ने का एक स्थान के साथ नगर से संचालित बसों का स्टापेज निर्धारित किया जावे आदि मांगे शामिल थी। इस अवसर पर संतोष वर्मा,मोहन सोंधिया,गुलाब सिंह मरकाम, चन्द्र भान उरमलिया,राम मिलन पटेल,भूरा गुप्ता, राहुल तिवारी,सतीश साहू,गोविंद पटेल आदि शामिल थे।




# रोटरी क्लब जबलपुर संस्कारधानी का वार्षिक आभार एवं परिवार मिलन समारोह संपन्न

**जबलपुर।** रोटरी क्लब जबलपुर संस्कारधानी द्वारा रोटरी वर्ष 2025-26 के समापन अवसर पर वार्षिक आभार एवं परिवार मिलन समारोह का आयोजन सिविल लाइंस स्थित एक निजी परिसर में हर्षोल्लास एवं पारिवारिक वातावरण में किया गया। क्लब के पब्लिक इमेज निदेशक रोटे नितिन जैन ने बताया कि समारोह में क्लब सदस्यों एवं उनके परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। बच्चों के लिए आकर्षक पूल पार्टी आयोजित की गई, वहीं गीत-संगीत की रंगारंग महफिल में सभी सदस्यों ने भरपूर आनंद लिया और मधुर धुनों पर थिरकते हुए खुशियों के पल साझा किए। इस अवसर पर क्लब के 25 वर्ष पूर्ण होने (सिल्वर जुबली वर्ष) के उपलक्ष्य में क्लब के वरिष्ठ एवं स्थापना काल से जुड़े सदस्यों का विशेष सम्मान किया गया। क्लब के संस्थापक सदस्यों रोटे अरुण गुप्ता, रोटे अशोक गुप्ता, रोटे अनिल अग्रवाल एवं रोटे राजेश बबलू अग्रवाल सहित अन्य वरिष्ठ सदस्यों को साफा पहनाकर एवं सम्मान पत्र प्रदान कर उनका अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3261 की अवॉर्ड सेरेमनी में मध्यप्रदेश में सर्वाधिक 12 डिस्ट्रिक्ट अवॉर्ड प्राप्त करने पर क्लब के डिस्ट्रिक्ट पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। साथ ही क्लब अध्यक्ष रोटे अरुण गुप्ता को डायनामिक प्रेसिडेंट सम्मान प्राप्त होने पर क्लब सदस्यों द्वारा उनका विशेष अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब अध्यक्ष रोटे अरुण गुप्ता, सचिव रोटे अभिषेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रोटे अनिल अग्रवाल, रोटे अशोक गुप्ता, रोटे अरुण खर्द, रोटे समीर कानडे तथा आगामी रोटरी वर्ष 2026-27 के अध्यक्ष रोटे मनीष बजाज सहित सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा। समारोह का प्रमुख आकर्षण पूर्व अध्यक्ष रोटे सुनील जसवानी एवं रोटे सचिन जैन द्वारा प्रस्तुत मधुर गीत रहे। उनकी प्रस्तुतियों ने महिला एवं पुरुष सदस्यों को मंत्रमुग्ध कर दिया और पूरे आयोजन में उत्साह, अपनत्व एवं पारिवारिक सौहार्द का वातावरण बना रहा। अंत में सभी सदस्यों ने एक-दूसरे के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आगामी रोटरी सत्र 2026-27 की शुरुआत 1 जुलाई को अध्यक्ष रोटे मनीष बजाज, सचिव यश आहूजा, कोषाध्यक्ष रोटे सुनील जसवानी के नेतृत्व में रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर के साथ सीए डे एवं डॉक्टर्स डे मनाकर करने तथा सेवा, मित्रता एवं सामाजिक सरोकारों के रोटरी मूल्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।




# सब जेल सिहोरा में अनुग्रह साक्षरता कार्यक्रम आयोजित

**सिहोरा।** सब जेल सिहोरा में निरुद्ध निरक्षर बंदियों को साक्षर करने के लिये संकल्पित जेलर दिलीप नायक के विशेष प्रयास से स्वयंसेवी संस्था गुड न्यूज सर्विस सोसाइटी भोपाल द्वारा अनुग्रह साक्षरता कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत जेल में संस्था के शिक्षक एनी जार्ज द्वारा नियमित कक्षाएं लगायी जा रही हैं जिसमें निरक्षर बंदियों को साक्षर किया जा रहा है। जेलर नायक द्वारा बताया गया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत अभी तक 20 निरक्षर बंदियों को साक्षर किया गया जो वर्तमान में निरन्तर जारी है इसी तरह जो नये बन्दी जेल प्रवेश के समय निरक्षर आते हैं उन्हें जेल से साक्षर करके रिहा किया जा रहा जिससे बंदियों में उत्साह है एवं जेल में सकारात्मक वातावरण निर्मित हुआ है।

# काव्य संग्रह मानव मंजरी का विमोचन आज

**बरेला।** मध्य प्रदेश आंचलिक साहित्यकार परिषद जबलपुर के तत्वावधान में, 17 जून बुधवार को सायं 7बजे से बजरंग बाल बिहार के पास सामुदायिक भवन वार्ड क्रमांक 14 में महाकौशल के ख्यातिलब्ध साहित्यकार महेश मानव की 70 कविताओं के संग्रह 'मानव मंजरी' सप्तति का विमोचन महाकवि आचार्य भागवत दुबे के मुख्यातिथ्य,डॉ. हरिशंकर दुबे की अध्यक्षता एवं विशिष्ट अतिथियों के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न होने जा रहा है। इस अवसर पर संस्कारधानी की लगभग 18 विभूतियों को सम्मानित किया जा रहा है। आयोजन में संस्कारधानी जबलपुर की समस्त साहित्य संस्थाएं एवं बरेला नगर की समस्त सक्रिय संस्थाएं आयोजक के रूप में सहभागिता प्रदान कर रही हैं। आयोजकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने का अनुरोध साहित्य प्रेमियों से किया है।




# शांति समिति की बैठक संपन्न

बरेला। आगामी त्योहार मोहर्रम को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें थाना प्रभारी संगीता सिंह ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों को संबोधित करते हुए शासन की गाइडलाइन के तहत त्योहार को शांति और सद्भाव से मनाने की बात कही इस अवसर पर सीएमओ संजय पांडे, अर्पित दुबे, स्वास्थ्य विभाग से गणेश, विद्युत विभाग से संदीप, महेंद्र, अहमद मोहम्मद मस्जिद कमेटी अध्यक्ष, जहीर अहमद, शेख सलीम, शेख सफीक मंसूरी एडवोकेट, बांबी जैन, विक्की पटेल, टप्पू भाई जान, मुकेश रघुवर पटेल, पंजी जैन, कृष्ण बर्मन ,सुनील सोनकर आदि उपस्थित थे।



# महेश केवट के निर्विरोध राज्यसभा सांसद बनने पर मनाया जश्न

पाटन। मांझी समाज के श्री महेश केवट के निर्विरोध राज्यसभा सांसद बनने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल देखने को मिला। समाज के लोगों ने इसे गर्व और ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पाटन क्षेत्र में मांझी समाज के अध्यक्ष गनपत बर्मन सहित बड़ी संख्या में समाजजन एकत्रित हुए। उपस्थित लोगों में हरिशंकर बर्मन, खुमान बर्मन, अशोक बर्मन, गोविंद बर्मन, मथुरा रैकवार, दीपक बर्मन, पवन बर्मन, पत्रकार धर्मेंद्र बर्मन, राजू बर्मन, भाईलाल बर्मन, दशरथ बर्मन, राजकुमार बर्मन एवं मुकेश बर्मन सहित अन्य शामिल रहे।

समाजजनों ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशी मनाई और नव-निर्वाचित सांसद के उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

# गोवर्धन परिक्रमा मार्ग पर 14 जुलाई से प्याऊ-भंडारा साधु-संतों की सेवा और परमार्थ कार्यों पर जोर

**भेड़ाघाट।** बृज नगर लोक कल्याण जन सेवा संस्थान बृज नगर की बैठक अध्यक्ष महंत राजेंद्र मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें गोवर्धन चार कोस परिक्रमा मार्ग पर जतीपुरा से आगे खिन्नी वाले आश्रम के पास 14 जुलाई से प्याऊ एवं भंडारा सेवा शुरू करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय राम प्रचारक बाबा रामदास ने बताया कि गुरु पूर्णिमा तक संचालित होने वाले इस सेवा शिविर में देशभर से आने वाले साधु-संतों एवं श्रद्धालुओं के लिए भोजन एवं विश्राम की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि परमार्थ और सेवा भाव से किए जा रहे ऐसे कार्य समाज में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करते हैं। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि भेड़ाघाट क्षेत्र के सरस्वती घाट स्थित श्री सीताराम जी सेवा आश्रम में महंत बालकृष्ण त्यागी जी के सान्निध्य में जप-तप एवं



साधना का क्रम जारी है। नर्मदा परिक्रमा वासियों के लिए यह स्थान प्रमुख पड़ाव के रूप में विकसित हो रहा है, जहां श्रद्धालुओं को सेवा एवं साधना का वातावरण प्राप्त हो रहा है।

# नरगवां में हरियाली पर चला बुलडोजर, वर्षों पुराने वृक्ष नष्ट होने से ग्रामीणों में आक्रोश

पनागर। पनागर तहसील के ग्राम पंचायत मोहारी के ग्राम नरगांव में भूमि विवाद के बीच वर्षों पुराने हरे-भरे वृक्षों और एक परिवार के आशियाने को जेसीबी से हटाए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। आम, जामुन, नीम और सागौन जैसे दर्जनों वृक्षों के उखाड़े जाने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।



पीड़ित पक्ष के अनुसार, खसरा क्रमांक 531, रकबा 3 एकड़ 50 डिसमिल भूमि पर उनके दिवंगत पिता द्वारा दशकों पूर्व वृक्षारोपण किया गया था, जो अब क्षेत्र की पहचान बन चुका था। आरोप है कि 12 जून 2026 को कब्जा दिलाने की कार्रवाई के दौरान जेसीबी मशीन से परिसर में गेट, खंभे और अन्य संरचनाओं को भी क्षति पहुंचाई गई तथा बड़ी संख्या में वृक्षों को उखाड़ दिया गया।ग्रामीणों का कहना है कि कब्जा दिलाने की कार्रवाई के नाम पर वर्षों पुरानी हरियाली को नष्ट किया गया, जिससे पर्यावरणीय नुकसान के साथ-साथ एक परिवार को भी भारी क्षति हुई है।ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करेंगे।

### इनका कहना है

राजस्व विभाग के अनुसार, केवल कब्जा मुक्ति एवं कब्जा दिलाने की कार्रवाई की गई थी तथा पेड़ काटने या उखाड़ने की कोई अनुमति नहीं दी गई थी। मामले की जांच कर विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी।

# मझौली में गंदगी और अव्यवस्थाओं से नागरिक परेशान, त्योहार से पहले सुधार की मांग

**मझौली।** नगर परिषद मझौली के विभिन्न वार्डों में इन दिनों गंदगी और अव्यवस्थाओं की स्थिति से नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर नालियां चोक होने से गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार जगह-जगह पानी भराव की स्थिति बनने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे बीमारियों का खतरा भी मंडरा रहा है। नगर के कई वार्डों में सड़कें जर्जर स्थिति में हैं तथा कुछ स्थानों पर पुलिया क्षतिग्रस्त होने से दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। इसके अलावा स्ट्रीट लाइट बंद रहने के कारण रात के



समय अंधेरा छाया रहता है, जिससे नागरिकों को आवागमन में परेशानी होती है। नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि बरसात और आगामी त्योहारों को देखते हुए तत्काल सफाई अभियान चलाया जाए, नालियों की सफाई एवं कचरा निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, टूटी सड़कों व पुलियों की मरम्मत की जाए तथा बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को शीघ्र चालू किया जाए।

# शहनाज़ अख्तर का देवी जागरण कार्यक्रम कल



**सिहोरा।** सुप्रसिद्ध देवी गीत गायिका शहनाज अख्तर आगामी 18 जून को देवी जागरण में माता के भजन प्रस्तुत करेंगी। वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद कांग्रेस प्रदेश सचिव राजेश चौबे द्वारा माताजी श्रीमती जयंती चौबे की पुण्यतिथि पर आयोजित देवी जागरण खितौला के बारीबहू स्टेडियम रात्रि 8 बजे से शहनाज़ अख्तर के भजन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। जिसमें चौबे परिवार ने सभी धर्म प्रेमियों से पहुंचने की अपील की गई है।

# सिहोरा के आयूष तिवारी का असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयन

**सिहोरा।** सिहोरा तहसील को गौरवान्वित करते हुए सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र आयूष तिवारी ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 4 वीं रैंक हांसिल कर असिस्टेंट प्रोफेसर भूगर्भशास्त्र के पद पर चयनित हुए। ज्वालामुखी वार्ड क्रमांक दो निवासी नगर पालिका परिषद सिहोरा के उपाध्यक्ष शारदा तिवारी,रीता तिवारी के पुत्र आयूष तिवारी ने अपने पहले भी प्रयास में यह सफलता प्राप्त की है। आयूष ने परिवार के साथ ब्राह्मण समाज सिहोरा को भी गौरवान्वित किया है।



>श्री **रमेश कुमार ठाकुर**- एलआईजी 13, धनवंतरी नगर निवासी श्री रमेश कुमार ठाकुर (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बलजिन्दर सिंह सेठी**- नर्मदा होम्स कटंगा निवासी श्री बलजिन्दर सिंह सेठी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री संजय पटेल**- आईटीआई आकाशवाणी के सामने निवासी श्री संजय पटेल (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कमल अहिरवार**- झिन्ना मोहल्ला राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री कमल अहिरवार (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती चंदा देवी राजपूत**- एलआईजी 34, पुनीत नगर अधारताल निवासी श्री कुंवर सिंह राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती चंदा देवी राजपूत (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शक्ति कोहली**- रतन नगर नर्मदा रोड निवासी श्री निहार कोहली की धर्मपत्नी श्रीमती शक्ति कोहली (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती गोदावरी शुक्ला**- संजीवनी नगर सर्वे ऑफ इंडिया के पास निवासी श्री आरके शुक्ला की धर्मपत्नी श्रीमती गोदावरी शुक्ला (87) का निधन हो गया। अंतिम




संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. डॉली चौधरी**- फूटाताल निवासी श्री पप्पू चौधरी की पुत्री डॉली चौधरी (23) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री श्याम लाल विश्वकर्मा**- सरकारी कुआं घमापुर निवासी श्री श्याम लाल विश्वकर्मा (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गोमती बाई बर्मन**- पुरानी बस्ती गौरीघाट निवासी श्री राजू बर्मन की धर्मपत्नी श्रीमती गोमती बाई बर्मन (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती बसंती कोरी**- तिलहरी फेस 1 निवासी श्री कुंवर लाल कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती बसंती कोरी (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गायत्री पाठक**- टेलीग्राफ गेट नं. 4 साईं मंदिर के पास निवासी श्री सुरेंद्र पाठक की धर्मपत्नी श्रीमती गायत्री पाठक (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री वीरेंद्र कुमार धुर्वे**- पिपरिया खमरिया निवासी श्री वीरेंद्र कुमार धुर्वे (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब मात्र 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | से मी. | रंगीन | 1100/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407362100

# हैंडबॉल प्रीमियर लीग 2026: दूसरे दिन रोमांचक मुकाबले, खालसा और यू.टी.डी. की जीत

**जबलपुर।** 26वीं हैंडबॉल प्रीमियर लीग 2026 के दूसरे दिन के मैच सनातन धर्म पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल, हाथीताल में उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनीता साहू, शैला मथाई, रणजीत कौर, कुलदीप कौर तथा शैरिल थॉमस उपस्थित रहीं।

पूल ए के पहले मैच में खालसा स्पोर्ट्स एकेडमी ने टी.एफ.आर.आई. वॉरियर्स को 24-03 से हराया। वहीं पूल बी में यू.टी.डी. बॉयज ने सनातन बॉयज को 19-07 से पराजित किया। बालिका वर्ग में यू.टी.डी. और सनातन गर्ल्स के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें सनातन गर्ल्स ने 17-15 से जीत दर्ज की। मैचों में निर्णायक की भूमिका पलक



चंसौरिया एवं महक जायसवाल ने निभाई, जबकि स्कोरिंग का कार्य खुशी बेन, तनवी सतनामी, अंशिका जंघेला एवं तनुजा सेन द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का संचालन विश्वामित्र अवॉर्डी हरमिंदर सिंह ढिल्लो एवं जगपाल सिंह ढिल्लो द्वारा किया गया। अगला मुकाबला 17 जून 2026 को शाम 4 बजे सनातन धर्म पब्लिक स्कूल के खेल मैदान में खेला जाएगा।




# ईस्ट यूनाइटेड फुटबॉल क्लब के समर कैंप का समापन

## खिलाड़ियों को दिए गए प्रमाण-पत्र एवं जर्सी

जबलपुर। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के आरहो कार्यक्रम के अंतर्गत जबलपुर जिला फुटबॉल संघ एवं ईस्ट यूनाइटेड फुटबॉल क्लब द्वारा आयोजित निशुल्क ग्रीष्मकालीन फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर 2026 का समापन महाकौशल हाट बाजार फुटबॉल ग्राउंड, कांचघर में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. विशाल बन्ने रहे। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. हरीश चंद्र यादव, राहुल तिवारी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर खिलाड़ियों को जर्सी एवं प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। मुख्य अतिथि डॉ. बन्ने ने कहा कि फुटबॉल केवल एक खेल नहीं है, बल्कि यह युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास विकसित करने का सशक्त माध्यम है। आयोजन में बड़ी संख्या में खिलाड़ी, प्रशिक्षक एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# एनएसई ने 11 नए क्षेत्रीय इंडेक्स किए लांच: निफ्टी पावर, रिटेल व हॉस्पिटल्स शामिल

## अब कुल 34 इंडेक्स से अर्थव्यवस्था ट्रैक करना होगा आसान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की इंडेक्स सर्विसेज कंपनी एनएसई इंडाइसेज लिमिटेड ने बाजार में 11 नए सेक्टोरल इंडेक्स लांच किए हैं। इस कदम से अब निफ्टी के तहत कुल सेक्टोरल इंडेक्स की संख्या बढ़कर 34 हो गई है, जिससे भारत की अर्थव्यवस्था के अलग-अलग सेक्टर्स को ज्यादा सटीकता से ट्रैक किया जा सकेगा। एनएसई के लांच किए गए ये नए इंडेक्स उन सेक्टर्स को कवर करते हैं, जिन्होंने हाल के सालों में भारतीय बाजार में अपनी मजबूत पकड़ बनाई है। इनमें पावर, कैपिटल गुड्स,टेलीकम्युनिकेशंस, कंस्ट्रक्शन, रिटेल, हेल्थकेयर और फाइनेंशियल सर्विसेज जैसे मुख्य सेक्टर्स शामिल हैं। इस विस्तार से एसेट मैनेजर्स, इंस्टीट्यूशनल इंवेस्टर्स और पैसिव इंवेस्टमेंट प्रोडक्ट्स को बेंचमार्क के लिए ज्यादा विकल्प मिलेंगे।

### इकोनॉमी की ज्यादा सटीक कवरेज

एनएसई इंडाइसेज के मुताबिक, इस नए कदम का उद्देश्य भारतीय अर्थव्यवस्था की ज्यादा गहरी और सटीक (ग्रैनुलर) कवरेज देना है। कंपनी ने बताया कि इन नए इंडेक्स की मदद से स्थापित और तेजी से उभरते हुए दोनों ही तरह के सेक्टर्स को बेहतर तरीके से पेश किया जा सकेगा, जिससे देश की अर्थव्यवस्था में सेक्टोरल रिप्रजेंटेशन मजबूत होगा।

**क्या है NSE इंडाइसेज लिमिटेड ?**एनएसई इंडाइसेज को पहले 'इंडिया इंडेक्स सर्विसेज एंड प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आईआईएसएल) के नाम से जाना जाता था। यह एनएसई की ही सहायक कंपनी है, जो निफ्टी 50 समेत पूरी निफ्टी फैमिली के इंडेक्स का मैनेजमेंट संभालती है। कंपनी के पास इक्विटी, फिक्स्ड-इनकम, थीमैटिक और कस्टमाइज्ड इंडेक्स की एक बड़ी रेंज है, जिसका इस्तेमाल भारत और विदेशों के फंड मैनेजर्स द्वारा बड़े पैमाने पर किया जाता है

### पैसिव इंवेस्टमेंट को मिलेगी मजबूती

स्टॉक एक्सचेंज का मानना है कि ये नए बेंचमार्क देश में लगातार बढ़ रहे पैसिव इंवेस्टमेंट इकोसिस्टम में एक बड़ा रोल निभा सकते हैं। आमतौर पर सेक्टोरल इंडेक्स ही ईटीएफ, इंडेक्स फंड्स और स्ट्रक्चर्ड प्रोडक्ट्स का आधार बनते हैं।

# कुल निर्यात में सेवा क्षेत्र की हिस्सेदारी 49 प्रतिशत बढ़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारत के कुल निर्यात में सेवा क्षेत्र की हिस्सेदारी 2014-15 के 33.8 प्रतिशत से बढ़कर 2025-26 में 48.8 प्रतिशत हो गई है। यह वृद्धि आईटी क्षेत्र के तेज विस्तार, वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) में बढ़ोतरी और वैश्विक महामारी के बाद सेवाओं की डिजिटल आपूर्ति की ओर बदलाव के कारण हुई है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, सेवा निर्यात 2014-15 के 158.1 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2025-26 में 421.3 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। आंकड़ों के मुताबिक, देश का कुल निर्यात (वस्तु व सेवाएं मिलाकर) 2014-15 के 468 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2025-26 में 863 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। सेवा निर्यात में पिछले 12 वर्षों में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। केवल 2020-21 में कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण इस पर असर पड़ा। कुल सेवा निर्यात में 40 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी के साथ सॉफ्टवेयर सेवाएं प्रमुख वृद्धि चालक बनी हुई हैं। पेशेवर एवं प्रबंधन परामर्श दूसरा सबसे बड़ा योगदानकर्ता बनकर उभरा। मंत्रालय ने कहा, '' पिछले 12 वर्षों में सेवा निर्यात में 9.3 प्रतिशत की वार्षिक दर दर्ज की गई है।'' वस्तु निर्यात भी 2014-15 के 310 अरब डॉलर से बढ़कर 2025-26 में 442 अरब डॉलर हो गया।

■ महामारी के बाद सेवाओं की डिजिटल आपूर्ति की और बदलाव

### 47 प्रक्रियाओं का सरलीकरण किया गया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों को सूचीबद्ध करते हुए मंत्रालय ने कहा कि व्यापार सुगमता के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इनमें 47 प्रक्रियाओं का सरलीकरण, स्वचालित एफटीपी (विदेश व्यापार नीति) प्रक्रियाएं, आयातक-निर्यातक कोड (आईईसी) का स्वतः सत्यापित रूप से जारी होना और निर्यात प्रोत्साहन मिशन की शुरुआत शामिल है।

# गूगल ने टेलीग्राम ऐप को प्ले स्टोर से हटाया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




गूगल ने संदेश ऐप टेलीग्राम को प्ले स्टोर से हटा दिया और सरकार के आदेश का पालन करते हुए एप्पल भी जल्द ऐसा कर सकती है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सरकार ने आगामी नीट परीक्षा में पेपर लीक की आशंका को रोकने के लिए गूगल और एप्पल को टेलीग्राम ऐप को अस्थायी रूप से ऐप स्टोर से हटाने का आदेश दिया है। एक सूत्र ने नाम न बताने की शर्त पर कहा, '' सरकार ने गूगल और एप्पल से ऐप को अस्थायी रूप से हटाने को कहा है। गूगल ने इसे हटा दिया है, एप्पल भी ऐसा करेगी।'' जांच के दौरान गूगल प्ले स्टोर पर यह संदेश दिखाई दिया कि ऐप उपलब्ध नहीं है। इस मामले में गूगल, एप्पल और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय से पूछे गए सवालों पर कोई तत्काल प्रतिक्रिया नहीं मिली। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) की सिफारिशों पर कार्रवाई करते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 69ए के तहत आदेश जारी किया है। इसके तहत भारत में टेलीग्राम मंच की पहुंच को एक निर्धारित और सीमित अवधि तक (22 जून, 2026 तक) प्रतिबंधित किया गया है। यह अवधि नीट (स्नातक) 2026 पुनर्परीक्षा के दिन और उसके तुरंत बाद तक लागू रहेगी।


■ सरकारी आदेश के बाद एप्पल भी उठा सकती है कदम

### संदेश संपादन सुविधा निष्क्रिय करने कहा गया

*एक अलग आदेश में टेलीग्राम को 30 जून तक पहले से भेजे गए संदेशों के लिए संदेश संपादन सुविधा को भारत में निष्क्रिय करने को कहा गया है, ताकि राष्ट्रीय परीक्षाओं से जुड़े कथित ''पेपर लीक'' के बाद बनाए गए साक्ष्यों के दुरुपयोग को रोका जा सके।*

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 544 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी रही। सेंसेक्स 544 अंक चढ़कर बंद हुआ जबकि निफ्टी में 135 अंक की बढ़त दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 544.15 अंक चढ़कर 76,808.48 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 582.41 अंक चढ़कर 76,846.74 अंक तक पहुंच गया था। वहीं निफ्टी 135.25 अंक यानी 0.57 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,989.15 अंक पर बंद हुआ। यह घरेलू बाजारों में तेजी का लगातार तीसरा दिन रहा। इस दौरान सेंसेक्स में कुल 2,975.93 अंक यानी चार प्रतिशत की बढ़त हुई है जबकि निफ्टी 827.55 अंक यानी 3.57 प्रतिशत चढ़ गया है। विशेषज्ञों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के शुद्ध खरीदार बनने से भी कारोबारी धारणा को समर्थन मिला।

■ कच्चे तेल की कीमतों में नरमी दर्ज की गई

### एचसीएल टेक में सर्वाधिक तेजी रही

सेंसेक्स की कंपनियों में से एचसीएल टेक में सर्वाधिक 3.59 प्रतिशत की तेजी रही। इसके अलावा बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और बजाज फाइनेंस के शेयर भी लाभ के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ, इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो), अल्ट्राटेक सीमेंट, मारुति सुजुकी और टाटा स्टील के शेयरों में गिरावट का रुख रहा।


क्रमांक 2715001/2014/ ई.डी.पी. / ई-टेंडरिंग / 406

**कार्यालय प्रमुख अभियंता**

**जल संसाधन विभाग, जल संसाधन भवन, तुलसी नगर, भोपाल**

ई मेल -mpwrdetenders@gmail.com, edpcellencwrd.bpl@mp.gov.in

फोन - 0755-2553402 फैक्स- 0755-2552406

**निविदा सूचना क्रमांक-641/2715001/ई.डी.पी./2021-22/प्र.अ./ ई-टेंडरिंग**

**भोपाल, दिनांक 03/06/2026**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

**निम्न कार्यो हेतु निविदा वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट पर दिनांक 23-06-2026 को 17:30 बजे तक क्रय / डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते है । निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा । विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।**

| स.क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | जिला | राशि रू. लाख में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_WRD _503899 | बाणसागर परियोजना की भितरी कैनाल के एच. आर. (सर्विस एवं एमरजेंसी) गेटों के सुधार एवं मरम्मत कार्य। | शहडोल | 6.75 |
| 2 | 2026_WRD _503900 | लाईट मशीनरी एवं वि. / यॉ. उपसंभाग संभाग सतना एवं बाणसागर वि. / यॉ. उपसंभाग क्रमांक 1, रीवा हेतु 01 नग निरीक्षण वाहन किराये पर लेना । | शहडोल | 6.62 |
| 3 | 2026_WRD _503901 | लाईट मशीनरी एवं वि. / यॉ. संभाग देवलोंद हेतु 01 नग निरीक्षण वाहन किराये पर लेना । | शहडोल | 6.60 |
| 4 | 2026_WRD _504364 | के.सी.एस. दूधी मध्यम परियोजना के 09 नग हेड स्लूस गेट का मानसून -पूर्व रखरखाव का कार्य। | भोपाल | 3.66 |
| 5 | 2026_WRD _504367 | सीहोर संभाग के 63 नग लघु तालाबों की मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य । | भोपाल | 19.98 |
| 6 | 2026_WRD _504368 | रायसेन संभाग के 54 नग लघु तालाबों की मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य । | भोपाल | 19.88 |
| 7 | 2026_WRD _504477 | लाईट मशीनरी एवं वि. / यां. उपसंभाग शामगढ़ के 49 लघु जलाशयों के 85 नग स्लूस गेटों का मरम्मत कार्य । | उज्जैन | 6.37 |
| 8 | 2026_WRD _504953 | ढूंटी आर.बी.सी. के चेन क्रं. पर स्थित नहर स्लूस गेटों के सर्विस एवं स्केप गेटों के मरम्मत का कार्य। | नरसिंहपुर | 2.80 |
| 9 | 2026_WRD _504954 | ढूंटी एल.बी.सी. के उपसंभाग क्रं.06 की नहर स्लूस एच.आर./सी.आर. गेटों के मरम्मत का कार्य । | नरसिंहपुर | 2.42 |
| 10 | 2026_WRD _505622 | लाईट मशीनरी एवं वि. / यां. उपसंभाग क्रं2 उज्जैन के 76 लघु जलाशयों के 103 नग स्लूस गेटों का मरम्मत कार्य । | उज्जैन | 7.85 |
| 11 | 2026_WRD _505623 | उपसंभाग भानपुरा के 14 लघु जलाशयों के 27 नग गेटो का मरम्मत कार्य । | उज्जैन | 11.85 |
| 12 | 2026_WRD _505624 | रेतम बैराज मल्हारगढ़ के रेडियल गेटों एवं लेवल इंडिकेटरों का वर्षा पूर्व अनुरक्षण कार्य। | उज्जैन | 8.14 |
| 13 | 2026_WRD _505625 | खुमानसिहं शिवाजी जलाशय, ठीकरयिा एवं मोरवन मध्यम जलाशयों के 05 नग स्लूस गेटो का मरम्मत कार्य । | उज्जैन | 1.14 |
| 14 | 2026_WRD _505626 | सरोज सरोवर बांध के रेडियल गेटों एवं उनकी असेम्बली का वर्षा पूर्व अनुरक्षण कार्य । | उज्जैन | 1.41 |
| 15 | 2026_WRD _505627 | काका गाडगिल सागर मल्हारगढ़ के रेडियल गेटों एवं उनकी असेम्बली का वर्षा पूर्व अनुरक्षण कार्य। | उज्जैन | 4.03 |
| 16 | 2026_WRD _505632 | गांधी सागर बांध के मुख्य एवं स्लूस गेटों गेन्ट्री केन एवं विघुत एवं यांत्रिकी पार्टस को वार्षिक मरम्मत कार्य । | उज्जैन | 17.48 |
| 17 | 2026_WRD _505633 | रामपुरा रिंग बण्ड डिवाटरिंग प्रोजेक्ट में लाइट, मोटर पम्प सेट एंव फेनसिंग लगाने का कार्य । | उज्जैन | 16.63 |
| 18 | 2026_WRD _505644 | ला.मा.वि. / यां उपसंभाग ग्वालियर के गेटो की आईलिंग, ग्रीसिंग एवं मरम्मत कार्य। | ग्वालियर | 0.48 |
| 19 | 2026_WRD _505645 | पिलुआ एवं कोतवाल बांध के जनरेटर सेट के सर्विस का कार्य । | ग्वालियर | 1.33 |
| 20 | 2026_WRD _505646 | बंसाली एवं रिठोड़ टैक गेटो की आईलिंग, ग्रीसिंग एवं मरम्मत का कार्य । | ग्वालियर | 0.37 |
| 21 | 2026_WRD _505647 | पगारा बांध के गेटो का वषार्पूर्व आयलिंग ग्रीसिंग का कार्य । | ग्वालियर | 0.43 |
| 22 | 2026_WRD _505670 | उकायला सैडल बांध पर 4 नग वर्टिकल लिफ्ट गेट का वषार्पूर्व ऑइलिंग एवं ग्रीसिंग कार्य एवं ईमर्जन्सी गेट 2 का वायर रोपे के प्रदाय। | दतिया | 5.95 |
| 23 | 2026_WRD _505671 | अटल सागर मड़ीखेड़ा बांध पर गैन्ट्री क्रैन का मरम्मत कार्य । | दतिया | 5.45 |
| 24 | 2026_WRD _505675 | समोहा पिकअप वियर के वषार्पूर्व वर्टिकल लिफ्ट गेट एवं एच आर गेट का मरम्मत एवं सुधार कार्य । | दतिया | 5.94 |
| 25 | 2026_WRD _505676 | समोहा पिकअप वियर के वषार्पूर्व विद्युत, मरम्मत, सुधार एवं डी.जी. सर्विस कार्य । | दतिया | 5.53 |
| 26 | 2026_WRD _505678 | मोहिनी पिकअप वियर पर फीडर नहर के क्रॉस रेगुलेटर गेटों का मरम्मत कार्य । | दतिया | 0.58 |
| 27 | 2026_WRD _505713 | दुमका हेड के लिए वषार्पूर्व एच. आर. गेटों का मरम्मत एवं सुधार कार्य । | दतिया | 1.67 |
| 28 | 2026_WRD _506051 | वर्षा पूर्व तवा बांध एवं इंटेक गेटों हेतु ऑयलिंग ग्रीसिंग, सर्विसिंग, वायररोप कम्पाउडिंग एवं यांत्रिकी मरम्मत कार्य । | नर्मदापुरम | 15.64 |
| 29 | 2026_WRD _506054 | वर्षा पूर्व तवा बांध हेतु रेडियल इंटेक, ग्रेन्टी क्रेन एवं जनरेटर कक्ष के विघुत सुधार एवं मरम्मत कार्य। | नर्मदापुरम | 8.36 |
| 30 | 2026_WRD _506056 | लेण्डिया नाला बाढ़ नियंत्रण योजना नर्मदापुरम के स्लूस गेटों एवं पुरानी स्कीम का विद्युत सुधार एवं मरम्मत। | नर्मदापुरम | 0.78 |
| 31 | 2026_WRD _506057 | इमलीढाना, जमुनिया एवं आमाखाल लघु जलाशयों का प्री-मानसून में सुधार एवं मरम्मत कार्य । | नर्मदापुरम | 0.45 |
| 32 | 2026_WRD _506060 | बैतूल जिले के जोगली जलाशय के स्लूस गेट को बदलने का कार्य । | नर्मदापुरम | 0.34 |
| 33 | 2026_WRD _506061 | पारसडोह मध्यम सिंचाई परियोजना के मानसून पूर्व ऑयलिंग, ग्रीसिंग, कंपाउडिंग एवं क्षतिग्रस्त फ्लोटिंग, शाफ्ट, फ्लैज कपलिंग, वॉकवे एवं रेलिंग की मरम्मत, पेटिंग एवं बैरियर की स्थापना । | नर्मदापुरम | 10.76 |
| 34 | 2026_WRD _506062 | बारना एवं सैंडल बांध बाडी के मैकेनिकल यूनिट्स, रेडियल गेट कंट्रोल पैनल, रेस्ट हाउस, पावर हाउस और बांध पर रोशनी की व्यवस्था आदि मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य । | नर्मदापुरम | 16.04 |
| 35 | 2026_WRD _506065 | उप संभाग क्र. 1 तवानगर हेतु श्रमिक का प्रदाय। | नर्मदापुरम | 16.52 |
| 36 | 2026_WRD _506529 | तवा बायीं तट नहर के चैनेज क्र. 3008 से 4283.6 एवं सिवनी मालवा संभाग के चैनेज क्र. 1526 से 2548 तक के सी. आर. एच. आर, स्कैप गेटों की आईलिंग ग्रीसिंग एवं कम्पाउडिंग का कार्य । | नर्मदापुरम | 2.65 |
| 37 | 2026_WRD _506530 | जल संसाधन संभाग टिमरनी के एच.बी.सी. केनाल के सी. आर. / एच. आर. / स्कैप गेटों की आईलिंग ग्रीसिंग एवं कम्पाउडिंग का कार्य । | नर्मदापुरम | 2.18 |
| 38 | 2026_WRD _506531 | टिमरनी संभाग के एच.बी.सी. कैनाल के विभिन्न चैनेज सी.आर./ एच.आर. / स्कैप गेटों की मरम्मत का कार्य। | नर्मदापुरम | 3.40 |
| 39 | 2026_WRD _506532 | सिवनी मालवा संभाग के चैनेज क्र.1526 से 548 तक के सी.आर./एच.आर. का मरम्मत का कार्य। | नर्मदापुरम | 3.18 |
| 40 | 2026_WRD _506533 | बरना बांध के दांयी तट नहर के चैनेल क्र. 99 पर 150 / 125 / 115 हैंडपंप ड्रिलिंग का कार्य । | नर्मदापुरम | 1.45 |
| 41 | 2026_WRD _507008 | तवा बांध के तवा बायी तट नहर के इन्टैक के इमरजेंसी गेट क्रं. 1 पर वायररोप का प्रदाय । | नर्मदापुरम | 2.09 |
| 42 | 2026_WRD _507197 | गांधी सागर बांध के 2 नग 20 मीटर हाई मास्ट एवं लाइट का मरम्मत कार्य । | उज्जैन | 16.52 |
| 43 | 2026_WRD _507198 | रामपुरा रिंग बंड पंप हॉउस (नया) संचालन हेतु 01 नग कुशल, 02 नग अर्द्धकुशल, 03 नगर अकुशल श्रमिक का प्रदाय। | उज्जैन | 11.87 |
| 44 | 2026_WRD _507199 | रामपुरा रिंग बंड पंप हॉउस (पुराना) संचालन हेतु 01 नग कुशल, 02 नग अर्द्धकुशल, 03 नगर अकुशल श्रमिक का प्रदाय । | उज्जैन | 11.87 |
| 45 | 2026_WRD _507572 | मढ़िया बांध के 33/0.433 के.व्ही. विघुत उपकेन्द्र पर विधुतीय उपकरणों के प्रदाय एवं अन्य कार्य। | सागर | 15.85 |
| 46 | 2026_WRD _507656 | कुण्डम/बरगी, पनागर एवं घुटेही ब्लॉक के टैंक स्लूस गेट्स का वार्षिक सुधार एवं मरम्मत का कार्य। | नरसिंहपुर | 1.40 |
| 47 | 2026_WRD _507658 | कुण्डम/ बरेला के टैंक स्लूस गेटस का वार्षिक सुधार एवं मरम्मत का कार्य । | नरसिंहपुर | 0.78 |
| 48 | 2026_WRD _507661 | राजीव सागर परियोजना की कुडवा कॉलोनी में स्थापित 200 के. व्ही. ए. डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर का मरम्मत का कार्य । | नरसिंहपुर | 1.61 |
| 49 | 2026_WRD _507662 | बीजादांडी और निवास ब्लॉक लघु और मध्यम एवं नारायण गंज ब्लॉक के लघु जलाशयों के स्लूस गेटस का वार्षिक सुधार एवं मरम्मत का कार्य । | नरसिंहपुर | 1.05 |
| 50 | 2026_WRD _508146 | हिलगन बांध के जलद्वार पर अवयवों सहित यांत्रिकीय एवं अन्य कार्य। | सागर | 3.95 |
| 51 | 2026_WRD _508887 | मोरखा बैराज के 20 नग जलद्वार के फ्रेम्स प्रदाय एवं फेब्रीकेशन का कार्य । | भोपाल | 4.69 |
| 52 | 2026_WRD _508888 | त्योंथर नहर परियोजना संभाग सिरमौर के क्रॉस रेगुलेटर 2 नग जलद्वारों के होइस्ट के फेब्रिकेशन प्रदाय एवं इरेक्शन का कार्य । | भोपाल | 7.53 |
| 53 | 2026_WRD _508889 | विभिन्न जल संसाधन विभागों के टैक जलद्वारों के प्रदाय एवं फेब्रिकेशन का कार्य । | भोपाल | 3.26 |
| 54 | 2026_WRD _508890 | विभिन्न जल संसाधन विभागों के विभिन्न प्रकार के टैंक जलद्वारों के प्रदाय एवं फेब्रिकेशन का कार्य। | भोपाल | 2.92 |
| 55 | 2026_WRD _508893 | विभिन्न जल संसाधन संभागो के जलद्वारों के लिए डब्लू डब्लू 90 हेड स्टाक ( 63 एम एम डाया नट) के प्रदाय, कास्टिंग, मशीनिंग एवं असेम्बली का कार्य । | भोपाल | 7.56 |
| 56 | 2026_WRD _508894 | ब्रहाणगाओं बैराज के 11 नग जलद्वार के कास्ट स्टील रोलर एवं एम्बेडेड पार्ट्स विथ एस एस फिटिंग के प्रदाय फेब्रीकेशन एवं इरेक्शन का कार्य । | भोपाल | 12.99 |
| 57 | 2026_WRD _508896 | जलद्वारों के निर्माण हेतु एम एस राउण्ड बार 63 एम.एम. के स्केवेयर थ्रेडिंग का कार्य । | भोपाल | 1.58 |
| 58 | 2026_WRD _508897 | विभिन्न जल संसाधन विभागों के विभिन्न साइज के टैक जलद्वारों के प्रदाय एवं फेब्रिकेशन का कार्य। | भोपाल | 7.50 |
| 59 | 2026_WRD _508900 | ला.म. एवं वि./ यॉ. उपसंभाग शहपुरा एफ.ओ.एम. उपसंभाग जबलपुर एफ.ओ.एम. उपसंभाग छिंदवाड़ा हेतु निरीक्षण वाहन किराये पर लेना । | नरसिंहपुर | 3.42 |
| 60 | 2026_WRD _508901 | अमरवाडा एवं हरई व्लॉक में लघु एवं मध्यम टैंको का वर्षा पूर्व ऑयलिंग ग्रीसिंग एवं मरम्मत का कार्य | नरसिंहपुर | 1.83 |
| 61 | 2026_WRD _508902 | मोहखेड एवं चौरई ब्लॉक ग्रुप 1 एवं 2 लघु / मध्यम टैको का वर्षा पूर्व ऑयलिंग ग्रीसिंग एवं मरम्मत का कार्य । | नरसिंहपुर | 2.30 |
| 62 | 2026_WRD _508903 | पांढुर्ना व्लॉक ग्रुप 1,2 एवं 3 के लघु/ मध्यम टैंको के का वर्षा पूर्व ऑयलिंग ग्रीसिंग एवं मरम्मत का कार्य । | नरसिंहपुर | 2.79 |
| 63 | 2026_WRD _508904 | तामिया ब्लॉक ग्रुप 1,2 एवं 3 के लघु / मध्यम टैंको का वर्षा पूर्व ऑयलिंग ग्रीसिंग एवं मरम्मत का कार्य । | नरसिंहपुर | 1.91 |
| 64 | 2026_WRD _508905 | सौंसर और बिछुआ ब्लॉक लघु / मध्यम टैंको का वर्षा पूर्व मरम्मत का कार्य । | नरसिंहपुर | 1.36 |
| 65 | 2026_WRD _508906 | उपसंभाग समनापुर के माईनर टेंको के स्लूस गेटों के मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। | नरसिंहपुर | 0.98 |
| 66 | 2026_WRD _508907 | उपसंभाग शहपुरा के माईनर टेंको के स्लूस गेटों के मरम्मत एवं रखरखाव कार्य । | नरसिंहपुर | 2.24 |
| 67 | 2026_WRD _508908 | उपसंभाग बजाग के माईनर टेंको के स्लूस गेटों का वर्षा पूर्व मरम्मत एवं रखरखाव कार्य । | नरसिंहपुर | 1.44 |
| 68 | 2026_WRD _509232 | विभिन्न संभागों के सी आई वेजेस गाइड कपलिंग एवं चक नट की कास्टिंग, मशीनिंग एवं असेम्बलिंग के प्रदाय का कार्य । | भोपाल | 3.61 |
| 69 | 2026_WRD _509388 | पगारा बांध के इमरेजेंसी गेट के वायर रोप के फिक्सिंग का कार्य । | ग्वालियर | 1.39 |
| 70 | 2026_WRD _509389 | महुअर बांध के मोटर पम्प स्थापित एवं मरम्मत, गेटो का आईलिंग एवं ग्रीसिंग का कार्य । | ग्वालियर | 1.82 |
| 71 | 2026_WRD _509542 | सिंहपुर बैराज मध्यम बांध के शीर्ष जलद्वारों सहित प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य कार्य। | सागर | 2.95 |
| 72 | 2026_WRD _509543 | कुटनी पोषक बांध बैराज के शीर्ष जलद्वारों सहित प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य कार्य । | सागर | 3.32 |
| 73 | 2026_WRD _509544 | सुरखी लघु सिंचाई वियर में स्थापित 13 नग गेटों के मरम्मत एवं अन्य कार्य । | सागर | 2.55 |
| 74 | 2026_WRD _509545 | दमोह जिले की विभिन्न लघु सिंचाई जलाशयों के 08 नग जलद्वारों के मरम्मत व अन्य कार्य । | सागर | 3.04 |
| 75 | 2026_WRD _509546 | दमोह जिले की विभिन्न लघु सिंचाई जलाशयों के 05 नग जलद्वारों के मरम्मत व अन्य कार्य । | सागर | 1.36 |
| 76 | 2026_WRD _509548 | दमोह जिले की विभिन्न लघु सिंचाई जलाशयों के 06 नग जलद्वारों के मरम्मत व अन्य कार्य । | सागर | 1.19 |
| 77 | 2026_WRD _509549 | मंझगाय मध्यम सिंचाई परियोजना के डूबक्षेत्र से प्रभावित ग्राम कुवंरपुर के समीप 33 के.व्ही. विद्युत लाईन के प्रतिस्थापन एवं अन्य कार्य । | सागर | 15.58 |
| 78 | 2026_WRD _509550 | मंझगाय मध्यम सिंचाई परियोजना के डूबक्षेत्र से प्रभावित ग्राम कुवंरपुर के समीप 11 के.व्ही. विद्युत लाईन के प्रतिस्थापन एवं अन्य कार्य । | सागर | 16.90 |
| 79 | 2026_WRD _510694 | वि/यां. एफ.ओ.एम. उपसंभाग खण्डवा / धार हेतु निरीक्षण वाहन किराये पर लेना । | भोपाल | 3.42 |
| 80 | 2026_WRD _510697 | वि/यां. भारी मशीनरी संभाग भोपाल हेतु निरीक्षण वाहन किराये पर लेना । | भोपाल | 3.42 |
| 81 | 2026_WRD _510702 | लाईट मशीनरी एवं वि. / या. उपसंभाग गांधीसागर हेतु 10 नग अकुशल श्रमिक का प्रदाय । | उज्जैन | 18.59 |
| 82 | 2026_WRD _510711 | काका गाडगिल सागर मध्यम परियोजना एवं रैतम बैराज हेतु कुशल, अर्द्धकुशल एवं अकुशल श्रमिक का प्रदाय । | उज्जैन | 14.15 |
| 83 | 2026_WRD _510713 | मध्यम परियोजना धोलावड बांध हेतु 01 नग कुशल, 01 नग अर्द्धकुशल, 01 नग अकुशल श्रमिक का प्रदाय । | उज्जैन | 6.15 |
| 84 | 2026_WRD _510714 | लाईट मशीनरी एवं वि. / यां. उपसंभाग शाजापुर हेतु 03 नग अकुशल श्रमिक का प्रदाय । | उज्जैन | 5.58 |
| 85 | 2026_WRD _510715 | गांधी सागर बांध हेतु 03 नग कुशल, 05 नग अर्द्धकुशल श्रमिक का प्रदाय । | उज्जैन | 16.88 |
| 86 | 2026_WRD _510717 | गांधीसागर बांध की गेलरी पंप एवं सहायक उपकरण का स्थापन। | उज्जैन | 2.98 |
| 87 | 2026_WRD _510718 | पिपलिया कुम्हार तालाब के नहर के गेटों का मरम्मत कार्य । | उज्जैन | 3.82 |
| 88 | 2026_WRD _510721 | लाईट मशीनरी एवं वि. / या. उपसंभाग शामगढ हेतु निरीक्षण वाहन किराये पर लेना । (द्वितीय आमंत्रण) | उज्जैन | 3.92 |
| 89 | 2026_WRD _510723 | लखुन्दर मध्यम परियोजना के 04 नग स्लूस गेटों का मरम्मत कार्य । | उज्जैन | 0.55 |
| 90 | 2026_WRD _511906 | बाणसागर परियोजनाए देवलोंद के में मुख्य बांध बाह्य डैकोरेटिव लाईट फिटिंग का कार्य । | शहडोल | 12.10 |
| 91 | 2026_WRD _511907 | बाणसागर परियोजना के मुख्य बांध के बॉये तट में स्थापित 33/11 के. व्ही. उपकेन्द्र (कैथहा ) 11 के.व्ही. विद्युत लाइन का सुधार एवं मरम्मत कार्य । | शहडोल | 3.05 |
| 92 | 2026_WRD _512080 | पुरानी एवं अनुपयोगी क्लेवर टेक्टर टीजी 50 मशीनों का विक्रय कार्य। | सागर | 9.60 |
| 93 | 2026_WRD _512081 | पुरानी एवं अनुपयोगी के 5 बी एवं के 7 बी मशीनों का विक्रय कार्य। | सागर | 12.17 |
| | | | कुल योग | 556.47 |

G-14472/26

"पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

**मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**

## चिंतन

# नीटः सवाल शुचिता का ही नहीं, प्रतिष्ठा का भी

देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट एक बार फिर चर्चा के केंद्र में है। पिछले वर्ष पेपर लीक और परीक्षा प्रक्रिया पर उठे सवालों ने लाखों विद्यार्थियों और अभिभावकों का भरोसा झकझोर दिया था। यही कारण है कि इस बार होने वाले नीट री-एग्जाम को लेकर केंद्र सरकार और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) किसी भी प्रकार की चूक की गुंजाइश नहीं छोड़ना चाहते। इस परीक्षा की निष्पक्षता और विश्वसनीयता केवल लाखों छात्रों के भविष्य से ही नहीं जुड़ी है, बल्कि शुचिता के साथ सरकार की प्रतिष्ठा भी इससे दांव पर लगी हुई है। इसलिए इस बार सरकार कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती, जिससे इस परीक्षा की पवित्रता पर सवाल उठे या इसकी शुचिता प्रभावित हो। पहली बार इस परीक्षा के पेपर को केंद्र तक ले जाने के लिए वायुसेना के विमानों और हेलीकॉप्टर का प्रयोग होगा। इसके अलावा, सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। पेपर सेटिंग से लेकर परीक्षा केंद्र तक हर तरह की सुरक्षा पुख्ता की जा रही है। केंद्र सरकार ने एक कदम और आगे बढ़ाते हुए सोशल मीडिया पर भी शिकंजा कस दिया है और टेलीग्राम को भी परीक्षा तक प्रतिबंधित कर दिया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी कानून, 2000 की धारा 69ए के तहत टेलीग्राम पर रोक लगाई है। यह रोक 22 जून 2026 तक रहेगी। हालांकि आदेश कब से लागू होगा, इसकी तारीख नहीं दी गई है। नीट री-एग्जाम 21 जून को होगा। सरकार ने एग्जाम के बाद भी टेलीग्राम को अपना मैसेज एडिट फीचर 30 जून तक बंद रखने का निर्देश दिया है। यानी भारत में टेलीग्राम पर पहले से भेजे गए मैसेज 30 जून तक एडिट नहीं हो पाएंगे। असल में टेलीग्राम अपने उपभोक्ताओं को एक फीचर देता है, जिसमें पूर्व में किए गए मैसेज को एडिट किया जा सकता है। ऐसे में कुछ शरारती तत्व पूर्व में किए गए मैसेज को एडिट कर परीक्षा का पेपर जोड़ देते हैं और भ्रम फैलाते हैं कि पेपर पहले ही लीक हो चुका है। इससे परीक्षार्थियों की मुश्किलें बढ़ जाती हैं। लेकिन इस बार ऐसा न हो, इसलिए सरकार ने पहले ही टेलीग्राम पर रोक लगा दी है। इसके अलावा भी कई हैंडल बंद किए गए हैं और व्हाट्सएप समेत सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है। परीक्षा से पहले और बाद में अफवाहों तथा फर्जी दावों को रोकना भी इस बार सुरक्षा रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। सरकार समझती है कि आज केवल पेपर लीक रोकना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि गलत सूचनाओं को फैलने से रोकना भी उतना ही जरूरी है। हालांकि जब तक परीक्षा नहीं हो जाती, तब तक सरकार की चिंता बढ़ी रहेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि परीक्षा के लिए कम से कम दस अलग-अलग प्रश्नपत्र सेट तैयार किए जाएं और कंप्यूटर आधारित रैंडम सिस्टम के जरिए अंतिम समय पर तय किया जाए कि किस केंद्र पर कौन-सा पेपर जाएगा। ऐसी व्यवस्था पेपर लीक करने वाले गिरोहों के लिए बड़ी चुनौती साबित हो सकती है। इसके साथ ही प्रश्नपत्रों की डिजिटल ट्रैकिंग, जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही और त्वरित जांच तंत्र को भी मजबूत किया जाना चाहिए। कुल मिलाकर नीट री-एग्जाम को लेकर इस शुचिता के साथ सरकार की प्रतिष्ठा भी दांव पर है। 21 जून को होने वाली परीक्षा निर्बाध और निर्विवाद रूप से संपन्न हो, इसके लिए पूरी तैयारी के साथ सरकार कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती।



**शांति समझौता**
राज कुमार सिन्हा

# युद्ध विराम का सकारात्मक होगा प्रभाव

> अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध विराम और शांति समझौता वैश्विक अर्थव्यवस्था, कूटनीति और मध्य-पूर्व की भू-राजनीति को गहराई से प्रभावित करेगी। होर्मुज़ जलडमरूमध्य से तेल और गैस की निर्बाध आपूर्ति बहाल होने से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तत्काल गिरावट आएगी, जिससे वैश्विक मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। समुद्री मार्ग के खुलने से अंतरराष्ट्रीय व्यापार और सप्लाई चेन की बाधाएं दूर होगी, जिससे एशियाई और यूरोपीय अर्थव्यवस्थाओं को आर्थिक स्थिरता मिलेगी। भारत, चीन और जापान जैसे बड़े तेल आयातक देशों को राजकोषीय घाटा कम करने और अपनी मुद्रा को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध विराम और शांति समझौता वैश्विक अर्थव्यवस्था, कूटनीति और मध्य-पूर्व की भू-राजनीति को गहराई से प्रभावित करेगी। होर्मुज़ जलडमरूमध्य से तेल और गैस की निर्बाध आपूर्ति बहाल होने से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तत्काल गिरावट आएगी, जिससे वैश्विक मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। समुद्री मार्ग के खुलने से अंतरराष्ट्रीय व्यापार और सप्लाई चेन की बाधाएं दूर होगी, जिससे एशियाई और यूरोपीय अर्थव्यवस्थाओं को आर्थिक स्थिरता मिलेगी। भारत, चीन और जापान जैसे बड़े तेल आयातक देशों को राजकोषीय घाटा कम करने और अपनी मुद्रा को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

भारत अपनी जरूरत का 80 फीसदी से अधिक कच्चा तेल आयात करता है। युद्ध विराम से अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड की कीमतें नीचे आएंगी, जिससे भारत का आयात बिल कम होगा और राजकोषीय घाटा नियंत्रित रहेगा। भारत का अधिकांश तेल और एलपीजी होर्मुज़ जलडमरूमध्य के रास्ते आता है। युद्ध विराम से इस समुद्री मार्ग पर हमलों का खतरा खत्म हो जाएगा, जिससे भारत को बिना किसी रुकावट के ईंधन की आपूर्ति होती रहेगी। फारस की खाड़ी में तनाव कम होने से जहाजों का बीमा प्रीमियम घटेगा। इससे भारतीय तेल कंपनियों की लॉजिस्टिक्स लागत कम होगी और देश में पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर रखने में मदद मिलेगी। यदि इस युद्ध विराम के बाद भविष्य में ईरान पर लगे अमेरिकी प्रतिबंध पूरी तरह हटते हैं, तो भारत दोबारा ईरान से सस्ते और रियायती दरों पर कच्चे तेल का आयात शुरू कर सकता है, जो भारत के लिए एक बड़ा रणनीतिक फायदा होगा। 26 अप्रैल 2026 को भारत के लिए अमेरिकी प्रतिबंधों के समाप्त होने के बाद से चाबहार बंदरगाह प्रोजेक्ट गहरे संकट में था। इस नए युद्ध विराम समझौते से भारत के लिए नई उम्मीदें जगी है। प्रतिबंधों की अवधि खत्म होने के बाद भारत ने वहां से अपने कुछ कर्मचारी हटा लिए थे और अपने निवेश को सुरक्षित करने के लिए 'वेट एंड वॉच' की नीति अपनाई थी। युद्ध विराम के बाद भारत इस रणनीतिक बंदरगाह पर कार्गो संचालन को फिर से पूरी तरह शुरू करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। चाबहार बंदरगाह पाकिस्तान को बाईपास करके अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक पहुंचने का भारत को सीधा रास्ता देता है। शांति समझौते के कारण समुद्री मार्गों पर तनाव खत्म होने से भारत का यह महत्वाकांक्षी व्यापारिक कॉरिडोर एक बार फिर सुरक्षित और सक्रिय हो जाएगा। भारत को मध्य एशिया और अफगानिस्तान तक पहुंचने के लिए पाकिस्तान के जमीनी रास्ते की जरूरत नहीं रहेगी। मुंबई या कंडला बंदरगाह से सामान सीधे ओमान की खाड़ी के रास्ते ईरान के चाबहार बंदरगाह पहुंचेगा, जिससे दूरी और समय दोनों में भारी बचत होगी। चाबहार बंदरगाह को इंटरनेशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर से जोड़ा जा रहा है। इसके जरिए भारतीय सामान ईरान के रेलवे नेटवर्क का उपयोग करके कैस्पियन सागर और वहां से सीधे रूस व यूरोप तक पहुंच सकेगा।

यह मार्ग पारंपरिक स्वेज नहर मार्ग की तुलना में 30 फिसदी सस्ता और 40 प्रतिशत तेजी से पहुंचेगा। संघर्ष विराम से पूरे खाड़ी क्षेत्र में तनाव कम होगा, जिससे व्यापक युद्ध की आशंका टलेगी। लेबनान, यमन



और इराक जैसे देशों में परोक्ष युद्धों के थमने की संभावनाएं बनेगी। सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देश इस युद्ध विराम का स्वागत किया है क्योंकि उनका ध्यान अपनी अर्थव्यवस्थाओं पर है, जिसके लिए क्षेत्रीय शांति अनिवार्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका- ईरान में जंग खत्म करने पर बनी सहमति का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि जंग से दुनिया भर में गंभीर आर्थिक परेशानी पैदा हुई है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने मांग की है कि इस शांति काल का उपयोग संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों में बिना किसी बाधा के मानवीय सहायता, भोजन और चिकित्सा आपूर्ति पहुंचाने के लिए किया जाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सभी क्षेत्रीय देशों से संयम बरतने और अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानूनों का सम्मान करने की अपील की है ताकि वैश्विक व्यापारिक जहाज सुरक्षित आ-जा सकें। संयुक्त राष्ट्र ने दोनों पक्षों से आग्रह किया है कि वे इस अस्थाी युद्ध विराम का उपयोग एक दीर्घकालिक और स्थायी राजनयिक समाधान खोजने के लिए करें। आगामी 19 जून को 60 दिनों के अस्थायी युद्ध विराम को एक स्थायी अंतरराष्ट्रीय संधि में बदलने के लिए स्विट्जरलैंड में एक उच्च स्तरीय शिखर सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इसमें अमेरिका और यूरोपीय संघ का मुख्य उद्देश्य ईरान के यूरेनियम संवर्धन को परमाणु हथियार बनाने के स्तर से बहुत नीचे लाना है। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के निरीक्षकों को ईरान के सभी परमाणु केंद्रों तक बिना किसी बाधा के सीधी पहुंच देने पर बात होगी। वार्ता का एक बड़ा हिस्सा इस बात पर केंद्रित होगा कि ईरान लेबनान में हिज्बुल्लाह, यमन में हुती विद्रोहियों और इराक एवं सीरिया के सशस्त्र समूहों को वित्तीय और सैन्य सहायता देना पूरी तरह बंद करे। इसके बदले में ही इज़राइल की सुरक्षा की गारंटी सुनिश्चित की जाएगी। अमेरिका ईरान के लंबी दूरी के मिसाइल विकास और ड्रोन तकनीक के निर्यात पर कड़े अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध लगाने की मांग करेगा, जिसका इस्तेमाल हालिया संघर्षों में हुआ था। यदि ईरान ऊपर दी गई शर्तों को चरणबद्ध तरीके से मानता है, तो अमेरिका ईरान के तेल और बैंकिंग क्षेत्रों पर लगे कड़े आर्थिक प्रतिबंधों को हमेशा के लिए हटाने का एक टाइमलाइन जारी करेगा।

वार्ता की शुरुआत में ही अमेरिका ईरान करीब 1.25 लाख करोड़ की संपत्ति को डीफ्रीज करेगा। साथ ही, खाड़ी देशों के सहयोग से ईरान के पुनर्निर्माण के लिए प्रस्तावित 300 अरब डॉलर के फंड को औपचारिक रूप दिया जाएगा। यदि ऐसा संभव हो सका, तो यह समझौता केवल एक युद्ध को रोकने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि 21वीं सदी में सहयोग, संवाद और साझा सुरक्षा पर आधारित नई वैश्विक व्यवस्था की नींव रखने वाला ऐतिहासिक पड़ाव बन सकता है। अतः अमेरिका और ईरान के बीच हुआ युद्धविराम केवल दो देशों के बीच तनाव कम होने की घटना नहीं है, बल्कि यह वैश्विक शक्ति संतुलन, ऊर्जा सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय व्यापार व्यवस्था को पुनर्परिभाषित करने वाला महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक मोड़ साबित हो सकता है। इस पूरी प्रक्रिया की सफलता कई चुनौतियों पर निर्भर करेगी। विशेष रूप से इजरायल का आक्रामक रुख इस शांति प्रक्रिया को कभी भी अस्थिर कर सकता है। इसलिए केवल युद्धविराम पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि सभी पक्षों को पारस्परिक विश्वास, कूटनीतिक धैर्य और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के आधार पर दीर्घकालिक समाधान विकसित करना होगा। यदि ऐसा संभव हो सका, तो यह समझौता केवल एक युद्ध को रोकने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि 21वीं सदी में सहयोग, संवाद और साझा सुरक्षा पर आधारित नई वैश्विक व्यवस्था की नींव रखने वाला ऐतिहासिक पड़ाव बन सकता है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

**जयंती विशेष**
श्वेता गोयल



# भारतीय आत्मा के प्रहरी भी थे महाराणा प्रताप

हमारे देश में अनेक महापुरुष हुए हैं, लेकिन महाराणा प्रताप का स्थान सर्वाधिक विशिष्ट है क्योंकि उन्होंने न केवल एक शक्तिशाली साम्राज्य से टक्कर ली बल्कि अपने नैतिक मूल्यों और सिद्धांतों को भी सुरक्षित रखा। वे भारत की उस आत्मा के प्रतीक हैं, जो कभी पराजित नहीं होती, चाहे परिस्थितियां कितनी भी विपरीत क्यों न हों। महाराणा प्रताप भारतीय इतिहास की वह महान विभूति हैं, जिनकी वीरता, स्वाभिमान, आत्मबल और मातृभूमि-प्रेम की गाथाएं आज भी जनमानस में प्रेरणा का स्रोत हैं। वे केवल एक राजा नहीं थे बल्कि भारतवर्ष की उस सांस्कृतिक चेतना के प्रतीक बन गए थे, जो अन्याय, दमन और पराधीनता के विरुद्ध अनवरत संघर्ष करती रही। हिंदू पंचांग के अनुसार, महाराणा प्रताप का जन्म ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को पुष्य नक्षत्र में हुआ था। इस साल यह तिथि 17 जून को है। महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई 1540 को कुम्भलगढ़ दुर्ग में हुआ था। वे मेवाड़ के शिशोदिया वंश के राजा महाराणा उदयसिंह द्वितीय और माता जयवंता बाई के पुत्र थे। बचपन से ही प्रताप में अद्भुत साहस, आत्मबल और परिश्रम की भावना देखने को मिलती थी। उनका जीवन उस समय की भारतीय राजनीतिक परिस्थितियों से गहराई से जुड़ा हुआ था, जब मुगल साम्राज्य अपने विस्तार के चरम पर था और अधिकांश राजाओं ने अकबर की अधीनता स्वीकार कर ली थी, किंतु प्रताप ने न केवल मुगलों की अधीनता अस्वीकार की, बल्कि अपने प्राणों की बाजी लगाकर भी स्वतंत्रता की रक्षा की। यही वह अद्वितीय साहस था, जिसने उन्हें इतिहास में अमर बना दिया। महाराणा प्रताप का संपूर्ण जीवन एक युद्धभूमि



जैसा था, जिसमें उन्होंने कभी समझौता नहीं किया। महाराणा प्रताप के जीवन की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि उन्होंने कभी भी सुविधा और विलासिता के आगे घुटने नहीं टेके। जब वे अपने परिवार और थोड़े से विश्वासपात्रों के साथ अरावली के घने जंगलों में निर्वासित जीवन जी रहे थे, तब भी उनका मनोबल नहीं डगमगाया। उन्होंने जंगलों की छांव में रहकर, सूखी रोटियां खाकर, कठिन जीवन जीते हुए भी स्वतंत्रता के लिए संघर्ष जारी रखा।

प्रताप के संघर्ष की सबसे प्रसिद्ध घटना हल्दी घाटी का युद्ध है, जो 18 जून 1576 को मेवाड़ और मुगल सेना के बीच लड़ा गया। वह युद्ध सामरिक दृष्टि से भले ही निर्णायक न रहा हो लेकिन भारतीय इतिहास का ऐसा अध्याय बन गया, जो वीरता, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक बन गया। उस युद्ध में महाराणा प्रताप के पास सीमित संसाधन, कम सैन्य बल और कमजोर युद्ध सामग्री थी जबकि अकबर की ओर से आमेर का राजा मान सिंह एक विशाल मुगल सेना के साथ मैदान में उतरा था। फिर भी प्रताप ने वह युद्ध वीरता से लड़ा और अपनी सेना के साथ अंत तक डटे रहे। यद्यपि उन्हें युद्धभूमि छोड़नी पड़ी, परंतु वह पराजय नहीं थी बल्कि एक रणनीतिक वापसी थी, जो भविष्य के लिए साहस और दृढ़ निश्चय का बीज बो गई। उस युद्ध में महाराणा प्रताप के प्रिय घोड़े चेतक की भूमिका भी अत्यंत प्रेरणादायक रही। चेतक ने अपने स्वामी की रक्षा के लिए प्राण त्याग दिए, किंतु उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया। प्रताप ने मेवाड़ को फिर से संगठित किया और एक बार फिर से दुर्गों पर अधिकार किया। चावंड को अपनी नई राजधानी बनाया और वहीं से मुगलों के विरुद्ध संग्राम का संचालन करते रहे। उनका यह पुनर्निर्माणकाल दर्शाता है कि पराजय के बाद भी यदि मनोबल जीवित हो तो विजय निश्चित है। महाराणा प्रताप का निधन 19 जनवरी 1597 को हुआ। उनके जीवन का अंतिम काल भी साधना, संगठन और संघर्ष से भरा रहा। उन्होंने अंतिम सांस तक अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया और न ही कभी मुगलों की अधीनता स्वीकार की। उनका जीवन दर्शाता है कि वीरता केवल तलवार से नहीं, बल्कि आत्मबल, सिद्धांतों के प्रति निष्ठा और राष्ट्रप्रेम से होती है। आज जब हम महाराणा प्रताप को स्मरण कर रहे हैं तो यह केवल अतीत की गौरवगाथा नहीं है, बल्कि यह वर्तमान और भविष्य के लिए भी एक मार्गदर्शन है। कोई भी राष्ट्र, कोई भी समाज तब तक स्वतंत्र नहीं हो सकता, जब तक उसमें महाराणा प्रताप जैसा आत्मबल और संघर्षशीलता न हो। महाराणा प्रताप न केवल मेवाड़ के रक्षक थे, बल्कि भारतीय आत्मा के प्रहरी भी थे। भारत की युवा पीढ़ी को महाराणा प्रताप जैसे महानायकों से यह सीख लेनी चाहिए कि जीवन में संघर्षों से डरना के बजाय उनका डटकर सामना करना चाहिए।

(लेखिका शिक्षाविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## गावत संतत संभु भवानी



संकलित
**दर्शन**

शिव वो हैं, जो सब कुछ सहजता के साथ लेते हैं। शिव भक्ति का एक अर्थ यह भी है कि सब कुछ सहजता के साथ किया जाए और सब कुछ सहजता के साथ लिया जाए। व्यक्ति मुस्कुराए तो सहजता के साथ और रोये तो भी सहजता के साथ। भगवान शिव इतने सहज हैं कि देवों के देव होने के बावजूद वो नाचते भी हैं, गाते भी हैं, मुस्कुराते भी हैं। जैसे महाभारत में कृष्ण ने गीता गाई, तुलसीदास श्रीरामचरितमानस गाते हैं, वैसे ही भगवान शिव भी गाते हैं। भगवान शिव ने माथे पर वक्रचंद्र को धारण किया है। यह एक संकेत है कि तुम में चाहे कितनी ही वक्रता हो, मैं तुम्हें स्वीकार कर लूंगा। सब कुछ स्वीकार कर लेना बहुत बड़ी बात होती है। कोई कैसा भी हो, उसे स्वीकार कर लिया जाए। हम स्वीकार करने के बजाय दूसरों को सुधारने में लग जाते हैं और यह काम कभी हो नहीं पाता। इससे अकारण ही संघर्ष पैदा होता है। शिव सहज भी हैं और सबको स्वीकार भी करते हैं, साथ ही उनमें संतोष भी है। सावन के इन दिनों में शिव की भक्ति करते हुए हम उनकी तरह संतोषी बनना भी सीखें। मैं हमेशा कहता हूं कि व्यक्ति को कर्मशील होना चाहिए, प्रमादी नहीं। शास्त्रों में प्रमाद को मृत्यु बताया गया है। लेकिन शिवजी की तरह संतुलन रखना भी हमें आना चाहिए। शिव परिवार में वाहन के रूप में मोर भी है, चूहा भी है, बैल भी है और शेर भी है। सांप भी शिव के साथ रहते हैं। ये सब एक-दूसरे के शत्रु हैं, लेकिन परिवार में सब मिल-जुल कर रहते हैं। सबके बीच संतुलन बनाकर भगवान महादेव चलते हैं।

## हे श्री कृष्ण! तुम सर्वज्ञ हो



संकलित
**प्रेरणा**

एक वृद्ध महिला एक सब्जी की दुकान पर जाती है, उसके पास सब्जी खरीदने के पैसे नहीं होते है। वो दुकानदार से प्रार्थना करती है कि उसे सब्जी उधार दे दे पर दुकानदार मना कर देता है। उसके बार-बार आग्रह करने पर दुकानदार खीज कर कहता है, तुम्हारे पास कुछ ऐसा है, जिसकी कोई कीमत हो, तो उसे इस तराजू पर रख दो, मैं उसके वजन के बराबर सब्जी तुम्हे दे दूंगा। वृद्ध महिला कुछ देर सोच में पड़ जाती है। क्योंकि उसके पास ऐसा कुछ भी नहीं था। कुछ देर सोचने के बाद वह, एक मुड़ा-तुड़ा कागज का टुकड़ा निकालती है और उस पर कुछ लिख कर तराजू पर रख देती है। दुकानदार ये देख कर हंसने लगता है। फिर भी वह थोड़ी सब्जी उठाकर तराजू पर रखता है। आश्चर्य..!!! कागज वाला पलड़ा नीचे रहता है और सब्जी वाला ऊपर उठ जाता है। इस तरह वो और सब्जी रखता जाता है पर कागज वाला पलड़ा नीचे नहीं होता। तंग आकर दुकानदार उस कागज को उठा कर पढ़ता है और हैरान रह जाता है। कागज पर लिखा था, हे श्री कृष्ण! तुम सर्वज्ञ हो, अब सब कुछ तुम्हारे हाथ में है। दुकानदार को अपनी आँखों पर यकीन नहीं हो रहा था। वो उतनी सब्जी वृद्ध महिला को दे देता है। पास खड़ा एक अन्य ग्राहक दुकानदार को समझाता है, कि दोस्त, आश्चर्य मत करो। केवल श्री कृष्ण ही जानते हैं की प्रार्थना का क्या मोल होता है।

## सटाका




## आज की पाती

### ऊर्जा क्रांति की नई पारदर्शी शुरुआत

दुनिया तेजी से स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ रही है और इसी दिशा में सिंगापुर की एक यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने ऐसी अल्ट्रा-थिन सोलर सेल विकसित की है, जो आने वाले वर्षों में ऊर्जा उत्पादन की पूरी तस्वीर बदल सकती है। यह तकनीक इतनी पतली है कि इनसान के बाल के 10,000वें हिस्से जितनी मोटाई में भी बिजली पैदा कर सकती है। खास बात यह है कि यह सोलर सेल पारदर्शी और रंगहीन है, इसलिए इसे खिड़कियों, कारों की विंडशील्ड, मोबाइल स्क्रीन, स्मार्ट ग्लास और ऊंची इमारतों के कांच पर आसानी से लगाया जा सकता है। अब तक सोलर ऊर्जा का मतलब बड़े और भारी पैनल माने जाते थे, जिन्हें छतों पर लगाने के लिए पर्याप्त जगह चाहिए होती है। नई तकनीक 'बिल्डिंग इंटीग्रेटेड फोटोवोल्टिक' अवधारणा को नई गति दे सकती है। *- सुधीर ढांडा, कुरुक्षेत्र*

## ट्रेंड

### गर्व का क्षण



भारत के लिए गर्व का क्षण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्लोवाकिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'द ऑर्डर ऑफ़ द व्हाइट डबल क्रॉस (फर्स्ट क्लास)' से सम्मानित किया गया है।
**- नितिन गडकरी,** केंद्रीय राजमार्ग मंत्री

### सपनों पर चोट



आज इस देश में, कड़ी मेहनत का फल नहीं मिलता, बल्कि सपने देखने की हिम्मत करने पर सज़ा मिलती है। हर पेपर लीक, हर रद्द परीक्षा, हर रुकी हुई भर्ती - ये सिर्फ़ सिस्टम की नाकामी नहीं हैं, बल्कि लाखों लोगों के सपनों पर चोट है।
**- राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

### ऐतिहासिक उपलब्धि



एक समय था जब अवैध शिकार की घटनाएं अखबारों की सुर्खियां बनती थीं, और आज स्थिति यह है कि शिकार का एक भी मामला न होना सामान्य बात बन गई है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि असम द्वारा किए गए अथक प्रयासों का प्रमाण है।
**- हिमंत विश्व शर्मा,** सीएम, असम

### बेरोज़गारी दर



मई के महीने में देश में बेरोज़गारी दर 5.5 प्रतिशत तक पहुंच गई, जो पिछले 11 महीनों में सबसे ज़्यादा है। यह देश भर में संगठित और असंगठित क्षेत्रों में काम की तलाश कर रहे लोगों के लिए बुरी खबर है। मध्य प्रदेश जैसे राज्यों पर इसका सबसे बुरा असर पड़ेगा।
**- कमलनाथ,** पूर्व सीएम, मध्यप्रदेश

## करंट अफेयर

### शिकागो में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण



अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने शिकागो स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास परिसर में स्वामी विवेकानंद की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। स्वामी विवेकानंद एक महान दार्शनिक, चिंतक और आध्यात्मिक नेता थे। उन्होंने वेदांत और योग के संदेश को विश्वभर में पहुंचाया। अमेरिका में उन्हें विशेष रूप से वर्ष 1893 में शिकागो में आयोजित विश्व धर्म संसद में दिए गए ऐतिहासिक और प्रेरणादायी संबोधन के लिए याद किया जाता है। विनय मोहन क्वात्रा ने प्रतिमा के अनावरण के अवसर पर सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, शिकागो स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण करना मेरे लिए गर्व का क्षण है। यह हमारे प्रवासी भारतीय समुदाय की ओर से मिला एक अनमोल उपहार है। सेवा, मानवता और सार्वभौमिक सद्भाव का उनका (स्वामी विवेकानंद) कालजयी संदेश आज भी हम सभी को प्रेरित करता है। हमारे जीवंत और ऊर्जावान भारतीय समुदाय से जुड़ने का अवसर मिलने के लिए मैं हृदय से आभारी हूं। स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के अनावरण का समारोह रविवार को शिकागो स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास में आयोजित किया गया।

## ऑफ बीट

### टीएनटी जितना शक्तिशाली होता है उल्काओं का 'सोनिक बूम'



पृथ्वी जिस अंतरिक्षीय वातावरण में स्थित है, वह पूरी तरह शांत नहीं है। वैज्ञानिकों के अनुसार हमारा ग्रह सौरमंडल के निर्माण के समय से बचे असंख्य पथरीले और धात्विक मलबे के बीच से लगातार गुजरता है। अधिकांश छोटे कण पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करते ही जलकर समाप्त हो जाते हैं और रात के आकाश में चमकते टूटते तारे के रूप में दिखाई देते हैं। लेकिन कभी-कभी बड़े या तेज गति से आने वाले पिंड के वायुमंडल में प्रवेश करते ही विस्फोट, तेज चमक और सोनिक बूम जैसी घटनाएं होती हैं, जो लोगों को चौंका देती हैं। उल्का का सोनिक बूम वह तेज धमाके जैसी आवाज़ होती है, जो तब सुनाई देती है जब कोई उल्कापिंड पृथ्वी के वायुमंडल में बहुत तेज गति से प्रवेश करता है और ध्वनि की गति से भी तेज चलता है। हाल ही में 30 मई 2026 को अमेरिका के मैसाचुसेट्स और न्यू हैम्पशायर की सीमा क्षेत्र में एक तेज धमाके जैसी आवाज ने लोगों को हिला दिया। यह आवाज इतनी तेज थी कि इसे पूर्वी अमेरिका के कई हिस्सों में महसूस किया गया। नासा के अनुसार, यह उल्का लगभग 3 से 5 फुट (लगभग 1 से 2 मीटर) व्यास का था। यह लगभग 42,000 मील प्रति घंटे (करीब 68,000 किलोमीटर प्रति घंटे) की गति से पृथ्वी की ओर आ रहा था।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# समारा ने चुलबुले अंदाज से जीता फैंस का दिल...

**नई दिल्ली।** रणबीर कपूर की भांजी समारा साहनी ने अपने क्यूट अंदाज, आत्मविश्वास और कैमरा-फ्रेंडली स्टाइल से एक बार फिर सोशल मीडिया पर फैंस का दिल जीत लिया है। रणबीर कपूर की भांजी समारा साहनी एक बार फिर सुर्खियों में हैं। रिद्धिमा कपूर साहनी और भरत साहनी की बेटी समारा को हाल ही में पैपराजी ने स्पॉट किया। इस दौरान वे ऑल-डेनिम लुक में चुलबुले अंदाज में नजर आईं। पैप्स को देखते हुए उन्होंने पाउट बनाकर पोज देना शुरू कर दिए। उन्हें देख नेटिजंस लिख रहे हैं कि लगता है समारा मामी आलिया भट्ट की राह पर आगे बढ़ेंगी। समारा ने कैमरा-फ्रेंडली पोज से सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोरी हैं।

## लाइफ Style

# दिव्या

## सुमन के किरदार से राख में लगाए चार चांद

एजेंसी ⏭ मुंबई

हाल ही में रिलीज हुई अली फजल की वेब सीरीज 'राख बीते कुछ दिनों से काफी चर्चाओं में है। इसमें दिव्या शर्मा ने सुमन का किरदार निभाया है, जिनका अपहरण हो जाता है और सीरीज की पूरी कहानी उन्हें ढूंढने और अपराधी को पकड़ने के इर्द गिर्द घूमती है।

दिव्या शर्मा एक नई और उभरती हुई एक्ट्रेस हैं, जिन्होंने हाल ही में आई क्राइम-थ्रिलर वेब सीरीज राख में सुमन का किरदार निभाकर काफी ध्यान खींचा है। इस सीरीज में उनका रोल बेहद अहम है, क्योंकि कहानी सुमन और उसके भाई के अचानक गायब होने के इर्द-गिर्द घूमती है। दिव्या ने इस किरदार को बहुत ही सादगी और इमोशन के साथ निभाया है, जिससे दर्शकों पर गहरा असर पड़ा है। सीरीज में सुमन को एक 16 साल की मासूम लेकिन समझदार लड़की के रूप में दिखाया गया है, जो अपने भाई के साथ घर से निकलती है और फिर दोनों लापता हो जाते हैं। इसके बाद पूरी कहानी उनकी तलाश और इस रहस्य को सुलझाने पर आधारित होती है। दिव्या शर्मा की एक्टिंग इस किरदार में काफी नेचुरल और प्रभावशाली नजर आती है, जो उन्हें खास बनाती है। इससे पहले दिव्या 'ग्राम चिकित्सालय'में जुही के किरदार में नजर आईं थीं। ये वेब सीरीज भी अमेजन प्राइम पर रिलीज हुई थी। इस शो के दो सीजन रिलीज हो चुके हैं। इससे पहले वे 'ककून' नाम की मिनी सीरीज में नजर आ चुकी हैं। वेब सीरीज 'राख' रिलीज हो चुकी है। यह सीरीज 1978 के कुख्यात रंगा-बिल्ला केस से प्रेरित है, जिसे भारत के सबसे खौफनाक अपराधों में गिना जाता है।




## हॉलीवुड मसाला



# सबसे बड़े टक्कर की मिली झलक

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल की अपकमिंग फिल्म 'अवेंजर्सः डूम्सडे' को लेकर एक बड़ा लीक सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे 'अवेंजर्सः डूम्सडे' के इस क्लिप में एमसीयू के अब तक के सबसे बड़े क्रॉसओवर की झलक देखने को मिल रही है। वीडियो लीक होने के बाद जमकर वायरल हो रहा है, जिससे फैंस की एक्साइटमेंट और बढ़ गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस लीक फुटेज में रॉबर्ट डाउनी जूनियर का डॉक्टर डूम एक विशाल सेंटिनल आर्मी के साथ नजर आ रहा है।




# जेंडाया-टॉम ने रेड कार्पेट पर बिखेरा जलवा...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर कपल जेंडाया और टॉम हॉलैंड अपनी नई फिल्म 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' के प्रमोशन के लिए स्पेन की राजधानी मैड्रिड पहुंचे हैं। वहां के 'फोर सीजन्स होटल' में आयोजित एक इवेंट में दोनों ने एक साथ एंट्री की। जेंडाया और टॉम हॉलैंड ने रेड कार्पेट पर ब्लैक रंग के मैचिंग कपड़ों में बेहद खूबसूरत पोज दिए। टॉम हॉलैंड ने काले रंग के सूट के साथ लाल शर्ट पहनी थी, जो उनके स्पाइडर-मैन लुक की याद दिला रही है। जेंडाया ने काले रंग की स्टाइलिश स्ट्रैपलेस ड्रेस पहनी थी, जिसके साथ उन्होंने मैचिंग हील्स और खूबसूरत झुमके पहने। उनका हेयरस्टाइल और सिंपल मेकअप फैंस को काफी पसंद आ रहा है।



# करना पड़ा था बॉडी शेमिंग का सामना


**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित इन दिनों अपनी फिल्म 'मां बहन' में शानदार परफॉर्मेंस को लेकर खूब तारीफें बटोर रही हैं। इस बीच एक्ट्रेस ने अपने पुराने दिनों को याद कर बड़ा खुलासा किया है। 'मां बहन' फिल्म में उनका किरदार समाज की सोच और जजमेंट का सामना करता है, खासकर उनके स्लीवलेस ब्लाउज पहनने को लेकर। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में माधुरी ने अपने कॅरियर के शुरुआती दिनों को याद करते हुए बताया कि उन्हें भी बॉडी शेमिंग का सामना करना पड़ा था। माधुरी ने बताया कि एक पब्लिक फिगर होने के नाते लोगों की राय और कमेंट्स से बचना आसान नहीं होता। उन्होंने कहा, 'जब मैंने करियर शुरू किया था, तब लोग कहते थे कि मैं बहुत पतली हूं। लोग कहते थे- इसको कुछ खिलाओ। लोग बहुत जल्दी जज कर लेते हैं।



# मलयालम सिनेमा में पहला कदम...

**मुंबई।** फिल्म 'ओडियन- द एज ऑफ इल्यूजन' का आधिकारिक ऐलान हो चुका है। इस फिल्म का पोस्टर जारी हुआ है, जिसे करण जौहर ने शेयर किया है। यह फिल्म करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनेगी। इस तरह निर्माता का यह मलयालम सिनेमा जगत में पहला कदम है। बता दें कि 'ओडियन' में पृथ्वीराज सुकुमारन नजर आएंगे। फिल्म 'ओडियन' के निर्देशन की कमान राहुल सदाशिवन के कंधों पर हैं। वहीं, फिल्म में पृथ्वीराज के साथ मंजू वारियर अहम भूमिका में नजर आएंगी। करण जौहर ने फिल्म का पोस्टर शेयर किया है। करण जौहर ने लिखा है, 'धर्मा मूवीज में हम मलयालम सिनेमा की दुनिया में अपना पहला कदम रख रहे हैं और मुझे यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि हमारे साथ इसके लिए सबसे अच्छे पार्टनर हैं'।

## टीवी मसाला



# संचिता की मौत के बाद टीवी इंडस्ट्री पर फूटा आंचल का गुस्सा

**नई दिल्ली।** युवा अभिनेत्री संचिता उगले ने 14 जून को आत्महत्या कर ली। उन्होंने 'कुमकुम भाग्य'; 'साजन घर' और 'दिलवाली दूल्हा ले जाएगी' जैसे कई चर्चित शो में काम किया था। संचिता की मौत के बाद एक्ट्रेस आंचल खुराना ने टीवी जगत पर नाराजगी जाहिर करते हुए कुछ सवाल किए हैं। उन्होंने इंडस्ट्री में काम के दबाव और काम करने के तरीकों पर भी बात की। आंचल खुराना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से बीते दिन एक वीडियो शेयर किया था। इसमें वे काफी परेशान नजर आईं। उन्होंने संचिता के निधन पर दुख जताते हुए टीवी इंडस्ट्री के काम के ऐसे ढर्रे का खुलासा किया, जिससे कलाकारों को मानसिक तनाव का सामना करना पड़ता है। आंचल का कहना है कि टीवी जगत में अगर आप किसी को लाइन नहीं दे रहे तो आपको रिप्लेस करना वहां बहुत ही आसान है। आंचल वीडियो में कह रही हैं, 'एक एक्टर ने सुसाइड कर लिया। चैनल को टीआरपी चाहिए, प्रोड्यूसर को बजट बचाना है और दर्शकों को मनोरंजन चाहिए। लेकिन, इसके पीछे क्या आपने कभी सोचा है कि एक एक्टर किन हालातों से गुजरता है? एक छोटी सी बात पर रिप्लेसमेंट। किसी के साथ सोओगे नहीं तो रिप्लेसमेंट, किसी से बहस कर लोगे तो रिप्लेसमेंट। अपना आत्म-सम्मान बचाओगे तो रिप्लेसमेंट'। आंचल ने वीडियो के साथ कैप्शन लिखा है, 'हो सकता है कि इससे चैनल और प्रोड्यूसर नाराज हो जाएं, लेकिन सच तो यही है। मैं कैमरे के सामने मुस्कुराती हुई खड़ी रहती हूं, लेकिन अंदर एक तूफान चल रहा होता है। हर दिन हम अगले ऑडिशन, उस एक लाइन या अपने सपने को पाने की कोशिश में जागते हैं। जो चीज किसी को दिखाई नहीं देती। जिस पर कोई ध्यान नहीं देता, वह है हमारी थकान। प्रासंगिक बने रहने का दबाव और भुला दिए जाने का डर बहुत भारी पड़ता है।

## बिग बॉस 20 में धमाल मचाएंगे ये सितारे



**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 20' के साथ बॉलीवुड के 'भाईजान' सलमान खान फिर से होस्ट की कुर्सी संभालने के लिए तैयार हैं। अभिनेता के 21 सितंबर से आने वाले सीजन की शूटिंग शुरू करने की संभावना है। बिग बॉस 20 को लेकर उत्साह बढ़ रहा है और कई ऐसे नाम सामने आ रहे हैं जो सलमान खान के होस्ट किए जाने वाले इस शो के नए सीजन में कंटेस्टेंट के तौर पर दिख सकते हैं। नए सीजन में जिन नामों की सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है, उनमें फैसल शेख (मिस्टर फैसु), रिधिमा गुप्ता, अंजलि अरोड़ा, जन्नत जुबैर, आवेज दरबार और ऊर्फी जावेद शामिल हैं। अपनी जबरदस्त फैन फॉलोइंग की वजह से ये सभी ऑनलाइन चर्चाओं में पसंदीदा बने हुए हैं। एक तरफ जहां आवेज बिग बॉस के पिछले सीजन का हिस्सा रह चुके हैं वहीं उर्फी जावेद शो के पहले ओटीटी सीजन का हिस्सा थीं, इसलिए उनका वापस आना दर्शकों के लिए काफी रोमांचक होगा।

# दीपिका के बाहर होते ही कल्कि-2 में हुई आलिया की एंट्री...

**मुंबई।** कल्कि 2898 एडी के दूसरे पार्ट से दीपिका पादुकोण के बाहर होने के बाद अब आलिया भट्ट की एंट्री होने की खबर है। बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस ने इस फिल्म के लिए पहले से शूटिंग कर ली है। अगर ऐसा हुआ तो साई पल्लवी और आलिया एक ही फिल्म में नजर आएंगी। साल 2024 में प्रभास और दीपिका पादुकोण की फिल्म कल्कि 2898 एडी में नजर आई थीं। फिल्म में उनके किरदार और काम को पसंद किया गया था। मेकर्स कल्कि का दूसरा पार्ट बना रहे हैं। कुछ समय पहले खबर सामने आई थी कि दीपिका इस प्रोजेक्ट से बाहर हो गई है। मेकर्स ने दीपिका को रिप्लेस करते हुए साई पल्लवी को अपने इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बताया था। अब ताजा खबरों की मानें तो आलिया भट्ट भी इस प्रोजेक्ट से जुड़ सकती हैं। फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो चुकी है। सोशल मीडिया की कई रिपोर्ट्स की मानें तो कल्कि 2 से आलिया भट्ट का नाम जुड़ गया है। इउच रिपोर्ट में कहा गया है कि वो दीपिका को रिप्लेस कर रही हैं। वहीं कुछ के मुताबिक उनका रोल एकदम अलग और नया होगा। बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस ने पहले फी फिल्म के लिए कुछ सीन शूट



कर लिए हैं। इन सीन को शूट करने के लिए आलिया हैदराबाद गई थीं। अगर ये रिपोर्ट सही निकलीं तो आलिया भट्ट और साई पल्लवी एक ही फिल्म में नजर आएंगी। इस खबर पर आलिया भट्ट की तरफ से कोई पुष्टि नहीं है। लेकिन फिल्म कल्कि 2 से जुड़े एक शख्स ने हिंदुस्तान टाइम्स से बातचीत की। शख्स ने बताया कि इस खबर पर अभी कोई ऑफिसियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है। किसी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया और सब वही कॉपी पेस्ट कर रहे हैं। आलिया की कास्टिंग को लेकर अभी कोई जानकारी नहीं है। दीपिका पादुकोण के साथ से एक नहीं दो बड़ी फिल्में निकल गई।

# इटली की एक फिल्म पर 28 बार बन चुका है रीमेक, रोचक तरीके से दिखाती है कहानी...

***नई दिल्ली।** फिल्म इंडस्ट्री में रीमेक फिल्मों का चलन कोई नया नहीं है। बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड और साउथ सिनेमा तक, कई सफल फिल्मों को अलग-अलग भाषाओं और देशों में दोबारा बनाया गया है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि दुनिया में सबसे ज्यादा बार रीमेक की जाने वाली फिल्म कौन सी है? इस रिकॉर्ड पर इटली की एक फिल्म का कब्जा है। इसे अब तक 28 बार अलग-अलग भाषाओं और देशों में रीमेक किया जा चुका है। फिल्म की सबसे बड़ी ताकत इसकी सरल लेकिन गंभीर कहानी है। ये फिल्म आधुनिक दौर में मोबाइल फोन, पर्सनल लाइफ और रिश्तों के कॉम्पलिकेशंस को बेहद रोचक तरीके से दिखाती है।*

## कौन-सी है ये फिल्म?

इस फिल्म का नाम है 'परफेक्ट स्ट्रेंजर्स', जो 2016 में रिलीज हुई थी। ये एक कुछ पुराने दोस्तों की कहानी है, जो एक डिनर पार्टी में मिलते हैं।बातचीत के दौरान सभी दावा करते हैं कि उनकी जिंदगी में कोई राज नहीं है और वे एक-दूसरे से कुछ नहीं छिपाते. इसी दावे को परखने के लिए वे एक खेल खेलते हैं। खेल के नियम के मुताबिक, सभी को अपने मोबाइल फोन टेबल पर रखने होते हैं और आने वाले हर कॉल, मैसेज और नोटिफिकेशन को सबके सामने शेयर करना होता है। इसके बाद एक-एक करके ऐसे राज सामने आते हैं, जो उनकी दोस्ती, रिश्तों और पर्सनल लाइफ को झकझोर देते हैं।



*__बॉलीवुड में भी बन चुका है रीमेक :__ इस फिल्म की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसका हिंदी रीमेक भी बनाया जा चुका है। अक्षय कुमार की फिल्म खेल खेल में इसी कहानी पर आधारित थी। हालांकि, ओरिजिनल इटैलियन फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स से ज्यादा सराहना मिली। जहां ओरिजिनल फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 7.7 रही, वहीं हिंदी वर्जन को इसकी तुलना में कम रेटिंग मिली है।*

### आखिर क्यों इतनी बार बनी रीमेक?

परफेक्ट स्ट्रेंजर्स की कहानी यूनिवर्सल है। रिश्ते, दोस्ती, विश्वास और छिपे हुए राज जैसी बातें दुनिया के हर समाज में लोगों को जोड़ती हैं।इसके अलावा फिल्म का बजट भी काफी कम है। ज्यादातर कहानी एक ही लोकेशन पर आधारित है और इसमें बड़े एक्शन या महंगे सेट्स की जरूरत नहीं पड़ती. यही वजह है कि अलग-अलग देशों के मेकर्स इसे अपने स्थानीय दर्शकों के हिसाब से आसानी से ढाल लेते हैं।

## कुछ हुई हिट तो कुछ को नहीं मिला ऑडियंस

# इन फिल्मों में पत्नी ने पति को धोखा देकर गैर मर्दों से चलाया अफेयर

***नई दिल्ली।** हम फिल्मों में अक्सर देखते हैं कि हीरे-हीरोइन प्यार में इस कदर पागल होते होते हैं कि एक-दूसरे को पाने के लिए किसी भी हद तक चले जाते हैं। यही नहीं, वो अपने प्यार के लिए परिवार और समाज से भी लड़ जाते हैं। लेकिन तब क्या हो जब उनका प्यार ही बेवफा हो जाए। हिल गए न दिमाग के तार। जी हां आज, हम आपको ऐसी ही फिल्मों और सीरीज के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसमें एक पत्नी ने अपने पति के पीठ पीछे गैर मर्द संग अफेयर चलाया।*



### कभी अलविदा ना कहना

'कभी अलविदा ना कहना' साल 2006 में रिलीज हुई थी। करण जौहर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में रानी मुखर्जी, प्रीति जिंटा, अभिषेक बच्चन और शाहरुख खान लीड रोल में थे। रानी का फिल्म में शाहरुख खान संग अफेयर हो जाता है। इसे आप नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### मर्डर

2004 में रिलीज हुई 'मर्डर' एक प्रसिद्ध बॉलीवुड इरॉटिक थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्देशन अनुराग बसु ने किया था। फिल्म में दिखाया गया कि कि मल्लिका अपने बिजी पति से परेशान होकर अपने एक्स बॉयफ्रेंड से फिर से चक्कर चलता है। इसे आप फ्री में नेटफ्लिक्स और प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### रुस्तम

साल 2016 में आई अक्षय कुमार की फिल्म 'रुस्तम' की कहानी 1959 के चर्चित के.एम. नानावटी बनाम महाराष्ट्र राज्य के वास्तविक जीवन के मर्डर केस और देश की सुरक्षा से जुड़े एक घोटाले पर आधारित है। इस फिल्म में अक्षय एक नेवी ऑफिसर होते हैं। वहीं, उनकी पत्नी सिंथिया (इलियाना डिक्रूज) का अफेयर किसी और से हो जाता है। इस सस्पेंस और कोर्टरूम ड्रामा फिल्म को आप फ्री में जी5 पर देख सकते हैं।

### ऐतराज

बॉलीवुड की हिट फिल्मों में 'ऐतराज' का नाम शामिल है। साल 2004 में आई 'ऐतराज' एक रोमांटिक साइको थ्रिलर फिल्म है, जिसमें अक्षय कुमार, प्रियंका चोपड़ा और करीना कपूर लीड रोल में हैं। मूवी में अक्षय कुमार के लिए प्रियंका पति अमरीश पुरी को धोखा देती हैं। इसे आप फ्री में जी5 और यूट्यूब पर देख सकते हैं। पुरी को धोखा देती हैं।

### हसीन दिलरुबा

'हसीन दिलरुबा' साल 2021 की एक रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है। कहानी रानी (तापसी पन्नू) और उसके पति ऋषभ उर्फ 'रिशु' (विक्रांत मैसी) के इर्द-गिर्द घूमती है। मूवी में दिखाया गया कि रानी का अफेयर रिशु के चचेरे भाई नील (हर्षवर्धन राणे) के अफेयर में पड़ जाती है। इसके बाद होती है नील की हत्या का कांड। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### सिलसिला

यश चोपड़ा द्वारा निर्देशित साल 1981 की क्लासिक फिल्म 'सिलसिला' लव ट्रायंगल पर बनी है। इस मूवी में अमिताभ बच्चन, रेखा, जया बच्चन और संजीव कुमार लीड रोल हमें थे। फिल्म में दिखाया गया था कि रेखा अपने पति संजीव को और अमिताभ अपनी पत्नी जया को धोखा देकर एक-दूसरे से चक्कर चलतो हैं। एक हिट फिल्म है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### ब्लैकमेल

इरफान खान की 'ब्लैकमेल' साल 2018 में रिलीज हुई एक बेहतरीन डार्क-कॉमेडी थ्रिलर फिल्म है। इसकी कहानी देव कौशल (इरफान खान) नाम के एक सामान्य, मिडिल-क्लास आदमी की है, जो अपनी नीरस जिंदगी और ईएमआई के बोझ से परेशान रहता है। देव एक दिन अपनी पत्नी रीना (कीर्ति कुल्हारी) को सरप्राइज देने के लिए जल्दी घर लौटता है। वहाँ उसे पता चलता है कि रीना का रणजीत (अरुणोदय सिंह) नाम के एक शादीशुदा आदमी के साथ अफेयर चल रहा है। इसके बाद शुरू होता है ब्लैकमेलिंग का गंदा खेल। इसे आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### द फैमिली मैन

'द फैमिली मैन' एक हिट सीरीज रही है। इसके पहले सीजन में दिखाया गया कि पैसे कमाने और काम के चले मनोज वाजपेयी अपनी पत्नी सुची को टाइम नहीं देते हैं। ऐसे में वो प्यार और सहारे के लिए किसी और के पास नहीं बल्कि अपने ही बॉस के करीब हो जाती है। इसे आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तवीरों का हुआ भव्य सम्मान





**जबलपुर।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर 16 जून को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन हॉल, राइट टाउन, जबलपुर में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, अपोलो जेबीपी हॉस्पिटल एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में तथा शासकीय मेडिकल कॉलेज, सेठ गोविंद दास (विक्टोरिया) जिला चिकित्सालय, रानी दुर्गावती (एल्गिन) चिकित्सालय एवं जबलपुर ब्लड सेंटर के सहयोग से भव्य रक्तदाता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री राघवेंद्र सिंह (आईएएस), अध्यक्ष डॉ. सौरभ बड़ेरिया (उपाध्यक्ष, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, जबलपुर), विशिष्ट अतिथि डॉ. नवनीत सक्सेना (डीन, शासकीय मेडिकल कॉलेज), डॉ. नवीन कोठारी (सीएमएचओ) एवं डॉ. ऋचा शर्मा (अध्यक्ष, आईएमए) द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री राघवेंद्र सिंह ने अपने उद्बोधन में नारी शक्ति द्वारा किए जा रहे रक्तदान की विशेष सराहना करते हुए कहा कि इतनी बड़ी संख्या में महिलाओं द्वारा रक्तदान करना गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि नारी केवल सृजन ही नहीं करती, बल्कि जीवन बचाने में भी अग्रणी भूमिका निभा रही है। उन्होंने भविष्य में जबलपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में रक्तदान जागरूकता अभियान एवं शिविरों के आयोजन का आश्वासन दिया तथा सभी रक्तवीरों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए बधाई देते हुए इस भावना को निरंतर बनाए रखने का आह्वान किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. सौरभ बड़ेरिया ने कहा कि एक समय था जब जबलपुर में परिजन ही अपने मरीज को रक्त देने में संकोच करते थे और रक्त के लिए भटकते नजर आते थे, लेकिन आज जागरूकता के कारण स्थिति में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस दिशा में सतत प्रयास किए जाते रहेंगे।विशिष्ट अतिथि डॉ. नवनीत सक्सेना ने जानकारी दी कि शासकीय मेडिकल कॉलेज का ब्लड बैंक शीघ्र ही पेपरलेस प्रणाली में परिवर्तित किया जाएगा। वहीं आईएमए की अध्यक्ष डॉ. ऋचा शर्मा ने रक्तदान जैसे महादान के अभियान में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।इस अवसर पर सर्वाधिक रक्तदान करने वाले श्री सरबजीत नारंग, पीयूष जैन, प्रशांत आडवाणी, चंचल सेन, अतुल जैन, आफताब अली खान, किशोर धनवानी, शैलेश जैन, हरदीप सिंह जगदेव, मंजू गंगाधर शर्मा, लाली कोष्टा,ज्योति किरण मिश्रा, दीप्ति जैन, पलक जैन, शिखा जैन, खुशबू नागपाल, हरविंदर सिंह चड्ढा, मोहित संगी, विकास शुक्ला, सुनील गर्ग सहित इंडियन कॉफी हाउस, सक्षम, ज्ञान गंगा इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, एनसीसी आदि संस्थाओं सहित बड़ी संख्या में रक्तवीरों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यकारिणी सदस्य डॉ. सुनील मिश्रा ने किया।

कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज ब्लड सेंटर के प्रभारी डॉ. भगवान सिंह यादव, जिला चिकित्सालय ब्लड सेंटर के प्रभारी डॉ. अमित जैन एवं डॉ. अमितोज भल्ला, रानी दुर्गावती (एल्गिन) चिकित्सालय के प्रभारी डॉ. तुषार गुप्ता, अनीता पटेल तथा अपोलो जेबीपी हॉस्पिटल की टीम का विशेष सहयोग रहा। अंत में आभार प्रदर्शन किया गया तथा कार्यक्रम का समापन हाई-टी के साथ हुआ।

## समरसता सेवा संगठन की नई कार्ययोजना घोषित

# सेवा, संगठन और समरसता पर रहेगा विशेष फोकस



**जबलपुर।** समरसता सेवा संगठन ने वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना की घोषणा करते हुए समरसता के प्रवाह के साथ सेवा और संगठन विस्तार को प्रमुख लक्ष्य बनाया है। संगठन के अध्यक्ष पवन पांडे, सचिव मनोज सेठ एवं आयोजन प्रभारी उज्ज्वल पचौरी ने पत्रकार वार्ता में बताया कि संस्थापक अध्यक्ष संदीप जैन के मार्गदर्शन में इस वर्ष प्रकृति सेवा, मानव सेवा और संगठन विस्तार से जुड़े अनेक नवीन आयोजन किए जाएंगे। कार्ययोजना में गुरु पूर्णिमा पर सामूहिक गुरुपूजन, सावन में विराट शिवलिंग निर्माण एवं महारुद्राभिषेक, वृहद पौधारोपण, समरसता कजलिया महोत्सव, गरबा महोत्सव, समरसता प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता, स्वास्थ्य शिविर, नशामुक्ति एवं मधुमेह जागरूकता कार्यक्रम सहित विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजन शामिल हैं। संगठन ने सभी समाजों के महापुरुषों की जयंती, राष्ट्रीय दिवसों तथा सेवा गतिविधियों में व्यापक सहभागिता सुनिश्चित करने का संकल्प भी लिया है। संगठन का उद्देश्य 'सब सबको जाने, सब सबको माने' के सूत्र के साथ समरस भारत से समर्थ भारत के निर्माण में योगदान देना है।

## वेलकम होटल बाय आईटीसी होटल्स को मिला 5 स्टार दर्जा

**जबलपुर।** वेलकम होटल बाय आईटीसी होटल्स को भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा आधिकारिक रूप से 5 स्टार होटल का दर्जा प्रदान किया गया है। इसके साथ ही यह महाकौशल क्षेत्र की पहली ब्रांडेड 5 स्टार होटल बन गई है। ए.आर.वी. होटल्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर नवांशु जैन ने बताया कि यह उपलब्धि पूरे महाकौशल क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। होटल में 122 आधुनिक एवं सर्वसुविधायुक्त कमरे, भव्य पार्टी हॉल, उत्कृष्ट रेस्टोरेंट तथा अत्याधुनिक मीटिंग एवं कॉन्फ्रेंस हॉल जैसी प्रीमियम सुविधाएं उपलब्ध हैं। इस मान्यता से जबलपुर की पर्यटन, आतिथ्य एवं व्यावसायिक गतिविधियों को नई पहचान मिलेगी तथा क्षेत्र में निवेश, पर्यटन और रोजगार के नए अवसर सृजित होने की संभावना बढ़ेगी।



# दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप संस्कारधानी ने चलाया वृहद पौधारोपण अभियान

**जबलपुर।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प के साथ दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप संस्कारधानी के तत्वावधान में 51 से अधिक फलदार, औषधीय एवं छायादार पौधों का वृहद पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में आम, पीपल, नीम, जामुन, आंवला, बिही, गुलमोहर एवं सिंदूर के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज जैन एवं राजेंद्र जैन मम्मा थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सुबोध कामरेड, हेमंत जैन एवं आलोक जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्रुप अध्यक्ष प्रदीप जैन, सचिव चित्रा घीया सहित अनेक सदस्यों ने सहभागिता की। सचिव चित्रा घीया ने कहा कि पर्यावरण का संतुलन वृक्षों पर निर्भर करता है और "एक पेड़ पृथ्वी के नाम" अभियान प्रकृति संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। वहीं मंजुलता जैन ने पर्यावरण संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में श्रेयांश मीना ने पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखरेख की आवश्यकता पर बल देते हुए सभी अतिथियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# मीनाक्षी नटराजन के नामांकन निरस्तीकरण के विरोध में एनएसयूआई का उग्र प्रदर्शन

## रानीताल चौक पर पुलिस से झड़प



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) जबलपुर ने राज्यसभा उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में मंगलवार को जोरदार प्रदर्शन किया। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष सचिन रजक के नेतृत्व में प्रदेश सरकार एवं चुनावी प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए भाजपा कार्यालय की ओर कूच किया। प्रदर्शन के दौरान रानीताल चौक पर पुलिस द्वारा बैरिकेडिंग लगाकर रोकने पर कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प एवं धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने वाटर कैनन का प्रयोग किया, जिसके बाद प्रदर्शनकारी तितर-बितर हो गए। एनएसयूआई पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि यह कार्रवाई लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन है और विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मामले में निष्पक्षता सुनिश्चित नहीं की गई तो प्रदेशभर में आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन में राष्ट्रीय सचिव करन तामसेतवार, प्रदेश उपाध्यक्ष अमित मिश्रा सहित बड़ी संख्या में छात्र नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# एसपी की पाठशाला की छात्रा न्याय की गुहार लेकर पहुंची कलेक्ट्रेट

## कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

**जबलपुर।** कलेक्ट्रेट की जनसुनवाई में मंगलवार को भावुक कर देने वाला मामला सामने आया, जब घमापुर क्षेत्र की एक महिला अपनी नाबालिग बेटी के साथ कलेक्टर के समक्ष पहुंची और न्याय की गुहार लगाई। पीड़िता ने स्वयं को पुलिस अधीक्षक द्वारा संचालित "एसपी की पाठशाला" की छात्रा बताया। परिवार का आरोप है कि 4 मार्च 2026 को होली के दौरान नाबालिग के साथ छेड़छाड़ और मारपीट की घटना हुई थी। विरोध करने पर विवाद बढ़ने और बाद में गंभीर मारपीट तथा सार्वजनिक अपमान के आरोप भी लगाए गए हैं। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया कि शिकायत के बावजूद पुलिस स्तर पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। परिजनों के अनुसार, 13 जून को भी पड़ोसियों के साथ विवाद एवं मारपीट की घटना हुई, साथ ही सीसीटीवी फुटेज की जांच न किए जाने और समझौते का दबाव बनाने के आरोप भी लगाए गए हैं। लगातार न्याय न मिलने से छात्रा मानसिक रूप से परेशान बताई जा रही है।जनसुनवाई में रोते हुए मां-बेटी ने कलेक्टर से कार्रवाई की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच तथा पुलिस कार्रवाई की समीक्षा के निर्देश दिए हैं। अब पूरे मामले की जांच पर सभी की नजरें टिकी हैं।

## वीरांगना रानी दुर्गावती का 463वां बलिदान दिवस भव्यता से मनाया जाएगा

जबलपुर। गोंडवाना साम्राज्य की वीरांगना रानी दुर्गावती के 463वें बलिदान दिवस को नगर निगम एवं मित्र संघ मिलन के संयुक्त तत्वावधान में इस वर्ष भव्य एवं गरिमामय रूप से मनाया जाएगा। इस अवसर पर संभाग स्तरीय मिनी मैराथन एवं इलेक्ट्रिक मशाल दौड़ का आयोजन किया जाएगा। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने आयोजन की तैयारियों की समीक्षा बैठक में रूपरेखा को अंतिम रूप दिया। बैठक में एम.आई.सी. सदस्य, निगमायुक्त, खेल संघ प्रतिनिधि एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। आयोजन की विशेषता यह होगी कि महिला एवं पुरुष धावक इलेक्ट्रिक मशाल लेकर दौड़ में भाग लेंगे, जो रानी दुर्गावती के शौर्य और बलिदान का प्रतीक होगी। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले धावकों को आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि यह आयोजन युवाओं में खेल भावना, स्वास्थ्य जागरूकता और राष्ट्रगौरव की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

# जनकल्याण योजना शिविरों में 3 हजार से अधिक हितग्राही लाभांवित

## 16 संभागों में 18 जून तक जारी रहेंगे शिविर

**जबलपुर।** भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत नगर निगम जबलपुर द्वारा शहर के सभी 16 संभागों में शिविरों का आयोजन किया गया, जिनमें अब तक 3 हजार से अधिक हितग्राही लाभांवित हुए हैं। नगर निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि ये शिविर 18 जून तक जारी रहेंगे। शिविरों का उद्देश्य नागरिकों को एक ही स्थान पर शासन की विभिन्न योजनाओं का त्वरित लाभ उपलब्ध कराना है। शिविरों में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना, मुख्यमंत्री संबल योजना, भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल योजना तथा राशन संबंधी कार्यों सहित विभिन्न सेवाओं का ऑन-द-स्पॉट निराकरण किया जा रहा है। प्रत्येक शिविर में हेल्प डेस्क और रजिस्ट्रेशन काउंटर की व्यवस्था की गई है। नगर निगम प्रशासन ने बताया कि अपर आयुक्त, उपायुक्त एवं संभागीय अधिकारी लगातार शिविरों में सक्रिय रहकर कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त ने निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक पात्र हितग्राही की समस्या का संवेदनशीलता के साथ निराकरण किया जाए और अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाए।

**नाम सुधार सूचना**

मैं MOHINI MADHU उम्र 50 वर्ष W/O ASHESH RANCHHODLAL MADHU मेरे passport no.J9138577 में मेरा नाम (MOHINI ASHESH MADHU) लिखा हुआ है जो की बदल कर (MOHINI MADHU) कर लिया है जो कि मेरे आधार, पेन और अन्य सरकारी दस्तावेजों में दर्ज है अतः मुझे मेरे सही नाम (MOHINI MADHU) से जाना पहचाना जाए।

नया नाम :- MOHINI MADHU

पुराना नाम :- MOHINI ASHESH MADHU

पता -: 1175 नियर होम्स साइंस कॉलेज रोड ,नेपियर टाउन जबलपुर

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं कृतिका पटेल पति श्री विवेक पटेल निवासी :- ग्राम महुआखेडा ग्राम पंचायत महुआखेडा पाटन जबलपुर म.प्र. शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूँ कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करती हूँ। मेरे आधार नं. 2724 2540 5670 एवं मार्कशीट, परिचय पत्र में मेरा नाम कृतिका पटेल (kratika Patel) दर्ज है। तथा बैंक खाते नं. 34679213084 में मेरा नाम शबनम पटेल (SHABANAM PATEL) दर्ज है। दोनों नाम कृतिका पटेल (kratika Patel)/ शबनम पटेल (SHABANAM PATEL) एक ही व्यक्ति के अर्थात मुझ शपथकर्ता के ही नाम है तथा इन्ही नामों से मुझ शपथकर्ता को जाना तथा पहचाना जाता है। यह कि मुझ शपथकर्ता को कृतिका पटेल पति श्री विवेक पटेल (Kratika Patel W/o Vivek Patel) के नाम से पढ़ा व समझा जाये। इस वास्ते यह शपथ पत्र पेश है।

पुराना नाम- शबनम पटेल (SHABANAM PATEL)

नया नाम- कृतिका पटेल (kratika Patel)

## तिलहरी आवासीय परियोजना को मिलेगी नई गति

### एलआइजी/एमआइजी आवासों का निर्माण निजी क्षेत्र के सहयोग से होगा पूरा

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत नागरिकों को आवास उपलब्ध कराने की दिशा में नगर निगम जबलपुर ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। तिलहरी आवासीय परियोजना के अंतर्गत रुके हुए एलआइजी/एमआइजी आवासों के निर्माण कार्य को अब निजी क्षेत्र के सहयोग से पूरा किया जाएगा। नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार और महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने जानकारी दी कि परियोजना के अंतर्गत विकास कार्य 'जहाँ है जैसा है' के आधार पर डेवलपमेंट राइट एग्रीमेंट मॉडल के तहत आगे बढ़ाया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार भिटोली क्षेत्र की भूमि पर चल रही इस परियोजना में इडब्ल्यूएस, एलआइजी/एमआइजी आवासों का निर्माण किया जा रहा है। वित्तीय एवं तकनीकी प्रक्रिया पूरी करने के बाद निविदा में एक निजी निर्माण एजेंसी को सफल पाया गया है, जिसकी अनुशंसा वित्तीय समिति द्वारा की जा चुकी है। अब इस प्रस्ताव को अंतिम स्वीकृति के लिए मेयर-इन-काउंसिल के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। स्वीकृति मिलते ही अनुबंध के अनुसार निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा, जिससे परियोजना को तेजी मिलेगी और पात्र हितग्राहियों को आवास उपलब्ध कराने की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। नगर निगम प्रशासन ने कहा कि इस पहल से न केवल लंबित आवासीय परियोजनाओं को गति मिलेगी, बल्कि क्षेत्रीय विकास और शहरी अधोसंरचना को भी नया आयाम मिलेगा।

## कार की टक्कर से बाईक सवार 2 घायल

**जबलपुर।** कुंडम थानान्तर्गत कल सुबह लगभग सवा 11 बजे ग्राम पडरिया के समीप एक तेज रफ्तार कार के चालक ने आगे चल रही मोटर साइकिल को ओवरटेक करने के चक्कर में टक्कर मार दी घटना में मोटर साइकिल सवार दो युवकों को चोटें आयीं है जिन्हें उपचार के लिए जबलपुर भिजवाया गया है। कुंडम पुलिस ने बताया कि गाजी नगर गोहलपुर निवासी अनुज गोंटिया के साथ सिराज अहमद फर्नीचर का काम करता है कल अनुज सिराज के साथ मोटर साइकिल से कुंडम में फर्नीचर का काम कर वापस घर लौट रहा था रास्ते में ग्राम बैरागी से थोड़ा आगे इस्लामुद्दीन अंसारी और उसका भतीजा मोहम्मद फरहान मिले जिन्होंने बताया कि वे रिश्तेदारी में बैरागी आये थे दोनों अनुज की मोटर साइकिल से आगे जा रहे थे सुबह लगभग सवा ११ बजे पडरिया के समीप कुंडम की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार क्रमांक एमपी 20 सीए 6982 के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए मोटर साइकिल सवारों को ओवरटेक करते हुए टक्कर मार दी। घटना में इस्लामुददीन व मोहम्मद फरहान को गिरने के कारण चोटें आयीं हैं।

## नवजात को छोड़ मां ने लगायी फांसी

**जबलपुर।** कोतवाली थानान्तर्गत पीएनबी कालोनी में कल शाम एक महिला ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला को फांसी पर लटका देख उसका पति उसे उपचार के लिए एक अस्पताल ले गया जहां डाक्टर ने चैक कर उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि पीएनबी कालोनी निवासी सुमित अहिरवार कल दोपहर किसी काम से घर से बाहर गया था शाम लगभग 6 बजे घर वापिस आया तो देखा कि उसका सात माह का बेटा रो रहा था। उसने अपनी पत्नी विनीता अहिरवार को आवाज लगायी तो कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई इसके बाद सुमित ने ऊपर जाकर देखा कि उसकी पत्नी विनीता अहिरवार ऊपरी फ्लोर पर बने एक कमरे के दरवाजे में लगी वेंटीलेसन रॉड से चुनरी के फंदे पर लटकी हुई थी।

## जनसुनवाई में पहुंचे 165 आवेदन

**जबलपुर।** कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याओं और मांगों से संबंधित कुल 165 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें 35 ऐसे आवेदन भी शामिल रहे, जो पूर्व में प्रस्तुत किए जा चुके थे और आवेदक पुनः अपनी समस्या के निराकरण की अपेक्षा लेकर पहुंचे थे। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से जुड़े मामलों पर अधिकारियों ने सुनवाई कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।जनसुनवाई में अतिक्रमण, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, राजस्व रिकॉर्ड में सुधार, धान भुगतान, अवैध कब्जा, बीपीएल एवं राशन कार्ड, पंचायत निर्माण कार्यों की गुणवत्ता जांच, सर्पदंश सहायता राशि, अनुकंपा नियुक्ति, छात्रवृत्ति, स्कूल प्रवेश, संबल योजना के तहत अनुग्रह सहायता, प्रधानमंत्री आवास योजना, आर्थिक सहायता, भूमि डायवर्सन तथा आपसी विवादों से संबंधित आवेदन प्रमुख रूप से प्राप्त हुए।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-27/एम/73
दिनांक :- 16/06/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विकास जैन पिता श्री छोटे लाल जैन ने मकान नं. नया -513/ए/P-1 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान खुली भूमि 1100 व.फु. शपथपत्र / मृत्यू प्रमाणपत्र / वसीयतनामा के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-27/एम/74
दिनांक :- 16/06/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विकास जैन पिता श्री छोटे लाल जैन ने मकान नं. नया -513/ए/P-2 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान खुली भूमि 5500 व.फु. शपथपत्र / मृत्यू प्रमाणपत्र / वसीयतनामा के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-27/एम/75
दिनांक :- 16/06/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री संजय कुमार कनोजिया पिता श्री सुरेश कुमार कनोजिया ने मकान नं. 326 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान भूतल 546 व.फु., प्रथम तल 416 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर